आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

तरुण छत्तीसगढ़

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112

■ रायपुर,मंगलवार 5 मई 2026 ■ ज्येष्ट कृष्ण पक्ष-4 ■ वर्ष -42 ■ अंक-037 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 6 मई 2026 ■ मूल्य-2.00 रुपये

शुभेंदु या कोई और,दिल्ली में तय होगा सीएम का नाम

बंगाल में 9 मई को टैगोर जयंती पर शपथ ग्रहण

अमित शाह केंद्रीय पर्यवेक्षक व मोहन मांझी सह पर्यवेक्षक

नई दिल्ली,5 मई। पश्चिम बंगाल चुनाव में बड़ी जीत के बाद भारतीय जनता पार्टी के शपथ ग्रहण समारोह की तैयारियां पूरी हो गई हैं। पार्टी के प्रदेश प्रमुख शमिक भट्टाचार्य ने कहा है कि 9 मई यानी शनिवार को समारोह आयोजित किया जाएगा। हालांकि, अब तक यह साफ नहीं हो सका है कि भाजपा मुख्यमंत्री पद के लिए किस नेता के नाम पर मुहर लगाने जा रही है। फिलहाल, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को हराने वाले शुभेंदु अधिकारी का नाम रेस में सबसे आगे माना जा रहा है।भट्टाचार्य ने साफ किया है कि बंगाल के नए मुख्यमंत्री का शपथ ग्रहण समारोह 9 मई को होगा। खास बात है कि उस दिन रविंद्र नाथ टैगोर की जयंती भी है। कहा जा रहा है कि इसके चलते ही भाजपा ने 9 मई का दिन चुना है। हालांकि, इसे लेकर आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं कहा गया है। फिलहाल, यह भी साफ नहीं है कि शनिवार को कितने मंत्री शपथ लेंगे। खबरें हैं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार और बुधवार को नई दिल्ली में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन के साथ बैठक कर सकते हैं। कहा यह भी जा रहा है कि मंगलवार

या बुधवार को ही रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह बंगाल की राजधानी कोलकाता पहुंच सकते हैं और भाजपा के विधायकों के साथ मीटिंग कर सकते हैं। पार्टी की राष्ट्रीय संसदीय समिति मुख्यमंत्री और मंत्री पदों के लिए नामों पर मुहर लगाएगी। रिपोर्ट में भाजपा सूत्रों के हवाले से कहा जा रहा है कि बंगाल के सीएम का नाम पीएम मोदी, शाह, नवीन और भाजपा के बड़े नेताओं की बैठक में तय होगा। उस दौरान राज्य के नेताओं और केंद्रीय पर्यवेक्षकों की तरफ से आए इनपुट्स पर भी चर्चा की जाएगी। रिपोर्ट के अनुसार, सूत्रों ने बताया है कि भट्टाचार्य और अधिकारी को अगले कुछ ही दिनों में दिल्ली तलब किया जा सकता है। वहीं, उनकी बैठक कब और किसके साथ होनी है, यह अब तक साफ नहीं हो सका है। भाजपा ने अब तक नहीं बताया है कि किन नामों पर विचार किया जा रहा है। हालांकि, रेस में भवानीपुर और नंदीग्राम से जीतने वाले शुभेंदु अधिकारी हो सकते हैं। वह, 2021 में जीतने के बाद विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष हैं और 2026 में दूसरी बार ममता बनर्जी को हराया है। वहीं, लिस्ट में भट्टाचार्य, दिलीप घोष, उत्पल महाराज का नाम भी हो सकता है।

यूएई पर ईरान का मिसाइल हमला

आबूधाबी,5 मई। खाड़ी क्षेत्र में तनाव एक बार फिर चरम पर पहुँच गया है। सोमवार को संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) पर ईरान की ओर से बड़ा मिसाइल और ड्रोन हमला किया गया। यह हमला 8 अप्रैल को हुए नाजुक युद्धविराम के बाद पहली बार हुआ है, जिसने क्षेत्र में 'अघोषित युद्ध' की आहट दे दी है। खाड़ी क्षेत्र में तनाव एक बार फिर चरम पर पहुँच गया है। सोमवार को संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) पर ईरान की ओर से बड़ा मिसाइल और ड्रोन हमला किया गया। यह हमला 8 अप्रैल को हुए नाजुक युद्धविराम के बाद पहली बार हुआ है, जिसने क्षेत्र में 'अघोषित युद्ध' की आहट दे दी है। सुरक्षा और एहतियात के मद्देनजर यूएई सरकार ने स्कूलों और विश्वविद्यालयों को अस्थायी रूप से ऑनलाइन मोड पर स्थानांतरित कर दिया है। यूएई के विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा, "ये हमले एक खतरनाक बढ़ोतरी और एक अस्वीकार्य उल्लंघन हैं, जो देश की सुरक्षा, स्थिरता और उसके इलाकों की हिफाजत के लिए सीधा खतरा पैदा करते हैं।

भारत पूरी एकजुटता से आपके साथ है : मोदी

नई दिल्ली,5 मई। भारत ने मंगलवार को संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में एक तेल उद्योग परिसर पर ईरानी हमलों की निंदा की, जिसमें तीन भारतीय घायल हो गए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नागरिकों और बुनियादी ढांचे को निशाना बनाने को अस्वीकार्य बताया। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के फुजैराह पेट्रोलियम इंडस्ट्रीज जोन को ड्रोन और मिसाइलों से निशाना बनाया गया। मोदी ने सोशल मीडिया पर कहा यूएई पर हुए हमलों की मैं कड़ी निंदा करता हूं, जिनमें तीन भारतीय नागरिक घायल हुए हैं। नागरिकों और बुनियादी ढांचे को निशाना बनाना अस्वीकार्य है। उन्होंने आगे कहा कि भारत यूएई के साथ पूरी तरह एकजुट है और संवाद और कूटनीति के माध्यम से सभी मुद्दों के शांतिपूर्ण समाधान के लिए अपना समर्थन दोहराता है।

मोदी ने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य से सुरक्षित और निर्बाध आवागमन सुनिश्चित करना क्षेत्रीय शांति, स्थिरता और वैश्विक ऊर्जा सुरक्षा के लिए अत्यंत आवश्यक है। इससे पहले, विदेश मंत्रालय के एक बयान में भी फुजैराह पर हुए हमले को अस्वीकार्य बताया गया था। बयान में कहा गया, हम इन शत्रुताओं को तत्काल समाप्त करने और नागरिक बुनियादी ढांचे और निर्दोष नागरिकों को निशाना बनाने को रोकने का आह्वान करते हैं। मंत्रालय ने पश्चिम एशिया में शांति और स्थिरता बहाल करने और स्थिति से निपटने के लिए संवाद और कूटनीति के प्रति भारत के समर्थन को दोहराया। इसने अंतरराष्ट्रीय कानून के अनुरूप होर्मुज जलडमरूमध्य से निर्बाध नौवहन और व्यापार का आह्वान किया और कहा कि भारत समस्याओं के शांतिपूर्ण समाधान के सभी प्रयासों का समर्थन करने के लिए तत्पर है। प्रधानमंत्री के सोशल मीडिया पोस्ट और विदेश मंत्रालय के बयान दोनों में ईरान का सीधा जिक्र नहीं किया गया। संयुक्त अरब अमीरात ने ईरान पर सोमवार को मिसाइलों और ड्रोन हमलों का आरोप लगाया है, जिसमें पूर्वी अमीरात फुजैराह में तेल उद्योग परिसर पर हमला भी शामिल है। फुजैराह पेट्रोलियम इंडस्ट्रीज जोन में लगी भीषण आग में तीन भारतीय मामूली रूप से घायल हो गए और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया।

बिलासपुर में जनगणना दल पर फिर हमला

बिलासपुर,5 मई ■ तरुण छत्तीसगढ़

जिले में कानून व्यवस्था को चुनौती देने वाली घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। बिल्हा क्षेत्र की घटना के बाद अब तखतपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम देवरीकला में जनगणना कार्य के दौरान सरकारी कर्मचारियों पर हमला होने का मामला सामने आया है। इस घटना ने प्रशासन की कार्यप्रणाली और मैदानी अमले की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर प्रश्नचिह्न लगा दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, जनगणना कार्य के तहत "गुरुजी" (शिक्षक) के साथ कोटवार नकुल दास गांव में सर्वे के लिए पहुंचे थे। इसी दौरान सरपंच पति शत्रुघन सूर्यवंशी अपने बेटे और भतीजे के साथ मौके पर पहुंचा और विवाद करते हुए कोटवार के साथ जमकर मारपीट की। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, आरोपियों ने कोटवार को बेरहमी से पीटा, जिससे वह घायल हो गया और मौके पर अफरा-तफरी मच गई। घटना के बाद पीड़ित कोटवार नकुल दास ने तत्काल सकरी थाना पहुंचकर पूरे मामले की शिकायत दर्ज कराई और आरोपियों के खिलाफ FIR दर्ज करने की मांग की है। बावजूद इसके, खबर लिखे जाने तक आरोपियों पर सख्त कार्रवाई नहीं होने से ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है।

यह घटना केवल एक व्यक्ति पर हमला नहीं, बल्कि सरकारी कार्य में सीधा हस्तक्षेप और शासन-प्रशासन के अधिकारों को चुनौती देने जैसा है। जनगणना जैसे महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य में लगे कर्मचारियों के साथ यदि इस प्रकार की घटनाएं होती रहीं, तो यह कार्य बाधित होना तय है। इससे न केवल शासन की योजनाओं पर असर पड़ेगा, बल्कि मैदानी कर्मचारियों का मनोबल भी टूटेगा।

स्थानीय नागरिकों और जनप्रतिनिधियों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि आरोपियों के खिलाफ तत्काल कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में कोई भी व्यक्ति सरकारी कार्य में बाधा डालने का दुस्साहस न कर सके। साथ ही, जनगणना कार्य में लगे कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए ठोस कदम उठाने की भी मांग की गई है।

चीन में भीषण विस्फोट,21 की मौत

बीजिंग,5 मई। मध्य चीन के हुनान प्रांत में मंगलवार को एक बड़ा हादसा हो गया, जहां एक पटाखा फैक्ट्री में हुए शक्तिशाली विस्फोट ने 21 लोगों की जान ले ली। इस घटना में लगभग 60 अन्य लोग घायल हुए हैं, जिसके बाद प्रशासन ने युद्ध स्तर पर बचाव अभियान शुरू कर दिया है। मध्य चीन के हुनान प्रांत में मंगलवार को एक बड़ा हादसा हो गया, जहां एक पटाखा फैक्ट्री में हुए शक्तिशाली विस्फोट ने 21 लोगों की जान ले ली। इस घटना में लगभग 60 अन्य लोग घायल हुए हैं, जिसके बाद प्रशासन ने युद्ध स्तर पर बचाव अभियान शुरू कर दिया है। विस्फोट लियुयांग शहर स्थित 'हुआशेंग फायरवर्क्स मैन्युफैक्चरिंग एंड डिस्प्ले कंपनी' की एक वर्कशॉप में हुआ। लियुयांग को दुनिया भर में पटाखों के उत्पादन के एक प्रमुख केंद्र के रूप में जाना जाता है।

घटनास्थल पर लगभग 500 बचाव कर्मियों को तैनात किया गया और खतरे वाले इलाकों से लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया। अधिकारी फैक्ट्री के 3 किलोमीटर के दायरे में रहने वाले लोगों को भी वहां से हटा रहे थे, क्योंकि वहां दो गोदामों में रखा काला बारूद अभी भी एक बड़ा खतरा बना हुआ है। शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, यह धमाका लियुयांग में 'हुआशेंग फायरवर्क्स मैन्युफैक्चरिंग एंड डिस्प्ले कंपनी' की एक वर्कशॉप में हुआ। लियुयांग पटाखों के उत्पादन का एक प्रमुख केंद्र है। चीनी सोशल मीडिया पर चल रहे वीडियो फुटेज में घटनास्थल से सफेद धुएं के घने बादल उठते हुए दिखाई दे रहे थे।

तेंदूपत्ता तोड़ने गए ग्रामीणों पर जंगली सूअर का हमला, 10 घायल

डोंगरगढ़ ,5 मई ■ तरुण छत्तीसगढ़

छत्तीसगढ़ की धार्मिक नगरी डोंगरगढ़ से सटे कोहलाकसा के जंगलों में आज उस समय चीख-पुकार मच गई, जब तेंदूपत्ता संग्रहण के लिए गई महिलाओं के एक समूह पर जंगली सूअर ने अचानक हमला कर दिया। इस हिंसक हमले में 5 महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गई हैं, जिनमें से एक की स्थिति अत्यंत चिंताजनक बनी हुई है।

झाड़ियों से अचानक निकला सूअर, संभलने का भी नहीं मिला मौका

जानकारी के अनुसार, चिचोला, मुंगलानी और नारायणगढ़ गांव की लगभग 10 महिलाएं सुबह एलबी नगर क्षेत्र के कोलहाकसा जंगल में तेंदूपत्ता तोड़ने पहुंची थीं। महिलाएं अपने काम में जुटी ही थीं कि तभी झाड़ियों में छिपे एक आक्रामक जंगली सूअर ने उन पर धावा बोल दिया। सूअर का हमला इतना घातक था कि महिलाएं अपनी जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगीं, लेकिन पांच महिलाएं उसकी चपेट में आ गईं।

फूलबाई की हालत बेहद नाजुक

घायलों में कोलहाकसा निवासी फूलबाई साहू की हालत सबसे गंभीर बताई जा रही है।

जंगली सूअर ने उनके सीने और हाथ पर गहरे जख्म दिए हैं। घटना के तुरंत बाद साथ गई अन्य महिलाओं के शोर मचाने पर सूअर वहां से भाग गया। ग्रामीणों की मदद से सभी घायलों को तत्काल अस्पताल ले जाया गया, जहाँ से प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें मेडिकल कॉलेज राजनांदगांव रेफर कर दिया गया है।

इलाके में दहशत, वन विभाग पर फूटा ग्रामीणों का गुस्सा

इस घटना के बाद से कोहलाकसा और आसपास के गांवों में भारी दहशत का माहौल है। वर्तमान में तेंदूपत्ता संग्रहण का सीजन चल रहा है, जिससे हजारों ग्रामीणों का जंगल जाना अनिवार्य है। ग्रामीणों ने वन विभाग के प्रति नाराजगी जाहिर करते हुए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम और जंगलों में गश्त बढ़ाने की मांग की है।

मुख्य बिंदु:

घायल महिलाएं: चिचोला, मुंगलानी और नारायणगढ़ की निवासी।

अस्पताल: मेडिकल कॉलेज राजनांदगांव में इलाज जारी।

ग्रामीणों की मांग: वन विभाग प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षा और गश्त बढ़ाए।

अभी तक वन विभाग की ओर से इस घटना पर कोई आधिकारिक पुष्टि या सहायता राशि की घोषणा नहीं की गई है, जिससे ग्रामीणों में रोष बना हुआ है।

महिला गार्ड की मौत पर बवाल

सरगुजा,5 मई। छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर जिले से बेहद विचलित करने वाला मामला सामने आया है, जहां अस्पताल में ड्यूटी के दौरान महिला गार्ड की मौत के बाद परिजनों ने इंसाफ की मांग को लेकर सड़क पर शव रखकर प्रदर्शन शुरू कर दिया है। जानकारी के मुताबिक, शहर के मणिपुर थाना क्षेत्र स्थित संकल्प हॉस्पिटल में बीते दो वर्षों से कार्यरत महिला गार्ड की ड्यूटी के दौरान मौत हो गई। बताया जा रहा है कि महिला जनरेटर में डीजल भर रही थी, इसी दौरान उसकी चुन्नी मशीन में फंस गई, जिससे यह हादसा हो गया। घटना के बाद आक्रोशित परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि अस्पताल प्रबंधन द्वारा उचित मुआवजा नहीं दिया जा रहा है। इसी के विरोध में परिजन संकल्प हॉस्पिटल के सामने सड़क पर महिला का शव रखकर प्रदर्शन कर रहे। परिजन 50 लाख रुपये मुआवजा देने की मांग कर रहे हैं। प्रदर्शन के चलते तनाव की स्थिति बन गई, जिसके बाद पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची है। परिजनों को समझाने का प्रयास किया जा रहा है। फिलहाल मामले में बातचीत जारी है और प्रशासन स्थिति को नियंत्रित करने में जुटा हुआ है।

ममता की हार का जश्न मना रहे कांग्रेसियों को राहुल गांधी ने फटकारा

नई दिल्ली,5 मई। बंगाल में भाजपा की भारी जीत के एक दिन बाद, कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने टीएमसी का मजाक उड़ाने और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की हार पर खुशी मनाने के लिए कांग्रेस और अन्य पार्टियों के नेताओं की कड़ी निंदा की। उन्होंने कहा कि विपक्ष की हार भाजपा के भारत के लोकतंत्र को नष्ट करने के अभियान में एक बड़ा कदम मात्र है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के कुछ लोग और अन्य लोग टीएमसी की हार पर खुशी मना रहे हैं। उन्हें यह स्पष्ट रूप से समझने की जरूरत है - असम और बंगाल के जनादेश की चोरी भाजपा द्वारा भारतीय लोकतंत्र को नष्ट करने के अभियान में एक बड़ा कदम है। छोटी राजनीति को एक तरफ रख दें। यह किसी एक पार्टी या दूसरी पार्टी के बारे में नहीं है। यह भारत के बारे में है।

खेत में काम कर रहे ग्रामीण पर तेंदुए का हमला

गरियाबंद / छुरा,5 मई। पाण्डुका वन परिक्षेत्र के तिलईदादर बीट अंतर्गत ग्राम गिधनी में मंगलवार सुबह एक खतरनाक घटना ने पूरे इलाके में भय का माहौल पैदा कर दिया। खेत में काम करने गए एक ग्रामीण पर अचानक तेंदुए ने हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल होने के बावजूद ग्रामीण ने साहस और सूझबूझ का परिचय देते हुए अपनी जान बचा ली।प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम गिधनी निवासी तुलसी राम ठाकुर प्रतिदिन की तरह सुबह लगभग 7 बजे अपने खेत में काम करने गए थे। खेत के समीप घना जंगल और पहाड़ी इलाका होने के कारण वहां जंगली जानवरों की आवाजाही आम बात है। इसी दौरान अचानक झाड़ियों के बीच से एक तेंदुआ निकलकर उन पर टूट पड़ा।तेंदुए के इस अचानक हमले से तुलसी राम ठाकुर संभल भी नहीं पाए और जमीन पर गिर पड़े। हमले में उनके सिर और हाथ में गंभीर चोटें आईं। जानलेवा स्थिति के बीच उन्होंने हिम्मत नहीं हारी और किसी तरह खुद को छुड़ाकर शोर मचाया, जिससे तेंदुआ जंगल की ओर भाग गया।घायल अवस्था में उन्होंने परिजनों को सूचना दी, जिसके बाद परिजन तत्काल मौके पर पहुंचे और उन्हें छुरा उपस्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां उनका उपचार जारी है। चिकित्सकों के अनुसार घायल की स्थिति फिलहाल स्थिर बताई जा रही है। घटना के बाद ग्राम गिधनी सहित आसपास के गांवों में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि पिछले कुछ समय से क्षेत्र में जंगली जानवरों, विशेषकर तेंदुए की गतिविधियां लगातार बढ़ रही हैं। बावजूद इसके वन विभाग द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं।ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि कई बार सूचना देने के बाद भी वन विभाग की टीम मौके पर नहीं पहुंचती, जिससे आमजन की सुरक्षा खतरे में पड़ रही है।

झाड़ू -पोछा करने वाली कलिता माझी बनीं विधायक

कोलकाता,5 मई। गुसकारा क्षेत्र की रहने वालीं कलिता माझी चुनाव में उतरने से पहले 4 घरों में घरेलू काम करती थीं और उनकी आय 2500 रुपये प्रतिमाह थी। कहा जा रहा है कि स्थानीय स्तर पर उनका जुड़ाव बड़ी वजह रहा कि भाजपा ने उन्हें 2021 की हार के बाद भी फिर टिकट दिया। भारतीय जनता पार्टी ने पश्चिम बंगाल में 206 सीटों पर जीत हासिल की है, जो बहुमत के आंकड़े से काफी ज्यादा है। इनमें एक सीट ऐसी भी है, जिसने घरों में सफाई करने वालीं 37 साल की कलिता माझी को विधानसभा तक पहुंचा दिया है। खास बात है कि भाजपा से टिकट मिलने के बाद भी वह लगातार घरों में काम कर रहीं थीं। इससे पहले वह 2021 में चुनाव हार चुकी हैं। कलिता माझी ने बंगाल की औसग्राम सीट से चुनाव लड़ा था। यहां उन्होंने तृणमल कांग्रेस प्रत्याशी श्याम प्रसन्न लोहार को 12 हजार से ज्यादा वोटों से हराया। माझी को कुल 1 लाख 7 हजार 692 वोट मिले थे। सीट पर तीसरे स्थान पर लेफ्ट नेता चंचल कुमार माझी रहे और महज 2 हजार 82 मतों के साथ चौथे स्थान पर तापस बराल रहे।गुसकारा क्षेत्र की रहने वालीं कलिता चुनाव में उतरने से पहले 4 घरों में घरेलू काम करती थीं और उनकी आय 2500 रुपये प्रतिमाह थी। कहा जा रहा है कि स्थानीय स्तर पर उनका जुड़ाव बड़ी वजह रहा कि भाजपा ने उन्हें 2021 की हार के बाद भी फिर टिकट दिया।

जनता ने वंशवादी राजनीति को नकारा

तीन पूर्व सीएम के बेटों की करारी हार

नई दिल्ली,5 मई। असम में बीजेपी ने जीत की हैट्रिक लगाई है। बीजेपी नेतृत्व वाली एनडीए ने 102 सीटों पर जीत हासिल की। जबकि कांग्रेस सिर्फ 19 सीट पर सिमट गई है। असम में ऐसा देश में पहली बार हुआ कि भाजपा सरकार का कोई भी मंत्री चुनाव नहीं हारा। असम में लगातार तीसरी बार सत्ता से महरूम रहने वाली कांग्रेस को बड़ा झटका लगा है। असम के तीन पूर्व सीएम के बेटों को भी करारी हार का सामना करना पड़ा। इनमें से एक तो वर्तमान में कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष और सांसद भी हैं। असम के तीन पूर्व मुख्यमंत्रियों के बेटों की हार के साथ ही कांग्रेस ने नया रिकॉर्ड भी बना डाला है।

असम के पूर्व मुख्यमंत्री तरुण गोगोई लंबे समय तक मुख्यमंत्री रहे। उन्होंने 15 साल तक कांग्रेस की सरकार चलाई। पूर्व सीएम तरुण गोगोई के बेटे गौरव गोगोई को असम चुनाव में हार का सामना करना पड़ा। गौरव असम कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष हैं और जोरहाट से तीन बार के सांसद हैं। असम विधानसभा चुनाव में गौरव गोगोई जोरहाट सीट से लड़े। हालांकि उन्हें बीजेपी के हाथों करारी शिकस्त का सामना करना पड़ा। भाजपा कैंडिडेट हितेंद्र नाथ गोस्वामी ने गौरव गोगोई को 23,182 वोटों से मात दी।

वहीं पूर्व सीएम हितेश्वर सैकिया दो बार असम के मुख्यमंत्री रह चुके हैं। हितेश्वर सैकिया के बेटे देबब्रत सैकिया को भी असम विधानसभा चुनाव में हार का सामना करना पड़ा है। अपने पिता के परंपरागत सीट नजीरा विधानसभा सीट से खड़े देबब्रत सैकिया को बीजेपी प्रत्याशी मयूर बोरगोहाईं ने 46,000 से ज्यादा वोटों से करारी शिकस्त दी। देबब्रत खुद 2011 से लगातार इसी सीट से जीतते आ रहे थे। 2016 से विधानसभा में विपक्ष के नेता भी रह चुके हैं। असम के कार्यवाहक मुख्यमंत्री रह चुके दिवंगत भूमिधर बर्मन के बेटे दिगंता बर्मन को भी असम चुनाव में हार का मुंह देखना पड़ा है। हितेश्वर सैकिया पद पर रहते हुए गुजर गए थे। तब भूमिधर बर्मन ने थोड़े समय के लिए मुख्यमंत्री का काम संभाला था। दिगंता बारखेत्री सीट से लड़े लेकिन भाजपा के नारायण डेका से 84,000 से ज्यादा वोटों से करारी शिकस्त देकर कांग्रेस के गहरी चोट दी।

सीएम हिमंता बिस्वा सरमा बोले- जनता ने वंशवादी राजनीति को नकारा

असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने इन तीनों की हार पर कहा कि किसी की हार में खुश होना ठीक नहीं, खासकर जब वो हितेश्वर सैकिया के बेटे हों। उन्होंने साफ कहा कि जनता ने 'खानदानी राजनीति' यानी सिर्फ बाप-दादा के नाम पर चुनाव लड़ने की सोच को नकार दिया है। उन्होंने कहा कि इन लोगों ने तीन-चार बार चुनाव जीते, उनके पास अपनी अलग पहचान बनाने का पूरा मौका था, लेकिन वो ऐसा नहीं कर पाए। यहां एक दिलचस्प बात यह है कि हिमंत सरमा खुद लगभग 20 साल तक कांग्रेस में रहे और उन्हें पार्टी में लाने वाले हितेश्वर सैकिया ही थे. 2014 में वो भाजपा में आ गए।

बंद घर से 50 लाख के जेवर-नकदी पार

भिलाई,5 मई। सुपेला थाना क्षेत्र के नेहरू नगर पश्चिम स्थित एक पॉश कॉलोनी में चोरों ने बंद मकान को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये के जेवरात और नकदी पर हाथ साफ कर दिया। यह सनसनीखेज वारदात सोमवार दोपहर करीब 12:30 बजे से देर रात 2:00 बजे के बीच की बताई जा रही है, जिससे पूरे इलाके में दहशत का माहौल है भिलाई नगर सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी ने बताया कि मकान मालिक विनय कुमार अग्रवाल अपने परिवार के साथ अम्रपाली सोसायटी में एक पारिवारिक विवाह समारोह में शामिल होने गए हुए थे। वे नेहरू नगर पश्चिम में किराए के मकान में रहते हैं। देर रात करीब 2 बजे जब परिवार वापस लौटा, तो घर का मुख्य दरवाजा खुला मिला। अंदर प्रवेश करने पर अलमारी टूटी हुई थी और पूरा सामान बिखरा पड़ा था, जिससे चोरी की घटना का पता चला।प्राथमिक जांच में सामने आया है कि अलमारी में करीब डेढ़ लाख रुपये नकद और 45 से 50 लाख रुपये तक के सोने-चांदी के जेवरात रखे हुए थे। हालांकि, परिजनों का दावा है कि चोरी गई संपत्ति की वास्तविक कीमत इससे भी अधिक हो सकती है।

एक माह के नवजात का मुख्यमंत्री साय ने किया नामकरण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

कवर्धा,5 मई। सुशासन तिहार के अंतर्गत मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय का कबीरधाम जिले के विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा बाहुल्य ग्राम कमरखोल (ग्राम पंचायत लोखान) में आगमन एक आत्मीय और भावनात्मक प्रसंग का साक्षी बना। आम के पेड़ की छांव में खाट पर बैठकर जब मुख्यमंत्री ने ग्रामीणों के साथ चौपाल लगाई, तो वहां का वातावरण पूरी तरह से अपनत्व और विश्वास से भर गया। शासन और जनता के बीच की दूरी इस सहज संवाद में पूरी तरह समाप्त होती नजर आई। ग्राम की निवासी श्रीमती ऋषि बघेल अपने एक माह के नवजात शिशु को गोद में लेकर मुख्यमंत्री के पास पहुंचीं और अत्यंत विनम्रता से अपने पुत्र का नामकरण करने का आग्रह किया। यह एक साधारण निवेदन था, लेकिन उसमें ग्रामीण जीवन की सादगी, विश्वास और आत्मीय जुड़ाव की गहराई साफ झलक रही थी। मुख्यमंत्री ने भी पूरे स्नेह और संवेदनशीलता के साथ इस आग्रह को स्वीकार किया और बच्चे के जन्म दिवस के

बारे में जानकारी ली। जब श्रीमती बघेल ने बताया कि बालक का जन्म रविवार के दिन हुआ है, तो मुख्यमंत्री ने मुस्कुराते हुए उस नवजात का नाम ÷रविशंकर÷ रखा। नामकरण के इस क्षण ने वहां उपस्थित सभी ग्रामीणों के चेहरे पर खुशी की चमक बिखेर दी। जैसे ही यह नाम घोषित हुआ, पूरा चौपाल स्थल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा और एक उत्सव जैसा माहौल बन गया। इस दौरान पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा उपस्थित रही।

यह दृश्य जनप्रतिनिधि और आमजन के बीच गहरे विश्वास का प्रतीक भी बन गया।

इस आत्मीय क्षण ने सुशासन तिहार की मूल भावना को और अधिक सशक्त रूप से प्रस्तुत किया, जहां शासन केवल योजनाओं के क्रियान्वयन तक सीमित नहीं, बल्कि लोगों के जीवन के सुख-दुख में सहभागी बनकर उनके साथ खड़ा होता है।

मुख्यमंत्री श्री साय का यह सहज और मानवीय व्यवहार यह दर्शाता है कि सुशासन का वास्तविक अर्थ लोगों के जीवन से जुड़कर उनकी भावनाओं को समझना और उन्हें सम्मान देना है।

एक नजर

जामुल पालिका में नारी शक्ति वंदन अधिनियम पारित नहीं होने पर निंदा प्रस्ताव पारित

जामुल,5 अप्रैल (तछसं.)। नगर पालिका परिषद जामुल की विशेष सभा बैठक 4 मई को नगर पालिका कार्यालय के सभागार में आयोजित की गई। बैठक में नारी शक्ति वंदन अधिनियम से जुड़े प्रस्तावित संशोधनों के लोकसभा में पारित नहीं हो पाने को लेकर निंदा प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया, जिसे बहुमत से पारित कर दिया गया। बैठक में पारित प्रस्ताव में इंडिया गठबंधन पर महिला विरोधी मानसिकता अपनाने का आरोप लगाते हुए कहा गया कि संसद एवं विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण दिलाने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम था, जिसे विपक्षी दलों द्वारा अवरुद्ध किया गया। प्रस्ताव में कहा गया कि भारतीय जनता पार्टी महिला सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है, जबकि विपक्ष ने राजनीतिक स्वार्थ को राष्ट्रहित से ऊपर रखा है। बैठक में कुल 15 सदस्यों ने भाग लिया। इनमें से 11 सदस्यों ने प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया, जबकि 4 सदस्यों ने विरोध में मत दिया। बहुमत मिलने के बाद निंदा प्रस्ताव पारित घोषित किया गया।

अवैध रूप से शराब बेचता युवक गिरफ्तार

भिलाई,5 अप्रैल (तछसं.)। पुरानी भिलाई टीआई अंबर सिंह भारद्वाज बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि पुरैना चौक के पास एक व्यक्ति सफेद रंग की बोरी में अवैध रूप से शराब रखकर बिक्री कर रहा है। सूचना पर पुलिस टीम द्वारा तत्काल मौके पर पहुंच कर घेराबंदी कर संदेही को पकड़ा गया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम प्रकाश पारधी बताया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 33 नग अंग्रेजी गोवा स्पेशल व्हिस्की (प्रत्येक 180 एमएल) बरामद हुआ। प्रकरण में आरोपी के विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

सट्टा खेलाने वाला गिरफ्तार

भिलाई,5 अप्रैल (तछसं.)। नंदिनी बताया कि मुखबीर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति ग्राम बानबरद स्थित शासकीय स्कूल के पास अवैध रूप से सट्टा संचालन कर रहा है सूचना पर तत्काल पुलिस टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर घेराबंदी कर संदेही को पकड़ा गया पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम हमीद अली (39 साल) निवासी ग्राम कोड़िया, थाना नंदिनी नगर जिला दुर्ग बताया। आरोपी के कब्जे से सट्टा पट्टी, डॉट पेन, मोबाइल, नगदी रकम एवं मोटर साइकिल जब्त किया गया

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में 4 माह प्रचार कर भाजपा प्रदेश मंत्री जितेन्द्र वर्मा ने जन-जन तक पहुंचाया पार्टी का संदेश

नमो-नितिन के नेतृत्व में पश्चिम बंगाल,असम और पुड्डुचेरी में खिला सुशासन का कमल:जितेन्द्र वर्मा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

उतई,5 मई । छत्तीसगढ़ भाजपा के प्रदेश मंत्री जितेंद्र वर्मा ने राष्ट्रीय नेतृत्व के मार्गदर्शन और प्रदेश भाजपा नेतृत्व के आव्हान पर जनवरी 2026 से मई 2026 तक दुर्गापुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में निरंतर प्रवास कर भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में न केवल सशक्त प्रचार-प्रसार किया बल्कि चुनाव संचालन के विभिन्न पहलुओं पर बारीकी से नजर रखकर स्थानीय कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर बूथ मैनेजमेंट को मजबूत किया, इस दौरान छत्तीसगढ़ के प्रदेश महामंत्री (संगठन) पवन साय के सानिध्य में उन्होने काम किया। जितेन्द्र वर्मा ने न केवल इस क्षेत्र में, बल्कि आसपास के

कई विधानसभा क्षेत्रों में भी जनसंपर्क कर पार्टी की विचारधारा और उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाया है, उनकी मेहनत, संगठन कौशल और समर्पण ने इस जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, जो कार्यकर्ता आधारित राजनीति की सशक्त मिसाल है। पश्चिम बंगाल सहित तीन राज्यों में भाजपा की जीत पर भाजपा प्रदेश मंत्री जितेन्द्र वर्मा ने कहा कि पश्चिम बंगाल, असम और पुड्डुचेरी में भाजपा की उल्लेखनीय विजय यह सिद्ध करती है कि ÷सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास का संकल्प आज देश के हर कोने में जन-जन की आकांक्षाओं से जुड़ चुका है। यह परिणाम केवल एक राजनीतिक जीत नहीं, बल्कि विकास, स्थिरता और पारदर्शिता के पक्ष में जनता का स्पष्ट जनादेश है। भारतीय जनता पार्टी की जनहितकारी नीतियों, सुशासन और राष्ट्रहित के प्रति समर्पित दृष्टिकोण पर देश की जनता ने एक बार फिर अपना अटूट विश्वास जताया है। वर्मा ने कहा कि यह जीत हर उस कार्यकर्ता के परिश्रम को समर्पित है, जिसने दिन-रात मेहनत कर पार्टी के संदेश को जनता तक पहुंचाया। इस अवसर पर समस्त देशवासियों को उन्होंने बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि भाजपा इसी प्रकार राष्ट्र सेवा के पथ पर आगे बढ़ते हुए विकसित भारत के संकल्प को साकार करेगी।

पांडातराई मंडल में धूमधाम से बंगाल विजय उत्सव मनाया गया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

कवर्धा, 5 मई। उत्कृष्ट विधायक भावना बोहरा एवं नगर पंचायत अध्यक्ष सरिता सोनी , उपाध्यक्ष मनोज ठाकुर, मंडल अध्यक्ष प्रदीप पूरी गोस्वामी एवं सभी पार्षद गण एवं पूर्व न प अध्यक्ष दिनेश गुप्ता जी के साथ ज्येष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में बंगाल विजय का उत्सव फाटकों की गूंज में पांडातराई मंडल में मनाया गया। पांडातराई मंडल अध्यक्ष प्रदीप पूरी गोस्वामी ने कहा की नए युग की शुरुवात हुई है और भय , भ्रष्टाचार का अंत हुआ है । अध्यक्ष सरिता सोनी दीदी ने कहा की टी एम सी का सफाया जरूरी था आजादी के बाद पहली बार बंगाल की धरती पर भगवा लहराया है प्रतीत होता है कि भारत में भाजपा हिंदुत्व के भरोसे के साथ जनता का समर्थन पा रही है बंगाल में भाजपा का विजय से विकास का गर्भधारण हुआ है। । बंगाल में नारी की सुरक्षा सुनिश्चित केवल भाजपा की सरकार दे सकती है और कहा ! आंखों में काबा सीने में मदीना रखने वाली टीएमसी को सोचना चाहिए था कि बंगाल की जनता इतनी भूखी नहीं है कि आपके परोसे धोखे को भी खा ले। ये परिवर्तन जरूरी था जो जनता ने भाजपा का विजय तिलक किया है मैं पूरी भारतीय जनता पार्टी की तरफ से बंगाल की जनता को बहुत बहुत आभार एवं सभी कार्यकर्ताओं को शुभकामनाएं देती हु। वही उपाध्यक्ष मनोज ठाकुर जी ने भी अपने वक्तव्य में कहा कि यह विजय हमारे कार्यकर्ताओं की ईमानदारी एवं भाजपा की सटीक नीतियों का परिणाम है।

कलेक्टर ने किया जुनवानी शिविर का निरीक्षण

भिलाई, 5 मई। नगर निगम के जोन-1 नेहरू नगर क्षेत्र अंतर्गत आयोजित सुशासन तिहार के तहत जुनवानी में लगाए गए शिविर का कलेक्टर ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं, प्राप्त आवेदनों तथा उनके निराकरण की स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि नागरिकों से प्राप्त आवेदनों का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जाए, ताकि शासन की योजनाओं का लाभ आमजन तक प्रभावी रूप से पहुंच सके। कलेक्टर ने शिविर में पहुंचे नागरिकों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। नगर निगम द्वारा आयोजित यह शिविर नागरिकों की समस्याओं एवं मांगों के समाधान के उद्देश्य से लगाया गया है।

दीपशिखा विद्यालय का 5वीं-8वीं बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

उतई, 5 मई। दीपशिखा विद्यालय डुमरडीह, उतई का पांचवी एवं आठवीं बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन रहा । इंग्लिश मीडियम कक्षा पांचवी से चैतन्य साहू 97.5त्न लेकर कक्षा में अव्वल रहे। जागृति वर्मा ,रिदिमा ठाकुर 96त्न द्वितीय, खिलेश कुमार यादव, पूर्वी बेन टॉक 95त्न तृतीय, उर्वशी साहू, चाहत साहू 93त्न चतुर्थ, पूर्वी साहू, तुषार साहू, वेदिका मांडवी 92त्न पंचम, नंदिता साहू, श्रद्धा साहू 91.5त्न छटवां सोनम साहू 89त्न सातवां, लव कुमार साहू 88त्न आठवां , रुद्र कुमार साहू 86.5त्न नौवाँ सोम साहू 85.5त्न दसवां स्थान अर्जित किये वहीं इंग्लिश मीडियम क्लास आठवीं में मिताक्षरा 97.67 प्रथम, कल्पना साहू 97.5त्न द्वितीय,रिद्धि मानकर

96.5त्न तृतीय, ईशा मंडावी, जीविका यादव 96त्न चतुर्थ, तेजल देवांगन 95.1त्न पंचम, साक्षी, साक्षी साहू 87.3त्न छटवां, हुनर मोरे 87त्न सातवां , मयंक गेंडरे 86.6त्न वेदिका राठौर, हिमानी भारती 86.5त्न नौवां तथा तान्या ठाकुर 86.1त्न दसवां स्थान पर रहे । हिंदी माध्यम कक्षा पांचवी बोर्ड परीक्षा में आदित्य चंद्राकर 96त्न प्रथम आकांक्षा धृतलहरे 95.5त्न द्वितीय नीरज कुमार ठाकुर , वैशाली पारकर 94.5त्न तृतीय दामिनी यादव 94त्न चतुर्थ देविका देवांगन ,नेहल चंद्राकर ,शिवानी साहू, तोशिका साहू 93.5त्न पंचम कनिका, कुमकुम तिवारी विदिता वर्मा 92.5त्न छठवां लाकेश्वरी साहू, वीर यदु 92त्न सातवां आयुष हलधर सेविका 91.5त्न आठवां निखिल 90.5त्न नौवां आदित्य बंजारे, दीप्ति बंजारे, धात्री महार 90त्न दसवां स्थान अर्जित किये। वहीं हिंदी माध्यम कक्षा आठवीं से चेष्ठा साहू ,छनक साहू ,प्रेसी देवांगन 94.8त्नअंक लेकर प्रथम तथा तानिया चंद्राकर 94.1त्न द्वितीय नव्या साहू 93.5त्न तृतीय यशस्वी देवांगन 93.3त्न चतुर्थ लतिका देवांगन, मानसी देवांगन 92त्न पंचम दिव्यांश साहू, योगेश कुमार 91.5त्न छठवां मेहताब कुमार 89त्न सातवां सृष्टि वर्मा 85त्न आठवां सोनाली देवांगन 84.8त्न नौवां आर्यन पटेल 83.3त्न दसवां स्थान अर्जित किया ।

विधायक देवेंद्र यादव ने वार्ड-48 में विकास कार्यों का किया भूमिपूजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भिलाई, 5 मई। वार्ड-48 में विकास कार्यों को गति देते हुए विधायक देवेंद्र यादव ने विभिन्न निर्माण एवं सौंदर्यीकरण कार्यों का विधिवत भूमि पूजन किया। मंत्रोच्चार के साथ आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक एवं कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे। विधायक यादव ने बताया कि पंप हाउस क्षेत्र में चेन लाइटिंग की व्यवस्था की जाएगी, जिससे क्षेत्र की सुंदरता बढ़ने के साथ सुरक्षा व्यवस्था भी मजबूत होगी। इसके अलावा वार्ड में अन्य आवश्यक

बुनियादी विकास कार्य भी जल्द शुरू किए जाएंगे। जनता की मांग पर मंदिर प्रांगण के सौंदर्यीकरण का भी निर्णय लिया गया है। इससे श्रद्धालुओं को बेहतर एवं सुविधाजनक वातावरण उपलब्ध हो सकेगा। इस अवसर पर वार्ड पार्षद शुभम झा, गुड्डू खान, डी. कामराजु, बादल डे, गुणानंद झा, मोहम्मद फिरोज गौस, अयूब मंसूरी, अयूब खान, प्रशांत सिंह, विक्रम सिंह चीमा, ओंकार लहरे, पवन कोसले, नवीन अग्रवाल, मैनुद्दीन खान, ज्ञानेश्वर शर्मा, एम. लोकनाथ राव सहित बड़ी संख्या में वरिष्ठ कांग्रेसजन, महिलाएं एवं आमजन उपस्थित रहे।

भाविका मिश्रा ने बढ़ाया भिलाई का मान, भाजपा शिक्षा प्रकोष्ठ ने किया सम्मानित

भिलाई, 5 मई। भारतीय जनता पार्टी जिला भिलाई के शिक्षा प्रकोष्ठ द्वारा कक्षा 10वीं में 97 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल करने वाली हेरिटेज पब्लिक स्कूल की छात्रा भाविका मिश्रा का उनके निवास पहुंचकर सम्मान किया गया। सम्मान समारोह में शिक्षा प्रकोष्ठ के रायपुर संभाग प्रभारी एवं प्रदेश कार्यसमिति सदस्य बृजमोहन उपाध्याय, पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कन्हैया सोनी, झुग्गी-झोपड़ी प्रकोष्ठ के प्रदेश संवाद प्रमुख शारदा गुप्ता तथा जिला संयोजक विनोद उपाध्याय विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस दौरान भाविका की माता रीना मिश्रा, नाना संकर्षण प्रसाद तिवारी एवं नानी कुष्मा तिवारी भी मौजूद रहे। वहीं, उनके पिता अजय मिश्रा, जो सीआरपीएफ में अनंतनाग में पदस्थ हैं, उनसे वीडियो कॉल के माध्यम से संवाद किया गया। बेटी की उपलब्धि पर उन्होंने भावुक होकर कहा कि उनकी बेटी ही उनका सबसे बड़ा सम्मान और गौरव है। शारदा गुप्ता ने भाविका के उज्ज्वल भविष्य की कामना की, जबकि विनोद उपाध्याय ने इसे पूरे जिले के लिए प्रेरणादायक उपलब्धि बताया।

पश्चिम बंगाल, असम और पुड्डुचेरी में भाजपा-एनडीए की जीत ऐतिहासिक: मनीष पाण्डेय

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भिलाई, 5 मई। भाजपा नेता एवं श्रीराम जन्मोत्सव समिति युवा विंग के अध्यक्ष मनीष पाण्डेय ने पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी में भाजपा व एनडीए गठबंधन की जीत को ऐतिहासिक बताते हुए इसे जनता के विश्वास, सुशासन और विकास की नीतियों की जीत बताया है।उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल की जनता ममता बनर्जी सरकार के कुशासन और घुसपैठ की समस्या से परेशान थी। जनता ने इस बार भाजपा के पक्ष में मतदान कर बदलाव का स्पष्ट संदेश दिया है। मनीष पाण्डेय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के

नेतृत्व में केंद्र सरकार ने पारदर्शी और जवाबदेह शासन की जो दिशा तय की है, जनता ने उसी पर भरोसा जताया है। महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान, युवाओं को रोजगार एवं अवसर, तथा समाज के हर वर्ग के विकास के लिए चलाई जा रही योजनाएं भाजपा की जीत का प्रमुख आधार बनी हैं। उन्होंने कहा कि केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की रणनीतिक सोच और भाजपा अध्यक्ष नितिन नबीन के संगठनात्मक नेतृत्व ने कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार किया। यही कारण है कि असम में लगातार तीसरी बार तथा पश्चिम बंगाल में भाजपा को ऐतिहासिक समर्थन मिला है। पाण्डेय ने पुडुचेरी में एनडीए गठबंधन की सफलता को जनता की स्थिर और विकासोन्मुख सरकार की चाह बताया। उन्होंने कहा कि अब जनता केवल वादों पर नहीं, बल्कि ठोस काम और परिणामों पर विश्वास कर रही है। उन्होंने इस जीत के लिए सभी कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए मतदाताओं का आभार व्यक्त किया।

स्कूटी खड़े वाहन से टकराई,युवक घायल

भिलाई, 5 मई। भिलाई भट्ठी टीआई प्रकाश कांत ने बताया कि पावर हाउस सेक्टर की ओर निकलने वाले ओवर ब्रिज के पास खराब वाहन खड़ा था इस दौरान सेक्टर 5 निवासी युवक अपनी स्कूटी से तेज रफ्तार से आ रहा था अचानक खड़ी वाहन से टकरा गया हादसे में युवक गंभीर रुप से घायल हो गया है युवक अपने घर से सुबह 8 बजे से निकला था? परिजनों को हादसे की जानकारी शाम 7 बजे ह पाई। युवक को उपचार के लिए पुलिस ने अस्पताल भेजा है? जहां उपचार जारी है ।

समाचार संक्षेप

तीन राज्यों में भाजपा जीत पर घुघुवा क में जीत का जश्न मनाया गया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

उतई,5 मई । ग्राम घुघुवा(क) में भाजपा कार्यकर्ताओं ने जनपद पंचायत पाटन के सभापति प्रणव शर्मा के नेतृत्व में पश्चिम बंगाल, पुडुचेरी और असम में भाजपा की उल्लेखनीय बहुमत पर आतिशबाजी कर खुशियां मनाने सभी भाजपा कार्यकर्तागण एवं ग्रामवासी ग्राम घुघुवा(क) चौक पर संध्या लगभग 7 बजे एकत्रित होकर भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद के नारे लगाए और आतिशबाजी करते हुए जीत पर एक दूसरे को बधाईयां दिए, इस अवसर पर बूथ अध्यक्ष प्रशांत शर्मा, दुर्वीस साहू, धानेश्वर साहू, चूड़ामणि साहू, जितेन्द्र चंद्राकर, विद्यासागर निषाद, बबला, विनोद चंद्राकर, संतोष साहू, मकसूदन सेन, सोहन, नागेश साहू उपस्थित रहे।

तीन राज्यों में भाजपा की ऐतिहासिक जीत पर सांकरा में जश्न, कार्यकर्ताओं ने मिठाई बांटकर जताई खुशी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

उतई,5 मई । भारतीय जनता पार्टी की तीन राज्यों में ऐतिहासिक जीत पर अम्लेश्वर मंडल अंतर्गत ग्राम सांकरा में उत्साहपूर्ण माहौल के बीच जश्न मनाया गया। भाजयुमो मंडल अध्यक्ष एवं सरपंच रवि सिंगौर ने कार्यकर्ताओं के साथ नंदी चौक में झालमुड़ी और मिठाई खिलाकर खुशी साझा की। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि मनहरण सिंगौर, बूथ अध्यक्ष छोटू यादव, तिहार बघेल, संजय सिंगौर (पंच), तुलाराम सिंगौर (पंच), संतोष सिंगौर, कामता सिंगौर, कृष्णा साहू, लक्ष्मी सिंगौर, यशवंत जांगड़े, उग्रसेन सिंगौर, बिदेश्वर विश्वकर्मा, दानेश्वर सिंगौर, राधे बंधे, तुलसी यादव, संधु सिंगौर, साहिल सिंगौर, कृष्णा सिंगौर सहित अन्य पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

बैतुलमाल कमेटी ने जरूरतमंदों को बांटी सिलाई मशीन और हाथ ठेले

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भिलाई, 5 मई। बैतुलमाल वेलफेयर सोसाइटी ने सेक्टर-6 जामा मस्जिद सामुदायिक भवन में आयोजित सालाना जलसा एवं ईद मिलन समारोह में 15 जरूरतमंद महिलाओं को सिलाई मशीन और 10 लोगों को हाथ ठेले वितरित किए। मुख्य अतिथि डिप्टी कमांडेंट डॉ. इरफान उर रहीम खान ने रोजगार उन्मुखी शिविर और महिलाओं के लिए विशेष प्रशिक्षण पाठ्यक्रम शुरू करने की जरूरत बताई। पद्मश्री सबा अंजुम ने महिलाओं को मेहनत और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। अध्यक्ष हाजी हमीदुल्लाह सिद्दीकी ने बताया कि बैतुलमाल वर्तमान में 226 बच्चों की शिक्षा, गरीब परिवारों की सहायता, इलाज, राशन एवं जरूरतमंद बच्चियों के विवाह में सहयोग कर रही है।

सुरक्षा नाट्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भिलाई, 5 मई। बीएसपी द्वारा सुरक्षा नाट्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबंधक तीर्थंकर दस्तीदार रहे। शुभारंभ मुख्य महाप्रबंधक देबदत्त सतपथी के स्वागत उद्बोधन से हुआ। मुख्य अतिथि तीर्थंकर दस्तीदार ने अपने संबोधन में कहा कि सुरक्षा केवल एक प्रक्रिया नहीं, बल्कि साझा जिम्मेदारी है, जिसे कार्यस्थल के साथ दैनिक जीवन का भी हिस्सा बनाया जाना चाहिए। उन्होंने सेफ्टी इंजीनियरिंग विभाग के प्रयासों की सराहना की। रिफ्रेक्टरी इंजीनियरिंग विभाग द्वारा सुरक्षा की देवी और दुर्घटना का बादशाह तथा इप्टा द्वारा सतर्कता ही बचाव है नाट्य प्रस्तुति दी गई। प्रस्तुतियों के माध्यम से बताया गया कि असावधानी और असुरक्षित व्यवहार दुर्घटनाओं का कारण बनते हैं, जबकि सुरक्षा मानकों का पालन जोखिमों को कम करता है। महाप्रबंधक प्रभारी एस.के. अग्रवाल ने धन्यवाद ज्ञापन देते हुए सभी प्रतिभागियों, कलाकारों, शिक्षकों एवं आयोजकों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का सम्न्वयन सहायक महाप्रबंधक अजय टह्रु ने किया।

चारधाम यात्रा के दौरान घायल हुए पूनमचंद का निधन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भिलाई, 5 मई। चारधाम यात्रा पर गए सेवानिवृत्त अधिकारी

पूनमचंद गुप्ता का इलाज के दौरान दिल्ली में दुखद निधन हो गया। वे अपनी पत्नी एवं भिलाई कसौधन वैश्य समाज की पूर्व अध्यक्ष अनीता गुप्ता के साथ चारधाम यात्रा पर गए थे। जानकारी के अनुसार, यमुनोत्री धाम में घोड़े से चढ़ाई के दौरान दुर्घटना हो गई। घोड़े की काठी टूट जाने से उनका पैर लोहे के छल्ले में फंस गया, जिससे कमर के पास की हड्डी टूट गई। समाज के पूर्व अध्यक्ष शारदा गुप्ता ने उन्हें मिलनसार और समाजसेवा के लिए समर्पित व्यक्तित्व बताया।

एक नजर

साल्हेवारा के मेधावी छात्र मेहुल दास मानिकपुरी ने रचा सफलता का नया इतिहास

साल्हेवारा,5 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। ग्राम साल्हेवारा (जिला खैरागढ़-छुईखदान-गंडई) के होनहार छात्र मेहुल दास मानिकपुरी ने कक्षा 8वीं की परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए 600 में से 544 अंक (90.67त्न) अर्जित कर अपने विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। उनकी इस उपलब्धि ने न केवल परिवार बल्कि पूरे क्षेत्र का मान बढ़ाया है। मेहुल की इस सफलता से उनके पिता श्री राजू दास मानिकपुरी एवं माता श्रीमती महेश्वरी गर्वित हैं। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि का श्रेय उन्होंने अपने विद्यालय नवदीप पब्लिक इंग्लिश मीडियम स्कूल, खादी के डायरेक्टर श्री धनीराम डोंगरे, प्रधान पाठिका श्रीमती मधु मानिकपुरी, शिक्षक श्री कैलाश यादव तथा समस्त शिक्षकों के मार्गदर्शन को दिया है। मेहुल की इस सफलता से पूरे साल्हेवारा क्षेत्र में खुशी और उत्साह का माहौल है। सभी ने उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए आगे भी ऐसे ही उत्कृष्ट प्रदर्शन की कामना की हैं।

उपभोक्ता आयोग ने परिवादी को दिलाई नई मशीन

बलौदाबाजार,5 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। दुकानदार ?द्वारा खराब मशीन को वारंटी के अंतर्गत सुधार कर प्रदाय नहीं किये जाने के मामले में जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग बलौदाबाजार ने परिवादी को एजेंसी से नई मशीन दिलवाई। आयोग की अध्यक्ष रंजना दत्ता एवं सदस्यगण हरजीत सिंह चांवला व शारदा सोनी ने विकासखंड बलौदाबाजार अंतर्गत ग्राम पैजनी निवासी उपभोक्ता तिरिथ राम सोनवानी के प्रकरण एवं नियमों का गहनता से अध्ययन कर सम्बंधित मामले में विरोधी पक्षकार महालक्ष्मी ट्रेडर्स बलौदाबाजार को उपभोक्ता को मानसिक आर्थिक क्षतिपूर्ति तथा वाद-व्यय हेतु कुल 6000/-रूपये भुगतान का आदेश पारित किया गया तथा मशीन में सुधार कार्य मशीन निर्माता कंपनी वर्धा, नागपुर से परिवादी की संतुष्टी योग्य मरम्मत कराकर दिये जाने एवं संतुष्टी योग्य मरम्मत कराकर नहीं दिये जाने पर नया मशीन अथवा नया मशीन की वर्तमान कीमत दिये जाने का आदेश दिया गया। विरोधी पक्षकार महालक्ष्मी ट्रेडर्स बलौदाबाजार के संचालक परेश अग्रवाल ने आयोग के आदेश का त्वरित पालन करते हुये परिवादी को नया मशीन तथा मानसिक आर्थिक क्षतिपूर्ति तथा वाद-व्यय हेतु कुल 6000/-रुपये आयोग के माध्यम से प्रदाय किया।

अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से इलाके में सनसनी

सिमगा 5 मई। सिमगा तिल्दा रोड स्थित देसी मदिरा दुकान के पास अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से इलाके में सनसनी, पुलिस जांच में जुटी सिमगा क्षेत्र में उस समय हड़कंप मच गया जब स्थानीय लोगों ने एक अज्ञात व्यक्ति का शव देखा। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार, राहगीरों ने सुबह के समय सड़क किनारे शव पड़ा देखा, जिसके बाद तुरंत पुलिस को सूचित किया गया। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने आसपास के लोगों से पूछताछ की, लेकिन मृतक की पहचान अभी तक नहीं हो सकी है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है ताकि मौत के कारणों का पता लगाया जा सके। पुलिस हर पहलू से मामले की जांच कर रही है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मृतक के पास से एक दो पाहिया वाहन भी मिली हैं जिसका नंबर सी जी 04 एम एन 8106 है इस नंबर के अनुसार कबीर नगर रायपुर का पता दिखा रहा हैं।

बंगाल में प्रचंड जनादेश: डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के विचारों और सनातन की विजय: बृजमोहन

रायपुर 5 मई। पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी में भारतीय जनता पार्टी के ऐतिहासिक प्रदर्शन पर रायपुर सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल ने अपनी प्रतिक्रिया दी है , उन्होंने इसे देश की राजनीति के लिए एक निर्णायक मोड़ बताया। श्री बृजमोहन ने कहा कि, यह विजय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के दूरदर्शी नेतृत्व, राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री नितिन नबीन जी के मार्गदर्शन और गृह मंत्री श्री अमित शाह जी की कुशल रणनीति का परिणाम है। सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने बंगाल के परिणामों पर खुशी

जताते हुए कहा कि, ये जीत सिर्फ बंगाल की जीत नहीं है, ये पूरे देश की जीत है, ये सनातन की जीत है और घुसपैठ के विरोध की जीत है। उन्होंने कहा कि यह जीत बंगाल में व्याप्त अनार्की (अराजकता) और कानून-व्यवस्था के समाप्त होने के विरुद्ध जनता का जनादेश है। पिछले 15-20 सालों से बंगाल का विकास रुक गया था और जनता नारकीय जीवन जीने को मजबूर थी, जिससे अब उन्हें मुक्ति मिली है। इस अवसर पर श्री बृजमोहन ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को करते हुए कहा कि, आज पश्चिम बंगाल की धरती पर भाजपा की यह प्रचंड विजय केवल एक चुनावी परिणाम नहीं, बल्कि उस विचार, उस संकल्प और उस बलिदान की गूंज है, जिसकी नींव डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने रखी थी। यह जीत उन सपनों की जीत है, जो उन्होंने एक अखंड, सशक्त और आत्मसम्मान से भरे भारत के लिए देखे थे। यह जीत उस राष्ट्रवाद की जीत है, जिसके लिए उन्होंने हर संघर्ष को स्वीकार किया और अंततः अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। उनकी तपस्या, त्याग और बलिदान आज हर कार्यकर्ता की प्रेरणा बनकर खड़ा है। यह जनादेश उस संकल्प का प्रमाण है कि भारत की आत्मा को कोई दबा नहीं सकता, और राष्ट्रहित की आवाज हमेशा बुलंद होती है।असम में भाजपा की जीत पर श्री अग्रवाल ने कहा कि वहां भाजपा की सरकार आना तय था। असम में पहले से ज्यादा सीटें मिलना इस बात का प्रमाण है कि जनता के मन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति भारी उत्साह है। उन्होंने कहा कि ÷मोदी है तो मुमकिन है÷ का नारा अब धरातल पर दिख रहा है क्योंकि अब देश का एजेंडा सिर्फ 'विकास' है। चाहे युवा हो, मजदूर हो, महिला हो या किसान—सबका विकास ही आज की प्राथमिकता है। श्री बृजमोहन अग्रवाल ने सभी मतदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह विजय जन-जन के विश्वास, समर्थन और लोकतंत्र के प्रति उनकी अटूट आस्था का परिणाम है। उन्होंने पार्टी के समर्पित कार्यकर्ताओं का विशेष रूप से अभिनंदन करते हुए कहा कि उनके अथक परिश्रम, निष्ठा और जनसेवा के भाव ने इस ऐतिहासिक जीत को संभव बनाया है। बूथ स्तर से लेकर प्रत्येक क्षेत्र तक कार्यकर्ताओं ने जिस ऊर्जा और समर्पण के साथ कार्य किया, वही इस सफलता की असली ताकत है।

मोतीपुर जनसमस्या निवारण शिविर में सीएम साय ने अहम अधोसंरचना,सुविधाओं की घोषणा की

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

राजनांदगांव 5 मई। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने सुशासन तिहार अंतर्गत नगर पालिक निगम राजनांदगांव के मोतीपुर स्कूल में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने महतारी वंदन योजना के तहत 27वीं किस्त के रूप में 68 लाख 52 हजार 382 महिलाओं को 642 करोड़ रूपए से अधिक की राशि का डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरण किया गया। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने शिविर के दौरान राजनांदगांव और आसपास के क्षेत्रों के लिए कई महत्वपूर्ण अधोसंरचना एवं सुविधाओं की घोषणा की। इसमें प्रमुख रूप से राजनांदगांव-खैरागढ़ राजमार्ग (गढ़ुला होते हुए) के लिए 200 करोड़ रूपए की लागत से नवीन बाईपास का निर्माण। इसके साथ ही टेड़ेसरा-घुमका-बाकल मार्ग (35 किमी) के चौड़ीकरण हेतु 75 करोड़ रूपए और धनगांव-इंदामरा-बांकल मार्ग हेतु 30 करोड़ रुपए, वार्ड क्रमांक 1, 2, 3, 8 में विकास कार्यों के लिए प्रत्येक वार्ड को 25-25 लाख रूपए, डोंगरगढ़ में माँ बम्लेश्वरी मंदिर के पास 15 कमरों का सर्किट हाऊस और जनपद पंचायत राजनांदगांव के नए भवन हेतु 1 करोड़ रूपए, हॉकी प्रशिक्षण के लिए नए खेल मैदान की घोषणा और जिले की महिला स्व-सहायता समूहों को पुनः रेडी टू ईट

निर्माण की जिम्मेदारी की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि रामलला तीर्थयात्रा योजना के तहत 42 हजार से अधिक रामभक्तों को लाभान्वित किया गया है। मुख्यमंत्री तीर्थयात्रा योजना भी चालू की जा रही है।

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने घोषणा की कि 1 मई से शुरू हुआ प्रदेशव्यापी समाधान शिविर 10 जून अर्थात 40 दिन तक चलेगा। मुख्यमंत्री ने राजनांदगांव जिला प्रशासन को अप्रैल माह में 1200 से अधिक प्रकरणों के त्वरित निराकरण के लिए बधाई दी और अन्य जिलों को भी इसी गति से कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी जिला कलेक्टरों को सख्त निर्देश दिए हैं कि आम जनता की समस्याओं का मौके पर ही निराकरण किया जाए। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुँचना ही सुशासन तिहार का मुख्य उद्देश्य है। निराकरण में देरी करने वाले अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि महतारी वंदन योजना से महिलाएं न केवल परिवार संभाल रही हैं, बल्कि स्वरोजगार से भी जुड़ रही हैं। पीएम जनमन और प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों से सीधे संवाद कर उन्होंने जमीनी हकीकत जानी। ई-डिस्ट्रिक्ट प्रणाली के माध्यम से अब 400 से अधिक सेवाएं ऑनलाइन उपलब्ध हैं, जिससे लोगों का काम घर बैठे होगा। इसी तरह मुख्यमंत्री हेल्पलाइन के तहत जल्द ही एक टोल-फ्री नंबर जारी किया जाएगा, जहां प्राप्त शिकायतों का निश्चित समय-सीमा में समाधान अनिवार्य होगा। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री ने आज महतारी वंदन योजना के तहत 640 करोड़ रूपए की राशि महिलाओं के खाते में अंतरित की है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुशासन तिहार में छत्तीसगढ़ के कोने-कोने में पहाड़, नदी, गांव, खेत-खलिहान, स्कूल सहित विभिन्न स्थानों में भ्रमण कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि ग्रीष्म ऋतु में स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए गोंदली (प्याज) रखे है तो आप सभी दे दे। कि नहीं ऐसे 45 डिग्री तापमान में छत्तीसगढ़ के विभिन्न क्षेत्रों में वे भ्रमण कर रहे है। उन्होंने कहा कि राजनांदगांव में विकास के बहुत से विकास कार्य किए जा रहे है। जिले में व्यापक धान खरीदी की गई है। उन्होंने कहा कि लगभग 345 करोड़ रूपए की लागत से ग्राम पटेवा में इलेक्ट्रानिक मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टरएवं 25 करोड़ रूपए की लागत से ग्राम बिजेतला में स्पेस मैन्युफैक्चरिंग कलस्टर की स्थापना की जा रही है। इस अवसर सांसद श्री संतोष पाण्डेय, महापौर श्री मधुसूदन यादव, अध्यक्ष छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल श्री नीलू शर्मा, अध्यक्ष श्रम कल्याण मंडल श्री योगेश दत्त मिश्रा, श्री सचिन बघेल, पूर्व सांसद श्री अभिषेक सिंह, श्री खूबचंद पारख, श्री कोमल सिंह राजपूत, श्री प्रदीप गांधी, श्री दिनेश गांधी, प्रमुख सचिव श्री सुबोध कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के विशेष सचिव श्री रजत बंसल, संभागायुक्त श्री सत्यनारायण राठौर, कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव, पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा, वनमंडलाधिकारी श्री आयुष जैन, सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं नागरिकगण उपस्थित थे।

गांव -गांव पहुंची बैंकिंग सुविधा,सालभर में 27करोड़ रुपए से अधिक का ट्रांजेक्शन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बलौदाबाजार 5 मई। बैंकिंग कार्य के लिये शहर न जाना पड़े बल्कि गांव में ही सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने विगत वर्ष अप्रैल माह में प्रदेश में अटल डिजिटल सेवा केंद्र की शुरुआत की है। इस केन्द्र के शुरू होने से अब गांव में ही बैंकिंग सुविधा के साथ विभिन्न योजनाओं के तहत कार्ड, प्रमाण पत्र भी आसानी से प्राप्त हो रहे है।

बलौदाबाजार -भाटापारा जिले में 381 गांव में अटल डिजिटल सुविधा केन्द्र संचालित है जिसमें एक वर्ष में 27 करोड़ 8 लाख रुपए का ट्रांजेक्शन हुआ है। इसमें विकासखंड बलौदाबाजार के 76 केंद्रों में 8 करोड़ 56 लाख, भाटापारा के 69 केंद्रों में 4 करोड़ 94 लाख, कसडोल के 92 केंद्रों में 5 करोड़ 62 लाख,पलारी के 6 3 केंद्रों में 5 करोड़ 10 लाख एवं विकासखंड सिमगा के 81 केंद्रों में 2 करोड़ 93 लाख शामिल है।

अटल डिजिटल सुविधा केंद्रों ने बैंकिंग सेवाओं को ग्रामीणों के घर के दरवाजे तक पहुँचा दिया है। इन केंद्रों के माध्यम से मुख्य रूप से आधार इनेबल्ड पेमेंट सिस्टम के जरिए ग्रामीण अपने बैंक खातों से आसानी से लेन-देन कर रहे हैं।वृद्धावस्था पेंशन, किसान सम्मान निधि और मनरेगा की राशि निकालने में बुजुर्गों और किसानों को बड़ी राहत मिली है।बैंकिंग के साथ-साथ ये केंद्र ग्रामीणों को डिजिटल लेन-देन के प्रति जागरूक भी कर रहे हैं। एक वर्ष के भीतर 27 करोड़ रुपये का ट्रांजेक्शन इस बात का प्रमाण है कि ग्रामीण क्षेत्रों में नकदी का प्रवाह सुगम हुआ है। इससे न केवल स्थानीय व्यापारियों को लाभ हो रहा है, बल्कि ग्रामीणों के समय और परिवहन पर होने वाले खर्च की भी बचत हो रही है।

शिविर में लोगों को सहायक उपकरण बांटे गए

बलौदाबाजार 5 मई। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रदेशभर में आयोजित हो रहे 'सुशासन तिहार 2026' के अंतर्गत ग्राम पंचायत ससहा में सोमवार को जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शासन की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने और मौके पर ही समस्याओं के निराकरण के संकल्प के साथ आयोजित इस शिविर में समाज कल्याण विभाग द्वारा पात्र हितग्राहियों को सहायक उपकरणों का वितरण किया गया। पलारी विकासखंड के ग्राम पंचायत ससहा में आयोजित शिविर में ग्राम सारादीह निवासी चमरू राम ध्रुव को उनकी शारीरिक सुगमता हेतु विभाग की ओर से छड़ी प्रदान की गई। उन्होंने अपनी कांपती आवाज में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का धन्यवाद करते हुए कहा, अब मोला काकरो हाथ धरे के जरूरत नहीं पड़े, ये लाठी ही मोर संगी बनही। (अब मुझे किसी का हाथ पकड़ने की जरूरत नहीं पड़ेगी, यह लाठी ही मेरी साथी बनेगी)। मुख्यमंत्री की इस जन-हितैषी पहल ने चमरू राम जैसे हजारों बुजुर्गों के मन में यह विश्वास जगा दिया है कि सुशासन का अर्थ केवल फाइलों का निपटारा नहीं, बल्कि समाज के अंतिम व्यक्ति के जीवन में रोशनी लाना है। आज चमरू राम जब अपने गाँव सारादीह लौटे, तो उनके कदम पहले से कहीं अधिक स्थिर और मन कृतज्ञता से भरा हुआ था।

डोंगरगढ़ के नरेश करसे वाल्मीकि राष्ट्रीय वाल्मीकि एकीकृत महासंघ के बने 'राष्ट्रीय महासचिव'

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

डोंगरगढ़ 5 मई। धार्मिक और ऐतिहासिक नगरी डोंगरगढ़ के लिए यह गर्व का विषय है कि यहाँ के समाजसेवी और सक्रिय नेता नरेश करसे वाल्मीकि को 'राष्ट्रीय वाल्मीकि एकीकृत महासंघ' में 'राष्ट्रीय महासचिव' की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. जगदीश प्रसाद 'अखण्ड' द्वारा की गई इस नियुक्ति के बाद डोंगरगढ़ सहित प्रदेश भर के समर्थकों में हर्ष व्याप्त है।

समाज सेवा का नया संकल्प

नई जिम्मेदारी स्वीकार करते हुए नरेश करसे वाल्मीकि ने कहा कि यह नियुक्ति उनके लिए केवल एक पद नहीं, बल्कि समाज के अंतिम व्यक्ति की सेवा और अधिकारों के लिए संघर्ष का मार्ग है। उन्होंने राष्ट्रीय नेतृत्व और संरक्षक मंडल का आभार व्यक्त करते हुए संकल्प लिया कि वे बाबा साहेब अंबेडकर और महर्षि वाल्मीकि के क्रांतिकारी विचारों को प्रदेश की हर गली और गाँव तक पहुँचाएंगे।

डोंगरगढ़ से देश स्तर तक गूंजेगी आवाज

नवनियुक्त राष्ट्रीय महासचिव ने कहा, डोंगरगढ़ की इस पावन धरती से मिले आशीर्वाद और समाज के अटूट भरोसे की बदौलत मैं समाज के मान-सम्मान की हर लड़ाई में सदैव आगे रहूँगा। हमारा लक्ष्य समाज को सशक्त और एकजुट बनाना है।

नरेश करसे की इस उपलब्धि पर स्थानीय समाजसेवियों और मित्रों ने उन्हें बधाई दी है और विश्वास जताया है कि उनके नेतृत्व में राष्ट्रीय स्तर पर छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व और मजबूत होगा।

बरगी बांध क्रुज हादसे के दोषी लोगों पर कड़ी कार्रवाई करे सरकार: हत्थेल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

डोंगरगढ़ 5 मई। जबलपुर स्थित बरगी बांध में हुए दर्दनाक क्रूज हादसे पर शोक जाहिर करते सासंद प्रतिनिधि तरुण हत्थेल ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि पूरे इस दर्दनाक हादसे ने पूरे प्रदेश को झकझोर कर रख दिया है। जिस तरह एक माँ अपने 4 वर्षीय मासूम बालक को सीने से लगाए हमेशा-हमेशा के लिए जल समाधि ले गई, यह दृश्य मानवता को कलंकित करने वाला है। यह दृश्य केवल एक हादसा नहीं, बल्कि प्रशासन और ठेकेदारो की बड़ी लापरवाही और सुरक्षा मानकों की अनदेखी का जीवित प्रमाण है।

हम मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव से मांग करते हैं कि शीघ्र दोषियों के ऊपर कठोर कार्यवाही का आदेश जारी कर लापरवाह दोषी कर्मचारियों को तत्काल सेवा से मुक्त कर दिया जाए ताकि भविष्य में ऐसी ह्रदय विदारक घटनाओ से बचा जा सके। श्री हत्थेल ने क्रूज संचालक, पर्यटन विभाग के जिम्मेदार अधिकारी और सुरक्षा ऑडिट करने वाली एजेंसी के खिलाफ IPC की धारा 302, 304 के तहत ह्वढ्ढक्र दर्ज कर तत्काल गिरफ्तारी की मांग की गई है। श्री हत्थेल द्वारा इस हादसे को जिम्मेदार कर्मचारियों की भारी लापरवाही मानते हुए मृतक प्रत्येक परिवार को 1 करोड़ मुआवजा सहित सरकारी नौकरी की मांग की गई है। वहीं सोशल मीडिया में आई माँ-बेटे की अंतिम तस्वीर को राष्ट्रीय शोक चित्र घोषित करने की मांग की गई है।

पीएम आवास निर्माण पूर्णता में बलौदाबाजार -भाटापारा जिला अव्वल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बलौदाबाजार 5 मई। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) अंतर्गत जिले में वर्ष 2025-26 में स्वीकृत 26871 आवासों में से 9713 आवास निर्माण पूर्ण हो गया है। आवास निर्माण पूर्णता में जिला बलौदाबाजार-भाटापारा राज्य में प्रथम स्थान पर है।

कलेक्टर कुलदीप शर्मा के मार्गदर्शन एवं सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल के नेतृत्व में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण अंतर्गत सभी पूर्ण आवासों में जनसहयोग से रूफटॉप रैनवाटर हार्वेस्टिंग संरचना निर्माण करने का लक्ष्य रखा गया है, जिसमें से अब तक 63508 आवासों में रूफटॉप रैनवाटर हार्वेस्टिंग संरचना निर्माण करा लिया गया है। साथ ही निर्मित रूफटॉप रैनवाटर हार्वेस्टिंग संरचना का जियो टैग जल संचयन जनभागीदारी के ऐप 2.0 में एंट्री किया जा चुका है।आवासों में रूफ टॉप रैनवाटर हार्वेस्टिंग संरचना का निर्माण 15 मई 2026 तक कराने का लक्ष्य रखा गया है। एक आवास में रैनवाटर हार्वेस्टिंग संरचना की सहायता से प्रतिवर्ष 22 हजार लीटर वर्षा जल, भू-जल में संचयन किया जा सकता है। वर्तमान में 63508 आवासों में रूफ टॉप रैनवाटर हार्वेस्टिंग संरचना का निर्माण कर लिया गया है जिसमें 139 करोड़ लीटर वर्षा जल, भू-जल में संचयन किया जा सकता है। विकासखण्डवार उपलब्धियां-जिले के सभी पांच विकासखण्डों में मिशन मोड पर कार्य करते हुए रैन वाटर हार्वेस्टिंग संरचना का जाल बिछाया गया है।विकासखंड कसडोल में 16088,पलारी में 12383, बलौदाबाजार 9 4 7 9 सिमगा में 9479 एवं भाटापारा में 9296 आवासो में रैन वाटर हार्वेस्टिंग संरचना का निर्माण किया गया है।

दूसरे दिन जिले में 4 स्थानों पर समाधान शिविर का आयोजन

सुशासन सेल्फी बना आकर्षण का केन्द्र,ग्रामीणों को तत्काल मिला लाभ

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बलौदाबाजार 5 मई। राज्य शासन के निर्देशानुसार जन शिकायतों का समयबद्ध एवं प्रभावी निराकरण सुनिश्चित करने तथा आम जनता को सुगम, पारदर्शी एवं त्वरित रूप से सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित कराने हेतु सुशासन तिहार 2026 अंतर्गत जिले के ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में सोमवार 4 मई को विकासखंड भाटापारा के ग्राम मोपर,पलारी के ग्राम ससहा, कसडोल के ग्राम डेराडीह एवं नगर पंचायत पलारी में जनसमस्या निवारण समाधान शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने हितग्राहियों को विभिन्न योजना के तहत सामग्री, चेक और सम्मान पत्र दिया गया। इसमें खाद्य विभाग द्वारा राशन कार्ड, स्वास्थ्य विभाग द्वाराआयुष्मान कार्ड व चश्मा, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा मनरेगा जॉब कार्ड, पीएम आवास योजना आवास की चाबी, मछली पालन विभाग द्वारा 2महाजाल व आइस बॉक्स, उद्यानिकी विभाग द्वारा फ्लदार पौधे,समाज कल्याण विभाग द्वारा भारत माता वाहिनी को सीटी व छड़ी टीबी मुक्त गांव के सरपंच को महात्मा गांधी की प्रतिमा, ,खेल एवं युवा

कल्याण विभाग द्वारा बच्चों को स्पोर्ट्स किट शामिल हैं।

समाधान शिविरों के जरिए मौके पर ही पाइल तैयार हो रही है और वहीं तुरंत निपटारा भी किया जा रहा है, इसमें नामांतरण, बंटवारा और सीमांकन जैसे राजस्व मामलों के साथ-साथ मनरेगा की लंबित मजदूरी, आय-जाति-निवास प्रमाण पत्र, बिजली, ट्रांसफार्मर और पेयजल, आधार कार्ड, राशनकार्ड, आयुष्मान कार्ड, महतारी वंदन, पेंशन, श्रम कार्ड, जैसी विभिन्न विभागों के योजनाओं से लाभ लेने विशेष रूप से शामिल किया गया है। इन शिविरों में केवल आवेदन स्वीकार करने तक सीमित नहीं रहा जाएगा, बल्कि पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ मौके पर ही दिया जाएगा और प्रत्येक आवेदन का अधिकतम एक महीने के भीतर निराकरण सुनिश्चित किया गया है। शिविर में जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा अपने अपने विभागों की जानकारी देते हुए योजनाओं के बारे में बताया और योजनाओं का लाभ लेने प्रेरित किया। सुशासन सेल्फी बना आकर्षण का केंद्र - समाधान शिविर में आकर्षक सुशासन सेल्फी का निर्माण किया गया। शिविर में आने वाले ग्रामीण इसमें सेल्फी लेने उत्साहित नजर आये। इसके साथ ही महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा शिशुवती महिलाओं को सुपोषण किट प्रदान किया गया स्वास्थ्य विभाग द्वारा हेल्थ कैम्प भी लगाया गया। तेज गर्मी को देखते हुए इस कैम्प में आेआरएस घोल की भी व्यवस्था की गई थी। इस अवसर पर पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा, डॉ सनम जांगड़े, जनपद अध्यक्ष कुसुम लता पैकरा, सविता अनंत सहित सरपंच, अधिकारी - कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

भ्रष्टाचार,अहंकार जनता सहन नहीं करती है

कोई भी राजनीतिक दल या नेता कुछ अपवाद को छोड़ दिया जाए तो ज्यादा दिन तक सत्ता में रहे तो उसमें सत्ता के कारण भ्रष्टाचार,अहंकार व परिवारवाद जैसी कई बुराइयां आ जाती हैं और यही बुराइयां एक दिन उनको सत्ता से बाहर करने का कारण बनती हैं। हाल ही में हुए पांच राज्यों के चुनाव में कम से कम दो राज्यों की सरकारें सत्ता से बाहर इसलिए हुई हैं कि वह दस साल,पंद्रह साल से सत्ता में थी। सत्ता में होने के कारण उनमें अहंकार पैदा हो गया था कि जनता हमको चुनने को मजबूर है।हमारे अलावा किसी और को वह चुन ही नहीं सकती।हमने काम ही ऐसा किया है कि जनता हमारे सिवा किसी और को पसंद नहीं कर सकती। हमारे से अच्छा नेता देश या प्रदेश में नहीं है। जब ऐसा अहंकार पैदा हो जाता है तो नेता हो या राजनीतिक दल उसे अपनी बुराइयां भी अच्छाई लगती हैं, उसे लगता है कि उसके राज में जनता खुश हैं। इसी तरह कोई राजनीतिक दल या नेता जब ज्यादा समय तक सत्ता में रह जाता है तो उसको और उसकी पार्टी को लगता है कि भ्रष्टाचार करना तो उसका अधिकार है। वह कितना भी और कैसा भी भ्रष्टाचार करेगा तो जनता को पता नहीं चलेगा, जनता को पता भी चल जाए तो जनता तो उसकी पार्टी को ही जिताने को मजबूर है। इससे पार्टी के तमाम लोग भ्रष्टाचार करने लग जाते हैं और जब किसी पार्टी के ज्यादातर लोग भ्रष्टाचार करने लगते हैं तो जनता को दिखता है कि उसकी सेवा का वादा करके सत्ता में आए लोग तो सत्ता में आने के बाद जनता की सेवा कम और भ्रष्टाचार ज्यादा कर रहे हैं तो जनता ऐसे राजनीतिक दल को एक दिन सत्ता से हटाने का मन बना लेती है और चुनाव में उसे सत्ता से हटाकर बता देती है कि आपका समय पूरा हो गया। आपको जनता की सेवा करने का मौका मिला था आपने ठीक से किया नहीं,इसलिए अब हम दूसरे को मौका देंगे। इसके बाद सत्ता में रहने पर तीसरी बुराई परिवारवाद की आ जाती है। परिवार की बनाई पार्टी होती है कि नेता के परिवार के लोगों को लगता है कि वह राज्य में कुछ भी कर सकते हैं। और पार्टी के भ्रष्टाचार के साथ ही परिवार का भ्रष्टाचार सामने आता है तो जनता ऐसे राजनीतिक दल को यानी पूरे परिवार को सत्ता का दुरुपयोग करने मजा चुनाव में चखाती है। पं.बंगाल व तमिलनाडु में यही हुआ है। यहां दस से पंद्रह साल से परिवारवादी दलों की सरकार का शासन था और जनता को यह दिखाई दे रहा था कि सरकार के मंत्री हो या राजनीतिक दलों के नेता वह अहंकारी हो गए हैं, वह भ्रष्टाचार अपना अधिकार समझकर कर रहे हैं और पार्टी व परिवार का हित सबसे ऊपर मानते हैं और जनहित की उपेक्षा कर रहे हैं। वह समझते हैं कि चुनाव के समय वह जनता को कुछ पैसे देकर खरीद सकते हैं। यानी चुनाव के समय वह पैसे का लालच देकर जनता का वोट खरीद सकते हैं। तब जनता उनको बताती है कि जनता को कोई नहीं खरीद सकता। जिस राजनीतिक दल व नेता यह वहम हो जाता है कि वह जनता से ज्यादा होशियार है और वह पैसे से जनता का वोट खरीद सकता है,जनता उसे किसी न किसी चुनाव में बताती जरूर है कि जनता को खरीदना किसी राजनीतिक दल या नेता के बूते की बात नहीं है। ऐसे लोगों को जनता दस पंद्रह साल में चुनाव हराकर बता देती हैं कि वह सब देखती है और देखकर फैसला करती है।

विश्लेषण

झालमुड़ी की झाल सदा रहेगी याद ...!

डॉ. सूर्यकांत मिश्रा

झालमुड़ी जिसे हमारे छत्तीसगढ़ में भेल के नाम से जाना जाता है , पश्चिम बंगाल में अपने झाल (तीखापन) का ऐसा प्रभाव छोड़ा कि उसकी तीव्र जलन सदा याद रहेगी ! देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम बंगाल में चुनावी रैली के दौरान सड़क किनारे दस रुपए की झालमुड़ी क्या खाई , राजनीतिक सियासत ही हिल गई । वही झाल ममता के लिए निर्ममता बन कर फूट पड़ी ! 4 मई को पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के परिणामों के प्रारंभिक रुझानों ने मोदी की झालमुड़ी के तीखेपन को और भी अधिक जलन पैदा करने वाला बना दिया । दीदी तो दीदी उनके भाइयों सहित रिश्ते के हर सदस्य को झालमुड़ी का स्वाद अब हमेशा याद रहेगा । झालमुड़ी का ऐसा प्रभाव शायद ही किसी ने पहले कभी देखा हो ? चुनावी नतीजों के साथ बंगाल के " रसोगुल्ला " को भूलकर लोगों ने झालमुड़ी की ओर लपकना शुरू कर दिया । भला हो देश के प्रधानमंत्री का जिसने ठेलों - ख़ोमचों में घूम - घूमकर झालमुड़ी बेचने वालों की दीवाली मना दी ! मै कह सकता हूं कि पश्चिम बंगाल में झालमुड़ी महज एक स्ट्रीट फूड नहीं बल्कि 2026 के चुनावों में एक तीखा राजनीतिक प्रतीक अथवा व्यंग्य बन गई है । परिणामों के बाद आ रहे व्यंग्य और मीम्स ने दीदी के राजनीतिक भविष्य पर जैसे ग्रहण ही लगा दिया हो । कच्चे सरसों के तेल की झाल दीदी को ऐसी जलन दे गई , जिसे बरनाल भी ठंडा नहीं कर पा रहा है । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का झालमुड़ी खाना और झालमुड़ी बनाने वाले से सवाल - जवाब सोशल मीडिया पर धूम मचाने लगा । विक्रेता और देश के शीर्ष नेता के बीच " प्याज " और " स्वाद " पर नोक - झोंक ने भी लोगों को खूब गुदगुदाया । भाजपा समर्थक झालमुड़ी के कोन (पेपर से बना एक आकर) को लेकर जश्न मनाते देखे जा रहे हैं । इसे हम बंगाली संस्कृति को राजनीतिक नैरेटिव में बदलने का प्रयास कह सकते हैं । झालमुड़ी के स्वाद की " आक्रामकता " को चुनावी नतीजों की " उथल - पुथल " से जोड़कर देखा जा रहा है ! अब झालमुड़ी एक साधारण " स्नैक " न होकर राजनीतिक भावना बनकर उभर रही है ! परिणामों के बाद भाजपा नेताओं द्वारा मिठाई भूलकर झालमुड़ी की ओर खींचे चले जाना किसी तीखे संदेश से कम नहीं है । हमने एक

किंवदंती सुन रखी है जो पारस पत्थर से जुड़ी हुई है । कहा जाता है कि वह पत्थर लोहे को छूते ही सोना बना देता है ! मुझे नहीं मालूम सच्चाई क्या है ? इतना जरूर है कि भारतवर्ष की राजनीति में हमने सच्चे पारस पत्थर को नरेंद्र मोदी के रूप में पाया है । पश्चिम बंगाल में 15 वर्षों तक शासन करने वाली टी एम सी और उसकी प्रमुख दीदी के लिए भारतीय पारस पत्थर नरेंद्र मोदी का बंगाल प्रवेश उसके लिए ऐसी बाड़ बन गया जिसे लांघना दीदी के लिए हिमालय लांघने से कम नहीं है । बंगाल में एक प्रसिद्ध कहावत है , जो अनावश्यक अथवा सनसनीखेज खबर के लिए कही जाती है " झालमुरीर थोगा होए गेछे " अर्थात आज का अखबार कल झालमुड़ी का पैकेट होगा ! अब मैं कहूं तो यह कहावत टी एम सी के लिए झालमुड़ी का कोन बनकर रह गई है । वास्तव में झालमुड़ी है क्या ? चना , मुरमुरा , कटा हुआ प्याज , कटी हुई हरी मिर्च , सरसों का तेल , अमचूर और थोड़ा सा खट्टा अचार का समन्वय । इन सबको एक बर्तन में डालकर चम्मच या लकड़ी से अच्छी तरह मिलाया जाता है । हमारे प्रधानमंत्री ने इसी झालमुड़ी को अपनी राजनीतिक भाषा में लपेटते हुए ऐसा मिश्रण बनाया कि उसके स्वाद और झाल से हर किसी की ममता छटपटाने लगी । टाइमपास झालमुड़ी को भाजपा के शीर्ष नेता ने क्षणिक आनंद देने वाला स्वाद नहीं वरन देर तक मुंह में सी ..सी .. करने वाला ऐसा व्यंजन बना दिया , जिसकी झाल सदा याद रहने वाली बन गई ! बंगाल के सबसे अधिक पसंद किए जाने वाले स्ट्रीट फूड झालमुड़ी को नरेंद्र मोदी ने अपनी अचेतन पसंद के रूप में शायद इसलिए चुना ताकि यह बताया जा सके कि उनकी पार्टी भाजपा , जिसे बंगाल विरोधी कहा जाता है , वास्तव में बंगाली संस्कृति से बहुत स्नेह रखती है । इसी अचेतन पसंद ने बंगालियों के दिलों में राज किया और फिर हो गया भाजपा का तिलक वंदन ! चना और मुरमुरे का साधारण सा मिश्रण आज पश्चिम बंगाल की धड़कन बन गई है ! प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भावनात्मक मुद्रा ही वह ताकत बन गई जिसने बड़े और मजबूत किले को ढहा दिया ! भारतवर्ष के पश्चिम बंगाल में जब - जब विधानसभा की रणभेरी बजेगी तब - तब झालमुड़ी की चर्चा मूक गवाह बनकर सामने आती रहेगी । शायद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी नहीं सोचा होगा कि उनके द्वारा झालमुड़ी का स्वाद लेना इतनी बड़ी खबर बन जाएगी जो सिंहासन तक पहुंचने का मार्ग दिखा जाएगी । नरेंद्र मोदी का यह कहना -" भाई ! हमें भी अपनी झालमुड़ी खिला दो .." ! झालमुड़ी बेचने वाले के दिल को छू गया ! सड़क किनारे खड़े होकर झालमुड़ी खाना यह सिद्ध कर गया कि " निजी पल " भी " राजनीतिक " हो सकता है । झालमुड़ी वास्तव में बंगाल की अटूट धड़कन है । चुनाव जीतने के बाद अब यही समझा जा रहा है कि भाजपा का यह दृढ़ तीखा वादा है कि झालमुड़ी के टिन की लयबद्ध खनक प्रदेश की साझा यादों और जोशीली बहसों का संगीत बनी रहेगी । झालमुड़ी बंगाल की एक मात्र सच्ची , जोशीली और स्थिर पहचान बनी हुई है । यह उन लोगों की मसालेदार आत्मा है , जो जानते हैं कि जीवन एक उत्तम मिश्रण की तरह थोड़ी सी गर्मी और बहुत सारे दिलों के साथ मेल - मिलाप को पसंद करता है । प्रधानमंत्री का झालमुड़ी खाना ही वह " सीक्रेट फॉर्मूला " बन गया जिसने ममता सहित उनकी पार्टी की बंगाल से बिदाई कर दी ! आज बंगाल की जनता और पूरा भाजपा का कुनबा यह सुनिश्चित नहीं कर पा रहा है कि यह जीत रणनीतिक है , संगठनात्मक है या फिर उस चटपटे स्वाद की है , जिसने पूरी तस्वीर ही बदल दी ! मुझे तो लगता है बंगाली जनता ने अब " मैनिफेस्टो " नहीं " मेन्यू " पर अपना सारा फोकस उड़ेल दिया है । इस बार झालमुड़ी ने बंगाल की राजनीति और संस्कृति को एक साथ मिलाकर यह सिद्ध कर दिया है कि यह मूंगफली की तरह मजबूत , मिर्च की तरह तीखी और सरसों के तेल की तरह असरदार है । सवाल यह नहीं कि भाजपा कैसे जीती ? सवाल यह है कि क्या अब हर चुनाव में स्थानीय व्यंजन ही बाजी जिताने का जरिया बनेंगे ?

विश्लेषण

भगवा अश्वमेध यज्ञ का चरमोत्कर्ष है बंगाल की प्रचंड जीत

मनोज कुमार अग्रवाल

करीब 880 साल बाद बंगाल में भगवा लहराया है आजादी से पहले और आजादी के बाद भी जिस तरह के जख्म बंगाल की छाती पर दिए गए 2026 का विधानसभा चुनाव परिणाम घुसपैठ हिंसा महिला असुरक्षा अराजकता और दबंगई के बीच मुसलिम तुष्टिकरण से पैदा बंगाली अस्मिता पर खतरे और डैमोग्राफी परिवर्तन के खिलाफ आमजन का प्रतिवाद है। भाजपा ने राजनीतिक रणनीति के तहत लम्बे अर्से से बंगाल में पनपे हिन्दू दमन और मुसलिम तुष्टिकरण की राजनीति के परिप्रेक्ष्य में ऐसी व्यूह रचना की जिसको तोड़ने में ममता बनर्जी नाकाम हो गईं।

वर्ष 2026 के विधानसभा चुनावों के नतीजों ने भारतीय राजनीति के फलक पर एक ऐसी इबारत लिख दी है, जिसकी गूंज दशकों तक सुनाई देगी। इन परिणामों ने न केवल सत्ता के समीकरण बदले हैं, बल्कि क्षेत्रीय क्षत्रपों के अजेय होने के मिथक को भी धराशायी कर दिया है। पांच राज्यों के ये रुझान स्पष्ट संदेश दे रहे हैं कि जनता अब केवल विरासत या भावनात्मक नारों पर नहीं, बल्कि जवाबदेही और नए विकल्पों पर मुहर लगा रही है। पश्चिम बंगाल इस चुनाव की सबसे बड़ी सुर्खी रहा है। ममता बनर्जी के 15 साल पुराने 'अजेय' दुर्ग का ढहना भारतीय राजनीति की सबसे बड़ी घटनाओं में से एक है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लहर और भ्रष्टाचार व महिला सुरक्षा व सम्मान कानून-व्यवस्था जैसे बुनियादी मुद्दों ने तृणमूल कांग्रेस के आधार को हिला कर रख दिया। संदेशखाली और आरजीकर रेप मर्डर जैसी घटनाओं ने जिस आक्रोश को जन्म दिया, उसने ममता राज के पतन की बुनियाद गढ़ दी अंततः भाजपा को जबरदस्त सीटों के साथ सत्ता के शीर्ष तक पहुंचा दिया। बंगाल का यह बदलाव बताता है कि मतदाता अब तुष्टीकरण और हिंसा की राजनीति से इतर 'विकास और सुशासन' की नई राह तलाश रहा है। इसी तरह तमिलनाडु ने पूरे देश को चौंकाया है। दशकों से 'द्रमुक बनाम अन्नाद्रमुक' के बीच झूलती द्रविड़ राजनीति को अभिनेता विजय की पार्टी (टीवीके) ने पूरी तरह ध्वस्त कर दिया है। 110 सीटों के करीब पहुंचकर विजय ने साबित कर दिया कि तमिलनाडु की जनता पुराने राजनीतिक घरानों से ऊब चुकी है और एक नए विजन वाले नेतृत्व की तलाश में है। मुख्यमंत्री एमके स्टालिन का तीसरे नंबर पर खिसकना द्रविड़ राजनीति के एक बड़े अध्याय के ढलने का संकेत है। स्टालिन ने सनातन धर्म को लेकर जिस तरह की आपत्तिजनक टिप्पणी की उनसे पूरे देश का बड़ा जनमानस आहत हुआ अब स्वयं तमिलनाडु ने स्टालिन और उनकी पार्टी को किनारे पहुंचा दिया है।

असम में मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा का जादू एक बार फिर सिर चढ़कर बोला। भाजपा नीत एनडीए की प्रचंड बढ़त यह प्रमाणित करती है कि कड़क प्रशासन और विकास का 'असम मॉडल' जनता को रास आ रहा है। वहीं पुडुचेरी में एन. रंगासामी और भाजपा की जुगलबंदी ने स्थिरता को

प्राथमिकता देने वाले मतदाताओं का दिल जीत लिया है। केरल में सत्ता हर पांच साल में बदलती रही है लेकिन पिनाराई विजयन दस साल शासन में रहे। लेकिन अब वामपंथी मोर्चे की विदाई हो गई है और कांग्रेस नीत यूडीएफ की 95 से अधिक सीटों पर बढ़त यह दिखाता है कि केरल का मतदाता 'एंटी-इंकबेंसी' को लेकर बेहद सजग है। कांग्रेस के लिए यह जीत संजीवनी की तरह है, जो उसे राष्ट्रीय स्तर पर फिर से खड़ा होने का हौसला देगी।

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को दोहरा झटका लगा है. एक तरफ बीजेपी ने बंगाल में प्रचंड जीत हासिल की है. दूसरी तरफ भारतीय जनता पार्टी के शुभेंदु अधिकारी ने ममता को भवानीपुर सीट से हरा दिया है. इस जीत के बाद शुभेंदु ने ममता बनर्जी पर जमकर निशाना साधा.

शुभेंदु अधिकारी ने भवानीपुर सीट से ममता को 15,114 वोटों से हरा दिया. शुभेंदु ने लगातार दूसरी बार ममता को हराया है. इससे पहले 2021 के विधानसभा चुनाव में भी उन्होंने नंदीग्राम सीट से उन्हें हराया था.

आपको बता दें अंग यानी बिहार और 'कलिंग' यानी ओडिशा का मोर्चा तो बीजेपी ने पहले ही फतह कर लिया था. अब बंगाल में चुनावी जीत के साथ ही अंग, बंग और कलिंग पर काबिज होने का भारतीय जनता पार्टी का सपना पूरा हो गया है.

करीब दस साल की कोशिश के बाद पहली बार बंगाल में बीजेपी की जीत की आखिर क्या वजह रही? राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि इसमें एसआईआर के दौरान भारी तादाद में कटे नामों की अहम भूमिका रही. इसके अलावा धार्मिक आधार पर ध्रुवीकरण, बीजेपी के आक्रामक प्रचार, आर.जी. कर कांड के बहाने महिला सुरक्षा के सवाल, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार ने भी बदलाव की राह तैयार की. पं बंगाल के विधानसभा चुनाव में मुकाबला 'बदला' बनाम 'बदलाव' था. बीजेपी ने जहां बदलाव का नारा देते हुए अपने पारंपरिक 'जय श्री राम' की जगह 'जय मां काली' के नारे को अपनाया था, वहीं ममता बनर्जी ने लोगों से केंद्र, बीजेपी और चुनाव आयोग के कथित सौतेले रवैए के खिलाफ बदला लेने के लिए वोट डालने की अपील की थी.पश्चिम बंगाल में इस बार विधानसभा चुनाव में कई चीजें पहली बार हुई थीं और इसका नतीजा भी पहली बार बीजेपी की जीत के तौर पर सामने आया है. बीते पच्चीस वर्षों में पहली बार कोई चुनाव दो चरणों में कराया गया है. इससे पहले छह से आठ चरणों में मतदान कराया जाता रहा है. इसके अलावा भारी तादाद में तैनात केंद्रीय बल, और एसआईआर के दौरान कटे करीब 91 लाख नामों में राजनीतिक दलों के समीकरण गड़बड़ा दिए हैं. बंगाल में बीते कई दशकों में पहली बार चुनावी हिंसा न के बराबर हुई है. इससे पहले, यहां पर चुनाव से पहले और बाद में भारी हिंसा होती रही है.इस बार राज्य में पहली बार रिकार्डतोड़ वोट पड़े थे. उसके बाद से ही सत्ता के दावेदार अपने-अपने तरीके से इसकी व्याख्या करने में जुटे थे. इस बार चुनाव से पहले मतदाता सूची का विशेष पुनरीक्षण यानी एसआईआर सबसे ज्यादा सुर्खियों में रहा है. यह कहना ज्यादा सही होगा कि एसआईआर के मुद्दे ने अबकी तमाम पारंपरिक मुद्दों को पीछे छोड़ दिया. चुनावी नतीजों से साफ है कि बीजेपी को ममता बनर्जी के मुस्लिम और महिला वोट बैंक में भी सेंध लगाई है. पार्टी को धार्मिक आधार पर ध्रुवीकरण करने में कामयाबी मिली. इसी के कारण हिंदू तबके के वोटरों ने एकजुट होकर बीजेपी के पक्ष में मतदान किया.दरअसल इस चुनौतीपूर्ण बदलाव को लाने के लिए भाजपा ने साम दाम दंड भेद सबका इस्तेमाल किया। आपको बता दें पश्चिम बंगाल में जनवरी 2026 में प्रवर्तन निदेशालय ने आई-पैक के कोलकाता (सॉल्ट लेक) स्थित दफ्तर पर छापा मारा था। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी इस कार्यवाही के दौरान खुद मौके पर पहुंच गई थीं और उन्होंने इसे टीएमसी की चुनावी रणनीतियों से जुड़े दस्तावेज और डेटा ले जाने की कोशिश बताया था। आई-पैक , जो टीएमसी की राजनीतिक रणनीति तैयार करती है। ईडी कोयला घोटाला और हवाला मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आई-पैक के डायरेक्टर प्रतीक जैन और अन्य के ठिकानों पर तलाशी ले रही थी। सीएम ने छापे को "राजनीतिक प्रतिशोध" और चुनाव से पहले टीएमसी का डेटा चुराने का प्रयास बताया। दरअसल इडी की इस कार्रवाई ने ममता बनर्जी और टीएमसी की चूलें हिलाने का काम किया यही से ममता राज के खात्मे की पटकथा को जमीन मिली एसआइआर के जरिए फर्जी वोटर हटाए गए ममता तिलमिलाती रहीं लेकिन भारत की राजनीति के मौजूदा चाणक्य अमित शाह ने बंगाल के वोटर पर दशकों से हावी हिंसा और भय के माहौल में सुरक्षा और खास कर चुनाव बाद भी केंद्रीय सुरक्षा बलों की तैनाती बनाए रखने का भरोसा देकर दशको से भयभीत वोटर को स्वतंत्र निर्भय मतदान करने का हौसला दिया और इस सबसे बंगाल में कमल खिलाने का सपना साकार हो गया। अब गंगोत्री से गंगासागर तक भगवा विस्तार हो चुका है यह आने वाले समय में समूचे देश में भगवा क्रांति का आगाज है इन चुनावों के परिणाम 2027 के यूपी चुनाव का भी आधार बनेगा। बस अब जरूरत इस बात की है कि भगवा सरकारें आमजन के उत्थान और रोजगार के लिए दिनरात एक कर विश्वास की कसौटी पर परिणाम दें।

आज का राशिफल

मेष राशि- आज का दिन आपके लिए खुशियां भरा रहने वाला है। नए वाहन खरीदने की। आपके आस-पास के कुछ लोग आपके विरोधी भी बन सकते हैं जिनसे आपको सतर्क रहने की सख्त जरूरत है। आज आपको योजना अनुसार ही कार्य करना चाहिए।

वृष राशि- आज का दिन अच्छा रहने वाला है। आज किसी खास व्यक्ति से आपकी मुलाकात होगी। विदेश जाने की इच्छा रख रहे लोगों को आज बढ़िया अवसर मौका मिल सकता है। आज आप अपने पैसे सोच समझ कर खर्च करें ।

मिथुन राशि- आज का दिन आपके लिए खुशहाल रहने वाला है। आज प्रैक्टिकल सोच रखेंगे तो आपको लाभ होगा। आज थोड़ा समय एकांत में या किसी धार्मिक स्थान पर बीताएंगे।आज शाम को माता जी से अपने भविष्य को लेकर विचार-विमर्श करेंगे, आपको माता जी का साथ मिलने से खुशी होगी।

कर्क राशि- आज के दिन आपको बहु प्रतीक्षित परिणाम प्राप्त होंगे। सरकारी कार्यों में आपको बड़े लाभ होने की संभावना है। आज आप अपनी संतान के साथ कहीं घूमने के लिए जा सकते हैं। उनके साथ आप अच्छा समय बिताएंगे।

सिंह राशि- आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आपका विनम्र स्वभाव सराहा जाएगा। आपका धन कहां खर्च हो रहा है इस पर आपको नजर बनाए रखने की जरूरत है। आज आपको बेकार की उलझन में पडऩे से बचने की जरूरत है।

कन्या राशि- आज का दिन आपके लिए यादगार रहने वाला है। आज आपका पुराना मित्र आपसे मिलने आएगा ,जिनसे मिलकर आपकी पुरानी यादें ताजा होंगी। छात्र खूब मन लगाकर पढ़ाई करते हुए नजर आएंगे। परिवार वालों के साथ धार्मिक कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। भाई, बहनों का सहयोग मिलेगा।

तुला राशि- आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आपके ऊपर परिवार की जिम्मेदारी आएंगी, जिसे आप पूरा करेंगे। माता-पिता से आप अपने मन की बातों को साझा करेंगे। जो लोग घर से दूर रहकर नौकरी कर रहे हैं, उन्हें अपने परिवार से मिलने का मौका मिलेगा।

वृश्चिक राशि- आज आपका दिन कॉन्फिडेंस से भरा रहेगा। जीवनसाथी से किसी काम को लेकर विचार विमर्श करेंगे। आप अपने मित्रों के साथ किसी सांस्कृतिक कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। आपके बिजनेस में पिता का पूरा सहयोग मिलेगा।

धनु राशि- आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। काम करने के तरीकों में बदलाव करेंगे और व्यवस्थित रहेंगे तो आपके काम जल्दी पूरे होंगे। आज आप संतान के करियर की समस्याओं को किसी अनुभवी और जानकार व्यक्ति की मदद से सुलझा लेंगे।

मकर राशि- आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। रूटीन मे डेली मॉर्निंग वाक करने की योजना बनाएंगे जिससे आप काफी ऊर्जावान महसूस करेंगे। पुराना मित्र आपसे आर्थिक मदद मांग सकता है आप उसे निराश नहीं करेंगे अपनी सामर्थ्य के अनुसार सहायता अवश्य करेंगे। आज आपका ऊर्जा स्तर ऊंचा रहेगा।

कुंभ राशि- आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज परिवार के साथ किसी धार्मिक अनुष्ठान में शामिल होने का सौभाग्य मिलेगा। किसी बचपन के मित्र से बहुत दिनों बाद मुलाकात होगी, जिनसे मिलकर आपको खुशी होगी।

मीन राशि- आज आपका दिन अच्छा रहेगा। ऑफिस में कार्यरत लोगों को तरक्की मिलने से उन्हें काफी खुशी होगी ।अपने जीवनसाथी का नया काम शुरू करवाएंगे साथ ही आज कुछ बड़ा और अलग काम करने की सोच सकते है। घर में नन्हे मेहमान के आने की खुशखबरी मिलेगी।

सू- दोकू क्र.029

	7				1		3	
1		9				5		
			3				1	
		5						3
3					2		5	
				3				2
	4						7	
7		8		1		6		
	6		7		9			1

नियम

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र.028 का हल

5	2	4	9	6	7	8	1	3
3	6	7	4	1	8	2	9	5
8	1	9	3	2	5	4	6	7
6	3	5	1	9	4	7	2	8
7	9	8	5	3	2	6	4	1
2	4	1	7	8	6	5	3	9
4	5	3	6	7	9	1	8	2
9	8	6	2	5	1	3	7	4
1	7	2	8	4	3	9	5	6

शब्द सामर्थ्य -029

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. ठुड्डी पर के बाल, ठुड्डी, ठोढ़ी 3. विशेष और सामान्य (आदमी), आम और खास लोग (उ.) 5. इच्छा, हसरत, अभिलाषा 6. शारीरिक कोमलता, सुकुमारता (उ.) 7. सविनय, विनती पूर्वक 10. बिलख-बिलख कर रोना 11. कहानी, उपन्यास 12. कुशल, दक्ष, विशेषज्ञ 13. भार, दबाव 14. शुभ-अशुभ की पूर्व सूचना, शुभ अवसर पर होने वाला मंगल कार्य संबंधी गीत 15. एहसान, भलाई, हित 17. सूत कातने, लपेटने में काम आने वाली चर्खे से लगी सलाई 19. एक हिन्दी महीना, श्रावण 20. सप्ताह का एक दिन, बृहस्पतिवार।

ऊपर से नीचे

1. जंगल में लगी आग, दावाग्नि 2. मूल्य, दाम 4. स्वतंत्र, स्वाधीन 5. संकट, कष्ट, दर्द 7. लकड़ी, कन्या, कानों में पहनने का छल्ला, केश 8. बेइज्जती, अनादर 9. शोभा, सुंदरता, बसंत ऋतु 10. तबाह करने वाला,विनाशक 11. इस समय 13. असुर, राक्षस, दैत्य 14. ए, गुरुमंत्र, बहुत अच्छी युक्ति 15. पर्व, त्योहार 16. शिकायत, उलाहना, ग्लानि 17. वृक्ष, पेड़ 18. मुंह से निकलने वाला थूक जैसा पदार्थ।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 028 का हल

बंगाल में सत्ता परिवर्तन चाहती थी जनता

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

कांकेर, 5 मई। बंगाल में भारतीय जनता पार्टी की जीत यह बताती हैं कि बंगाल की जनता एक परिवर्तन चाहती थी। जनता चाहती थी कि ममता बनर्जी का शासनकाल समाप्त होना चाहिए और हिन्दुत्व की ध्वजा बंगाल में भी लहरानी चाहिए ताकि एक नव युग की शुरुआत बंगाल में भी हो सके।

लोग पिछली सत्ता से त्रस्त हो चुके थे । देश की मुख्य धारा से जुड़कर कदम से कदम मिलाकर बंगाल को भी विकसित देश का एक अंग बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाना चाहते थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह कहना कि सन 2047 तक भारत को विकसित देश बनाने का लक्ष्य हमने लिया है। इसकी आश यहाँ के लोगों को भी होने लगी थी। लोकतंत्र में लोगों का किसी एक पक्ष को वोट देना, यही बताता है कि जनता उस पक्ष से बहुत सारी अपेक्षाएं रखी हुई है। उस पक्ष से बहुत से ख्वाब जगा कर उसे पूरा होने का आश रखती है।

यदि बीजेपी बंगाल में विजयी हुई है, तो उसके पीछे लोगों की यही सोच रही है कि बंगाल एक नए सिरे से विकास के मार्ग पर बढ़ना चाहिए। कहीं न कहीं जो कमियां वहां के लोग महसूस कर रहे थे, उन कमियों को हटाने का एक प्रवाह वहां के लोगों में थी। आज जब हम यह देखते हैं कि बंगाल की 293 में 208 सीट यदि भाजपा जीती है तो उसके पीछे वहां की जनता की बहुत बड़ी अपेक्षा भाजपा से है। और वह इस अपेक्षा को पूरा होता देखना चाहती है। किसी भी क्षेत्र के लोग बहुत दिनों तक किसी अनिश्चितता की घड़ी में नहीं रह सकते। यदि हिंसा उत्पाद गुंडाराज एवं शोषण की प्रथा बलवती होने लगती है तो वहां न्याय की गुहार भी स्पष्ट सुनाई देती है। और इस न्याय के लक्ष्य को हासिल करने जनता अपना जनमत तैयार करती है। जहां बंगाल में एक बहुत बड़ी जीत बीजेपी को मिली है तो वही असम में भी 126 सीटों में 102 पर भाजपा ने अपनी जीत हासिल की है। बंगाल के इस चुनाव का एक व्यापक प्रभाव सारे देश भर में पड़ेगा ऐसा तय है। आज संपूर्ण देश में परिवर्तन की इस घड़ी को स्वीकार किया गया है और हिंदुत्व की ध्वजा विशेष रूप से लहरा उठी है। जो हिंदुत्व बंगाल में कमजोर था,आज वही हिंदुत्व बंगाल में अपनी पैठ बना ली है। राष्ट्रवाद एवं हिंदुत्व की संस्कृति का समायोजन बंगाल को आने वाले दिनों में एक नई दिशा देगा। यदि नई सरकार अपने लक्ष्य आधारित दिशा में लगातार आगे बढ़ती रही तो वह दिन दूर नहीं जब भाजपा बंगाल में एक व्यापक परिवर्तन लाने में कामयाब हो सकेगी।

राज्यपाल ने इनोवेशन महाकुंभ 1.0 को नवाचार और उद्यमिता का केंद्र बनाने का किया आह्वान

जगदलपुर, 5 मई। शहीद महेंद्र कर्मा विश्व विद्यालय में आयोजित इनोवेशन महाकुंभ 1.0 के अवसर पर छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका ने कहा कि बस्तर की पवित्र भूमि में आयोजित इस कार्यक्रम में क्षेत्र के उज्ज्वल भविष्य को लेकर विश्वास जताया, बस्तर में नवाचार, उद्यमिता और आत्मनिर्भरता की दिशा में एक मजबूत शुरुआत है। उन्होंने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि भारत विश्व के सबसे युवा देशों में शामिल है, ऐसे में युवाओं को नौकरी खोजने के बजाय नौकरी देने वाला बनने की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए।

एक नजर

राज्यपाल रमेन डेका इनोवेशन महाकुंभ 1.0 में शामिल होने पहुंचे, किया पौधरोपण

जगदलपुर, 5 मई। छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका ने शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित इनोवेशन महाकुंभ 1.0 कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे, इस दौरान उन्होंने परिसर में एक पेड़ मां के नाम पर मौलश्री का पौधरोपण किया। इस अवसर पर वन मंत्री केदार कश्यप, सांसद महेश कश्यप, महापौर संजय पांडेय, विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ मनोज श्रीवास्तव, बस्तर आईजी सुंदरराज पी., कलेक्टर आकाश छिकारा, पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा सहित अन्य विशिष्ट गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। इससे पूर्व राज्यपाल रमेन डेका अपने तीन दिवसीय बस्तर प्रवास पर बीती रात जगदलपुर पहुंचे । सर्किट हाऊस जगदलपुर में कमिश्नर डोमन सिंह, बस्तर आईजी सुंदरराज पी., बस्तर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ मनोज श्रीवास्तव, कलेक्टर आकाश छिकारा, पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा, वन मण्डलाधिकारी उत्तम गुप्ता ने पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया।

बस्तर संभाग के सभी जिलों में यलो अलर्ट जारी

जगदलपुर, 5 मई(तछसं.)। मौसम विभाग ने छत्तीसगढ़ के अधिकांश जिलों सहित बस्तर संभाग के सभी जिलों सुकमा, बीजापुर, दक्षिण बस्तर दंतेवाडा, बस्तर, नारायणपुर, कोंडागांव, उत्तर बस्तर कांकेर जिले के लिए सोमवार की सुबह यलो अलर्ट जारी किया है। जारी यलो अलर्ट का असर बस्तर संभााग मुख्यालय सहित अन्य जिलों में आज सोमवार सुबह से ही घने बादल छाये हुए हैं, बारिश की संभावना व्यक्त की गई है। इसका मतलब यह है कि इन जिलों में आकाशीय बिजली और अचानक तेज हवा चलने के साथ बारिश की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग के अनुसार अगले कुछ घंटों में 30 से 40 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से हवा चल सकती है। लोगों को सावधानी बरतने की सलाह भी दी गई है। सप्ताह के पहले दिन सोमवार सुबह मौसम में आए बदलाव से गर्मी से राहत मिली है।

नगर निगम निर्माण कार्यों में निम्न स्तर की सामग्री का कर रहा उपयोग: निकेत राज झा

जगदलपुर, 5 मई(तछसं.)। बस्तर जिला

यूथ कांग्रेस जगदलपुर के शहर अध्यक्ष निकेत राज झा ने नगर निगम द्वारा शहर में कराए जा रहे निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल उठाते हुए जारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से कहा कि नगर निगम द्वारा सड़कों, नालियों एवं अन्य विकास कार्यों में लगातार लापरवाही बरती जा रही है। निर्माण कार्यों में निम्न स्तर की सामग्री का उपयोग किया जा रहा है, जिसके कारण नई बनी सड़कें और संरचनाएं कुछ ही समय में खराब हो रही हैं। यह सीधे तौर पर जनता के टैक्स के पैसों का दुरुपयोग है। उन्होने आरोप लगाया कि संबंधित अधिकारियों और ठेकेदारों की मिलीभगत से इस प्रकार के घटिया कार्य किए जा रहे हैं, जिससे आम जनता को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बरसात के मौसम में स्थिति और भी भयावह हो जाती है, जहां जलभराव और टूटी सड़कों के कारण आवागमन बाधित होता है।निकेत राज झा ने कहा कि हमारी मांग है कि सभी निर्माण कार्यों की उच्चस्तरीय जांच कराई जाए एवं संबंधित दोषी अधिकारियों एवं ठेकेदारों पर सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए। इसके अलावा गुणवत्ता मानकों का सख्ती से पालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होने कहा कि यूंका चेतावनी देती यदि जल्द ही स्थिति में सुधार नहीं किया जाता है, तो यूथ कांग्रेस जगदलपुर शहर द्वारा उग्र आंदोलन किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। यूथ कांग्रेस हमेशा जनता के हितों की रक्षा के लिए संघर्षरत रहेगी और किसी भी प्रकार के भ्रष्टाचार एवं लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

कोंडागांव में मुरिया विद्रोह स्मृति दिवस मनाया गया, की गई श्रद्धांजलि अर्पित

कोंडागांव, 5 मई। जिले के बंधा पारा बड़े कनेरा रोड स्थित झाड़ा सिरहा मुरिया चौक पर 150वां मुरिया विद्रोह स्मृति दिवस मनाया गया। इस अवसर पर एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक, जनप्रतिनिधि और समाज के विभिन्न वर्गों के लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अमर शहीद झाड़ा सिरहा और उनके नेतृत्व में बलिदान देने वाले हजारों गुमनाम शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।वक्ताओं ने बताया कि लगभग 150 वर्ष पूर्व बस्तर अंचल के वीरों ने विदेशी आक्रमणकारियों के बढ़ते प्रभाव के विरुद्ध विद्रोह किया था। यह विद्रोह जल, जंगल, जमीन, कला, संस्कृति और परंपराओं की रक्षा के लिए किया गया था। यह आंदोलन केवल एक संघर्ष नहीं था, बल्कि स्वाभिमान और अस्तित्व की रक्षा का प्रतीक था। झाड़ा सिरहा के नेतृत्व में शुरू हुआ यह विद्रोह आगे चलकर ÷मुरिया दरबार÷ के रूप में विकसित हुआ। मुरिया दरबार ने आदिम लोकतंत्र की एक सशक्त मिसाल पेश की। इसने समाज के सभी वर्गों को एक मंच पर लाकर एकजुट किया और बस्तर के समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

अनियंत्रित बाइक खड़ी ट्रक से टकराई एमबीबीएस के दो छात्र घायल,एक गंभीर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

जगदलपुर, 5 मई। मेडिकल कॉलेज डिमरापाल जगदलपुर के प्रथम वर्ष के कुछ छात्र घूमने के लिए तिरिया गए हुए थे। जहां से वापस लौटने के दौरान छात्र का नियंत्रण बिगड़ गया और बाइक खड़ी ट्रक से जा टकराई। इस हादसे में बाइक के पीछे बैठी छात्रा दूर जा गिरी। जबकि छात्र ट्रक से जा टकराया। इस घटना में छात्र को गंभीर चोट आई। जिसे उपचार के लिए मेकॉज में भर्ती किया गया है।मिली जानकारी के अनुसार कुछ छात्रों ने अपनी बाइक पर सवार होकर सुबह के समय तिरिया के लिए निकले थे। तिरिया जाने के बाद जब सभी छात्र बाइक से वापस जगदलपुर के लिए निकले। तभी मौसम बदला और आंधी-तूफान शुरू हो गया। इसी दौरान बाइक खड़े ट्रक से जा टकराई। इस घटना में बाइक में पीछे बैठी छात्रा दूर जा गिरी और छात्र ट्रक से जा टकराया। इस घटना में छात्र के सिर के अलावा शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोट आई। अन्य साथियों ने एम्बुलेंस की मदद से पहले घायलों को महारानी अस्पताल ले गए उसके बाद सुपर स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल लाया गया। काफी देर तक चले उपचार के बाद छात्र को देर रात मेकाज में भर्ती किया गया है। वहीं, छात्र की हालत काफी नाजुक बताई जा रही है। घटना की जानकारी छात्र के परिजनों को दे दी गई है।

दूरदराज के गांवों से देवी-देवताओं को लेकर पहुंचे ग्रामीण

नगर के मेले में दिखी आदिवासी लोक संस्कृति की झलक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

गीदम, 5 मई । दक्षिण बस्तर अंचल की प्रसिद्ध गीदम मेला मड़ई का प्रारंभ शनिवार को हुआ। नगर के इस मेला मड़ई में दूरदराज इलाके के लगभग 40 से भी अधिक गांव के ग्रामीण अपने आराध्य देवी-देवताओं के साथ शामिल होते हैं। उनके साथ ही पुजारी, सिरहा, गुनिया, गायता भी इस प्रसिद्ध मेला मड़ई में पहुंचते हैं। गीदम ब्लॉक मुख्यालय की इस मेला मड़ई के बारे में कहा जाता है कि इस मेला मड़ई के संपन्न होने के बाद ही दक्षिण बस्तर अंचल में मेला मड़ई का समापन होता है। बस्तर अंचल में मेला मड़ई का अपना ही महत्व होता है। प्राचीन काल से ही मेला मड़ई ग्रामीणों के लिए अपने रिश्तेदारों से मिलने, जरूरी सामान खरीदने का साधन हुआ करते हैं। मेला मड़ई को सफल बनाने के लिए विभिन्न समितियों का गठन किया जाता है जिनकी देखरेख में मेला का आयोजन किया जाता है। मेला मड़ई में पेयजल सुविधा व अन्य व्यवस्था की जिम्मेदारी नगर प्रशासन की होती है वही कानून व्यवस्था पुलिस प्रशासन संभालता है। अंचल में आयोजित होने वाले मेला मड़ई में रात में पारंपरिक नृत्य एवम नाट की प्रतियोगिता आयोजित की जाती है। इस बार तीन दिवसीय गीदम मेला मड़ई में शनिवार को मां दंतेश्वरी की डोली नगर पहुंची। जहाँ मां की डोली का भव्य स्वागत किया गया। उसके बाद भैरमबाबा मंदिर में पूजा अर्चना के पश्चात माई जी की डोली के साथ नगर की परिक्रमा की गई। इसे स्थानीय भाषा मे परघाव कहा जाता है। लोगों की मान्यता है कि माता की डोली के नगर भ्रमण से नगर में सुख समृद्धि व शांति आती है। नगर परघाव में माता की डोली के साथ आदिवासी ढोल नृत्य आकर्षण का केंद्र रहा। माता के डोली के दर्शन के लिए नगर की जनता का हुजूम उमड़ पड़ा। सभी माता के दर्शन के लिये आतुर दिखाई दिए। मां दंतेश्वरी स्तम्भ में ध्वजारोहण किया गया। शाम के समय आदिवासी नृत्य, उड़िया नाट्य व चलचित्र का प्रदर्शन किया जायेगा। इस दौरान विधायक चैतराम अटामी, नगर पंचायत अध्यक्ष रजनीश सुराना सहित सभी जन प्रतिनिधि व नगर के सभी गणमान्य नागरिक शामिल हुए।

विकास, सुशासन और राष्ट्रवाद की बदौलत बंगाल में भाजपा ने रचा इतिहास: महेश गागड़ा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बीजापुर,5 मई। बंगाल के विधानसभा चुनाव में पहली बार भारतीय जनता पार्टी ने ऐतिहासिक जीत दर्ज की है। भाजपा के कुशल नेतृत्व क्षमता के साथ-साथ विकास के दावे और सुशासन के मुद्दा ने अहम भूमिका निभाई है। बंगाल की जीत सभी कार्यकर्ताओं की जीत हैं। कार्यकर्ताओं के संघर्ष का परिणाम है जिन्होंने बंगाल के लोकतांत्रिक मूल्यों को बचाने के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर किया। पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी के चुनाव परिणामों में भाजपा और एनडीए को शानदार जीत मिली ।

जीत पर हर्ष व्यक्त करते हुए पूर्व मंत्री महेश गागड़ा ने इसे लाखों सनातनी विकास और राष्ट्रवाद की जीत बताया है। पश्चिम बंगाल में पहली बार पूर्ण बहुमत के साथ भाजपा की सरकार बनना एक ऐतिहासिक कदम है। महेश गागड़ा ने असम में भाजपा की लगातार तीसरी बार जीत को सुशासन, संगठन की मजबूती, कार्यकर्ताओं की अथक मेहनत और शीर्ष नेतृत्व के प्रभावी मार्गदर्शन का परिणाम बताया। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति अटूट विश्वास ने असम को विकास के नया आयाम, जनता का विश्वास और सुशासन महत्व ने बड़ी जीत दिलाई। साथ ही पुडुचेरी में पार्टी का शानदार प्रदर्शन ने भाजपा शानदार जीत का परिणाम हैं। इन तीनों जगह का शानदार जीत पर छत्तीसगढ़ के बीजापुर विधानसभा में पूर्व मंत्री एवं छत्तीसगढ़ वॉलीबॉल संघ के प्रदेश अध्यक्ष महेश गागड़ा ने भैरमगढ़ में कार्यकर्ताओं के संग मिठाई खिलाकर जश्न मनाया। सभी कार्यकर्ताओं को बधाई शुभकामनाएं दीं ।

सट्टा के मामले में चार गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भिलाई, 5 मई। भिलाई ऑनलाइन सट्टा ऐप से आईपीएल सट्टा में दांव लगाने वाले चार युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है युवकों के पास से नगदी, मोबाइल जब्त किया गया है पाटन टीआई राजेश मिश्रा ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर बाजार चौक पाटन में कुछ युवकों द्वारा मोबाइल एप के माध्यम से आईपीएल क्रिकेट मैचों पर अवैध रूप से रुपये का दांव लगाकर सट्टा संचालित कर रहे थे। मौके पर पुलिस पहुंची और चारों युवको को पकड़ लिया। जिसमें सुभाष चौक पाटन निवासी करन देवांगन, शांति नगर भिलाई 3 उत्तम निषाद, ग्राम अटारी वार्ड - 15 पाटन गोपाल निषाद, लोकेश उर्फ अरमान यादव शामिल है। युवकों द्वारा मोबाइल फोन जांच करने पर सायलेंट 777 ऐप के माध्यम से ऑनलाइन सट्टा खेलना, खिलाना पाया गया। पूछताछ में युवकों ने बताया कि 15 दिन पूर्व एप का लिंक खरीदकर आईपीएल सट्टा संचालन करना स्वीकार किया।

माओवादियों का गढ़ कहे जाने वाला तर्रेम बना स्वास्थ्य मॉडल: राष्ट्रीय गुणवत्ता प्रमाणन हासिल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बीजापुर 5 मई। विकासखंड उसूर का अतिसंवेदनशील ग्राम तर्रेम, जो कभी माओवादी प्रभाव के कारण पिछड़े क्षेत्र के रूप में जाना जाता था, आज स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में नई पहचान बना चुका है। जिला मुख्यालय से लगभग 80 किमी दूर स्थित ग्राम तर्रेम में अब बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं के चलते लोगों का भरोसा तेजी से बढ़ा है।

राज्य सरकार की पहल से क्षेत्र में पहुंच आसान हुई है, जिससे स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार संभव हुआ। आयुष्मान आरोग्य मंदिर तर्रेम में प्रतिदिन 25 से 30 मरीजों की ओपीडी, सुरक्षित प्रसव सेवाएं तथा लैब जांच की सुविधाएं नियमित रूप से उपलब्ध कराई जा रही हैं। अस्पताल प्रबंधन, स्वच्छता, मरीजों के प्रति संवेदनशील व्यवहार और 102 व 108 एम्बुलेंस सेवाओं के प्रभावी संचालन के साथ आयुष्मान भारत योजना सहित अन्य शासकीय योजनाओं का सफल क्रियान्वयन हो रहा है।कलेक्टर संबित मिश्रा के मार्गदर्शन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बीआर पुजारी के नेतृत्व में आकांक्षी विकासखंड उसूर के आयुष्मान आरोग्य मंदिर तर्रेम को राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक ह्नक्र्र प्रमाणन प्राप्त हुआ है।केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा 16 फरवरी 2026 से वर्चुअल मूल्यांकन किया गया जिसमें 12 सेवाओं के आधार पर कुल 88.19: अंक प्राप्त हुए। मूल्यांकन के दौरान स्वास्थ्य केंद्र के समस्त स्टाफ सीएचओ, आरएचओ महिला एवं पुरुष से राष्ट्रीय कार्यक्रमों और ग्रामीणों को दी जा रही सेवाओं पर विस्तार से जानकारी ली गई, जिसमें सभी कर्मी सफल रहे।इस दौरान जिला कार्यक्रम प्रबंधक वरुण साहू, नर्सिंग ऑफिसर मानसी ताटपल्ली, विकासखंड चिकित्सा अधिकारी डॉ उमेश ठाकुर, सेक्टर प्रभारी डॉ शिवा गौरी, ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधक श्रवण नेताम, डाटा प्रबंधक निरंजन भोई सहित समस्त स्वास्थ्य स्टाफ, सीएचओ, आरएचओ, एएनएम एवं मितानिनों का विशेष योगदान रहा।

भाजपा की जीत उत्साह, नेतृत्व और रणनीति की सफलता:ठाकुर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

कांकेर, 5 मई। भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष कांकेर, पुष्पेंद्र सिंह ठाकुर ने पश्चिम बंगाल, असम एवं पुडुचेरी में पार्टी के प्रदर्शन पर हर्ष व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि यह सफलता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व, संगठन की मजबूत रणनीति और कार्यकर्ताओं की निरंतर मेहनत का परिणाम है। उनके अनुसार, यह जीत पार्टी की विचारधारा और नीतियों पर जनता के भरोसे को दर्शाती है।

जनता के विश्वास और सुशासन की जीत

पुष्पेंद्र सिंह ठाकुर ने कहा कि यह केवल एक चुनावी जीत नहीं है, बल्कि यह देश की जनता के विश्वास, विकास और सुशासन की जीत है। उन्होंने जोर देकर कहा कि भाजपा ने हमेशा जनहित को

प्राथमिकता दी है और यही कारण है कि जनता लगातार पार्टी के साथ खड़ी नजर आ रही है। पश्चिम बंगाल में बदलाव के संकेतपश्चिम बंगाल का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि वर्षों से चली आ रही राजनीतिक परिस्थितियों के बावजूद भाजपा का मजबूत होकर उभरना इस बात का स्पष्ट संकेत है कि जनता अब परिवर्तन चाहती है। उन्होंने कहा कि राज्य की जनता विकास और नई दिशा की ओर बढ़ना चाहती है, और भाजपा को मिल रहा समर्थन इसी बदलाव का प्रतीक है।

असम में विकास कार्यों पर जनता की मुहर

असम में भाजपा की पुनः सरकार बनने पर उन्होंने इसे राज्य में किए गए विकास कार्यों और जनकल्याणकारी योजनाओं की सफलता बताया। उन्होंने कहा कि जनता ने अपने अनुभव के आधार पर भाजपा को दोबारा अवसर दिया है, जो यह दर्शाता है कि सरकार की नीतियां और योजनाएं जमीन पर असरदार रही हैं।

पुडुचेरी और दक्षिण भारत में बढ़ता प्रभाव, युवा मोर्चा की भूमिका

पुडुचेरी में पार्टी के बेहतर प्रदर्शन को उन्होंने दक्षिण भारत में भाजपा के बढ़ते प्रभाव का संकेत बताया। साथ ही उन्होंने युवा मोर्चा की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि युवाओं की सक्रिय भागीदारी ने पार्टी को नई ऊर्जा दी है। उन्होंने कहा कि युवा कार्यकर्ता संगठन की रीढ़ बनकर काम कर रहे हैं और भविष्य में भी भाजपा को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

शिक्षा, संस्कृति ,स्वास्थ्य और खेल के प्रोत्साहन से क्षेत्र का कायाकल्प कर रहा एएम,एनएस इंडिया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

दंतेवाड़ा/गीदम, 5 मई। आर्सेलर मित्तल निप्पॉन स्टील इंडिया (एएम/एनएस इंडिया) किरंदुल ने अपनी कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति अपनी अटूट प्रतिबद्धता को दोहराते हुए क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए एक साथ कई बड़े कदम उठाए हैं जिसके सकारात्मक परिणाम अब धरातल पर नजर आने लगे हैं। कंपनी द्वारा संचालित बाल ज्योति निःशुल्क नेत्र जांच शिविर इसी दिशा में एक अत्यंत महत्वपूर्ण और मानवीय पहल साबित हुई है जिसके तहत बीते दिनों शासकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय गीदम में एक विशेष वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान खंड शिक्षा अधिकारी सुश्री भवानी और शिक्षा विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति में क्षेत्र के 12 अलग-अलग स्कूलों से चिन्हित किए गए कुल 133 दृष्टि दोष से प्रभावित बच्चों को उच्च गुणवत्ता वाले चश्मे प्रदान किए गए। इन चश्मों को संबंधित स्कूलों के शिक्षकों को हैंडओवर किया गया ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि आर्थिक तंगी या जानकारी के अभाव में किसी भी बच्चे की शिक्षा में उसकी कमजोर दृष्टि कभी बाधा न बने और वे स्पष्ट विजन के साथ अपनी सुनहरी भविष्य की राह चुन सकें।

शिक्षा के साथ-साथ बौद्धिक और सांस्कृतिक विरासत को सहेजने की दिशा में भी एएम/एनएस इंडिया ने अपनी सक्रिय भागीदारी दर्ज कराई है। कंपनी के सहयोग से अरविंद कॉलेज में %भारतीय ज्ञान परंपरा- गुरुकुल से ग्लोबल तक% विषय पर एक उच्च स्तरीय दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस संगोष्ठी ने देशभर के शिक्षाविदों और शोधकर्ताओं को एक साझा मंच प्रदान किया जिसमें लगभग 160 विद्वानों ने हाइब्रिड माध्यम यानी ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों तरीकों से जुड़कर प्राचीन भारतीय शिक्षा पद्धति की वैश्विक प्रासंगिकता पर गहन मंथन किया। इस आयोजन के समापन समारोह में कंपनी के प्रतिनिधियों ने भी हिस्सा लिया और भारतीय ज्ञान के अंतरराष्ट्रीय प्रसार में अपना समर्थन व्यक्त किया जिससे स्थानीय शैक्षणिक माहौल को एक नई वैश्विक दृष्टि प्राप्त हुई है।

इसी क्रम में ग्रामीण अंचल की खेल प्रतिभाओं को आधुनिक संसाधन उपलब्ध कराने की अपनी मुहिम को आगे बढ़ाते हुए एएम/एनएस इंडिया ने चोलनार ग्राम पंचायत में दो दिवसीय भव्य कबड्डी टूर्नामेंट का शानदार आगाज किया। इस आयोजन का उद्घाटन राघवुलु (महाप्रबंधक बीपी एंड एसपी) द्वारा जिला एवं जनपद पंचायत सदस्यों सरपंच कुआकोंडा सरपंच संघ के अध्यक्ष और बड़ी संख्या में उपस्थित ग्रामीणों के बीच किया गया। इस आयोजन की सबसे खास बात यह रही कि उद्घाटन मैच चोलनार की %ए% और %बी% टीम के बीच उसी प्रो-कबड्डी मैट पर खेला गया जिसे कंपनी ने पिछले माह ही स्थानीय युवाओं के अनुरोध पर उपलब्ध कराया था। अत्याधुनिक मैट पर खिलाड़ियों का उत्साह देखते ही बन रहा था । इसी क्रम में हिरोली ग्राम पंचायत में आयोजित भव्य टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट में भी एएम/एनएस इंडिया ने अपना सक्रिय समर्थन और सहयोग सुनिश्चित किया जिसमें क्षेत्र की कुल 32 टीमों ने अपनी खेल क्षमता का प्रदर्शन किया। इस टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला हिरोली और बचेली की टीमों के बीच खेला गया जिसमें शानदार प्रदर्शन करते हुए बचेली की टीम ने ट्रॉफी पर कब्जा जमाया और विजेता टीम को दिया जाने वाला प्रथम पुरस्कार एएम/एनएस इंडिया किरंदुल की ओर से प्रदान किया गया जो युवाओं को खेलों से जुड़ने के लिए एक बड़ी प्रेरणा साबित हो रहा है, जिससे यह स्पष्ट हो गया कि यदि ग्रामीण युवाओं को सही संसाधन मिलें तो वे राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना सकते हैं। एएम/एनएस इंडिया द्वारा शिक्षा में स्वास्थ्य के समावेश ज्ञान के प्रसार और खेलों के आधुनिकीकरण के लिए किए जा रहे ये एकीकृत प्रयास स्थानीय समुदाय के जीवन स्तर में व्यापक सुधार लाने और युवाओं को सशक्त बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित हो रहे हैं।

थोक औषधि विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों की टीम ने जांच की

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

रायगढ़, 5 मई । छत्तीसगढ़ शासन के लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा चिकित्सा शिक्षा विभाग के निर्देशों के अनुरूप प्रदेशभर में संचालित 15 दिवसीय सघन जांच अभियान के तहत आज रायगढ़ शहर में खाद्य एवं औषधि प्रशासन द्वारा स्वापक औषधियों के थोक विक्रेताओं के यहां व्यापक जांच एवं निरीक्षण की कार्रवाई की गई। ÷सही दवा, शुद्ध आहार, यही छत्तीसगढ़ का आधार÷ थीम पर आधारित यह अभियान 27 अप्रैल 2026 से 11 मई 2026 तक प्रदेशभर में चलाया जा रहा है, जिसका उद्देश्य आम नागरिकों को सुरक्षित एवं गुणवत्ता युक्त खाद्य एवं औषधियां उपलब्ध कराना है।निर्धारित कार्ययोजना के तहत 4 मई 2026 को रायगढ़ शहर में चिन्हांकित थोक औषधि विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों में पहुंचकर अधिकारियों ने औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम 1940 एवं नियमावली 1945 के प्रावधानों के अंतर्गत क्रय-विक्रय से संबंधित दस्तावेजों की सघन जांच की। इस दौरान दवाओं के भंडारण, रिकॉर्ड संधारण एवं वैधता से जुड़े पहलुओं का बारीकी से निरीक्षण किया गया। जांच अभियान के अंतर्गत शुभ सर्जिकल (स्टेशन रोड), अंबिका इंटरप्राइजेस (रेलवे स्टेशन के पास), अमर इंटरप्राइजेस (नगर पालिका निगम कॉम्प्लेक्स), सुधीर केमिस्ट (सावित्रीनगर) तथा मेडिकोर (लोचन नगर) सहित कुल 5 थोक औषधि विक्रेताओं को चिन्हांकित कर उनके प्रतिष्ठानों में जांच कार्रवाई संपादित की गई। खाद्य एवं औषधि प्रशासन के अधिकारियों ने इस प्रकार की कार्रवाई का मुख्य उद्देश्य दवा वितरण प्रणाली में पारदर्शिता लाना, अवैध या अनियमित गतिविधियों पर अंकुश लगाना तथा आमजन को सुरक्षित दवाएं उपलब्ध कराना बताया है। अभियान के दौरान नियमों के उल्लंघन पाए जाने पर नियमानुसार कड़ी कार्रवाई भी सुनिश्चित की जाएगी। प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे केवल प्रमाणित एवं लाइसेंसधारी विक्रेताओं से ही दवाएं खरीदें तथा किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि की जानकारी संबंधित विभाग को दें, ताकि जनस्वास्थ्य की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

पुसौर सीएचसी एनक्यूएएस में प्रदेश में प्रथम स्थान पर

रायगढ़, 5 मई। रायगढ़ जिले के पुसौर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) ने स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता के क्षेत्र में एक नया मुकाम हासिल करते हुए प्रदेश भर में अपनी अलग पहचान बनाई है। राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक (एनक्यूएएस) प्रमाणन प्राप्त कर इस स्वास्थ्य केंद्र ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों की श्रेणी में प्रदेश में सर्वाधिक अंक अर्जित करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया है।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र द्वारा मार्च 2026 में किए गए बाह्य मूल्यांकन के आधार पर पुसौर सीएचसी को यह प्रतिष्ठित प्रमाणन प्रदान किया गया। मूल्यांकन के दौरान अस्पताल की साफ-सफाई, मरीजों को दी जा रही सुविधाएं, प्रबंधन व्यवस्था, स्टाफ की कार्यकुशलता और मरीजों के प्रति व्यवहार जैसे विभिन्न मानकों पर गहन परीक्षण किया गया, जिसमें पुसौर सीएचसी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।पिछले कुछ समय में किए गए व्यापक सुधारों के बाद अब पुसौर स्वास्थ्य केंद्र पूरी तरह आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित हो चुका है। यहां आने वाले मरीजों को स्वच्छ, सुव्यवस्थित और आरामदायक वातावरण मिलता है, जिससे उन्हें निजी अस्पताल जैसा अनुभव प्राप्त होता है। अस्पताल में बेहतर साफ-सफाई, व्यवस्थित रिकॉर्ड प्रबंधन, प्रशिक्षित एवं संवेदनशील स्टाफ और मरीजों के प्रति मानवीय व्यवहार ने इसे आमजन के बीच भरोसेमंद स्वास्थ्य केंद्र बना दिया है।रायगढ़ विधायक एवं प्रदेश के वित्त मंत्री श्री ओ.पी.चौधरी ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि पुसौर सीएचसी का यह प्रदर्शन राज्य सरकार की गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि इस केंद्र द्वारा स्थापित किए गए उच्च मानक अन्य स्वास्थ्य संस्थानों के लिए प्रेरणास्रोत हैं और यह उपलब्धि संसाधनों के बेहतर उपयोग, सतत मॉनिटरिंग तथा स्वास्थ्य कर्मियों के समर्पण का परिणाम है। वहीं रायगढ़ कलेक्टर ने स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टरों और स्टाफ को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता उत्कृष्ट टीमवर्क, कुशल प्रबंधन और सेवा भावना का प्रतिफल है। उन्होंने कहा कि पुसौर सीएचसी ने गुणवत्ता सुधार का एक आदर्श मॉडल प्रस्तुत किया है, जिसे जिले के अन्य स्वास्थ्य संस्थानों में भी लागू करने के प्रयास किए जाएंगे, ताकि आमजन को बेहतर और भरोसेमंद स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हो सकें।मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनिल कुमार जगत ने भी इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए पूरी टीम को बधाई दी। इस अवसर पर खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. विनोद नायक, विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधक श्री नवीन शर्मा तथा चिकित्सा अधिकारी डॉ. दिनेश कुमार नायक ने अस्पताल के सभी डॉक्टरों, नर्सों एवं कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि एनक्यूएएस का मुख्य उद्देश्य मरीजों को सुरक्षित, स्वच्छ और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है। पुसौर सीएचसी की इस सफलता से न केवल पुसौर बल्कि आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के नागरिकों को भी बेहतर, सुरक्षित और सुलभ स्वास्थ्य सेवाओं का सीधा लाभ मिल रहा है।

एक नजर

उचित मूल्य दुकान संचालन के लिए 13 मई तक आवेदन आमंत्रित

रायगढ़, 5 मई । सार्वजनिक वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश के तहत नगर निगम रायगढ़ अंतर्गत वार्ड क्रमांक 25-कौहाकुण्डा रायगढ़ में युक्तियुक्तकरण के तहत नवीन उचित मूल्य दुकान संचालन एजेंसी की नियुक्ति की जानी है। खाद्य अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि दुकान संचालन हेतु इच्छुक स्थानीय नगरीय निकाय, महिला स्व-सहायता समूह, प्राथमिक कृषि साख समितियां, अन्य सहकारी समितियां, वन सुरक्षा समिति अपने पंजीयन प्रमाण-पत्र एवं अन्य सुसंगत दस्तावेजों सहित निर्धारित प्रपत्र में आवेदन 13 मई 2026 तक कार्यालय कलेक्टर खाद्य शाखा, रायगढ़ में जमा कर सकते है। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदन पत्रों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

जनसमस्या निवारण शिविर में मिली तालाब निर्माण की स्वीकृति

मोहला, 5 मई । सुशासन तिहार के अंतर्गत आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर आमजन के लिए राहत और समाधान का प्रभावी माध्यम बनकर उभर रहा है। ग्राम विचारपुर के आश्रित ग्राम ठाकुरबाधा के ग्रामीणों को इस शिविर के माध्यम से एक बड़ी सौगात मिली है। यहां जल संचयन के लिए तालाब निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गई है। इस पहल से वर्षों से जल संकट का सामना कर रहे ठाकुरबाधा के ग्रामीणों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। ग्राम विचारपुर की सरपंच श्रीमती पूनई बाई खोभा ने इस स्वीकृति के लिए मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के प्रति आभार व्यक्त किया है। सरपंच श्रीमती खोभा ने बताया कि ठाकुरबाधा में लंबे समय से जल समस्या बनी हुई थी, जिससे ग्रामीणों को दैनिक उपयोग और खेती-किसानी में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। अब तालाब निर्माण से जल संचयन को बढ़ावा मिलेगा और गांव में स्थायी जल उपलब्धता सुनिश्चित हो सकेगी। विचारपुर में आयोजित शिविर में पहुंचे ग्रामीणों ने सुशासन तिहार को एक प्रभावी पहल बताया, जिसके माध्यम से प्रशासन सीधे जनता की समस्याओं का समाधान कर रहा है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में विकास को नई गति मिल रही।

कस्तूरबा आवासीय विद्यालयों में प्रवेश की अंतिम तिथि 10 जून

महासमुंद ,5 मई । समग्र शिक्षा अंतर्गत जिले में संचालित कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालयों में कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए प्रवेश फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि 10 जून 2026 तक निर्धारित है। जिला मिशन समन्वय समग्र शिक्षा श्री रेखराज शर्मा ने बताया कि सत्र 2026-27 के लिए कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय सुनसुनिया विकासखंड बागबाहरा, कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय लाखागढ़ विकासखंड पिथौरा एवं कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय बंसुला विकासखंड बसना में कक्षा 06वीं में प्रवेश हेतु प्रवेश फार्म का वितरण उक्त आवासीय विद्यालयों में 01 मई 2026 से प्रारंभ हो गया है। प्रवेश फार्म जमा करने की अंतिम तिथि 10 जून 2026 तक निर्धारित है।उन्होंने बताया कि कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय सुनसुनिया, बागबाहरा एवं कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय लाखागढ़, पिथौरा में कक्षा 06वीं के लिए 32-32 रिक्त सीट, तथा कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय बंसुला, बसना में कक्षा 06वीं में 30 रिक्त सीट है।कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय शालात्यागी, अनाथ, एकल पालक, दिव्यांग, अल्पसंख्यक तथा अनुसूचित जाति/जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के बीपीएल श्रेणी की बालिकाओं को शासन द्वारा निर्धारित नियमानुसार प्रवेश दिया जाता है। अधिक जानकारी के लिए संबंधित कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में कार्यालयीन समय में संपर्क कर सकते है।

प्रयास आवासीय विद्यालयों में कक्षा 9वीं में प्रवेश के लिए प्राक्रयन परीक्षा 10 मई को

महासमुंद, 5 मई । प्रदेश के प्रतिभावान विद्यार्थियों को उत्कृष्ट स्कूली शिक्षा के साथ-साथ मेडिकल, इंजीनियरिंग, सीए, सीएस, सीएमए, क्लैट एवं एनडीए जैसी राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से राज्य शासन द्वारा मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजना अंतर्गत प्रयास आवासीय विद्यालय संचालित किए जा रहे हैं।सहायक आयुक्त आदिवासी विकास ने बताया कि शैक्षणिक सत्र 2026-27 में प्रयास आवासीय विद्यालयों के कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु प्राक्रयन परीक्षा का आयोजन 10 मई 2026 को किया जाएगा। परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र डाउनलोड करने की प्रक्रिया 09 मई 2026 तक जारी रहेगी।प्राक्रयन परीक्षा के दिन अभ्यर्थियों को प्रातः 09:30 बजे से 10:00 बजे तक ओएमआर शीट भरने का समय दिया जाएगा।

इसके पश्चात परीक्षा प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 01:00 बजे तक आयोजित होगी। अभ्यर्थी अपना प्रवेश पत्र विभागीय वेबसाइट https://eklavya.cg.nic.in/PRSMS/Student-Admission-Detail पर डाउनलोड कर सकते हैं। प्रवेश प्रक्रिया से संबंधित विस्तृत जानकारी विभागीय वेबसाइट एवं जिले के सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

छात्रावासों में मासिक स्वास्थ्य जांच के लिए चिकित्सक 25 मई तक कर सकते हैं आवेदन

रायगढ़, 5 मई। जिले में संचालित छात्रावास/आश्रमों में वर्ष 2026-27 हेतु प्रवेशित अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों के लिए स्वास्थ्य सुरक्षा हेतु रायगढ़ जिले के निजी प्रेक्टिशनरों जिनकी योग्यता एमबीबीएस, बीएएमएस एवं बीएचएमएस डिग्रीधारी चिकित्सकों से एक या एक से अधिक संस्थाओं (छात्रावास/आश्रम) के लिए 25 मई 2026 तक आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए है। इच्छुक चिकित्सक अपना आवेदन कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास रायगढ़ में निर्धारित तिथि तक कार्यालयीन समय में पंजीकृत डाक से भेज सकते है।

सहायक आयुक्त आदिवासी विकास कार्यालय, रायगढ़ से प्राप्त जानकारी के अनुसार निजी प्रेक्टिशनर चिकित्सकों को जिले में स्वीकृत 50 सीटर छात्रावास/आश्रमों में प्रवेशित छात्र-छात्राओं के चिकित्सकीय परीक्षण हेतु 750 रुपये प्रति भ्रमण एवं 100 सीटर छात्रावास/आश्रमों में छात्र-छात्राओं के चिकित्सकीय परीक्षण हेतु 1200 रुपये प्रतिभ्रमण मानदेय भुगतान दिया जाएगा। निजी चिकित्सक माह में कम से कम दो बार छात्रावास/आश्रम के छात्रों का स्वास्थ्य परीक्षण करेंगे। साथ ही प्रत्येक छात्रावास/आश्रम के विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण उपरांत एक स्वास्थ्य पंजी में विवरण दर्ज करेंगे। इच्छुक निजी चिकित्सक अपने लेटर पेड में आवेदन पत्र के साथ शासकीय/मान्यता प्राप्त मेडिकल कालेज/संस्था से उत्तीर्ण चिकित्सक डिग्री एवं चिकित्सकीय कार्य का सक्षम अधिकारी द्वारा जारी अनुभव प्रमाण-पत्र, निवास प्रमाण-पत्र, रजिस्ट्रेशन प्रमाण-पत्र, स्थायी/अस्थायी मोबाइल नंबर, वर्तमान पता तथा भारतीय स्टेट बैंक के खाता के प्रथम पृष्ठ (जहां फोटो चस्पा हो) एवं पेन कार्ड की छायाप्रति के साथ कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास रायगढ़ में निर्धारित तिथि तक कार्यालयीन समय में पंजीकृत डाक से भेज सकते है।

आवेदन पत्र सीधे कार्यालय में नहीं लिया जाएगा। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदन पत्र मान्य नहीं किए जायेंगे। नये अभ्यर्थी उल्लेखित समस्त दस्तावेज/प्रमाण-पत्र के साथ आवेदन कर सकेंगे तथा पूर्व में अनुबंधित (कार्य कर चुके)अभ्यर्थी अपने लेटर पेड में सामान्य आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकेंगे। निजी चिकित्सकों का चयन जिला स्तरीय चयन समिति के निर्णय द्वारा पात्रता के आधार पर किया जाएगा। चिकित्सकीय कार्य हेतु अनुबंध के संबंध में चयन समिति का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। नियमों एवं शर्तो की विस्तृत जानकारी सहायक आयुक्त आदिवासी विकास कार्यालय, रायगढ़ में कार्यालयीन दिवस एवं समय पर संपर्क कर सकते है।

कुकरेल में समाधान शिविर में 10 पंचायतों के लोग हुए शामिल

धमतरी, 5 मई । छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार 01 मई से 10 जून 2026 तक आयोजित सुशासन तिहार के अंतर्गत जन शिकायतों के त्वरित निराकरण हेतु विशेष अभियान जारी है। इसी कड़ी में 4 मई को विकासखण्ड नगरी के ग्राम पंचायत कुकरेल में जनसमस्या निवारण शिविर का सफल आयोजन किया गया, जिसमें 17 ग्राम पंचायतों के ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

शिविर में ग्राम पंचायत कुकरेल, दरगहन, सलोनी, छुही, सियादेही, कांटाकुरीडीह, बनबगौद, माकरदोना, बाजार कुर्रीडीह, झुरातराई, कुम्हड़ा, डोकाल, केरेगांव, भोथापारा, चनागांव, सियारीनाला एवं खैरभरी के ग्रामीण शामिल हुए। शिविर में कुल 314 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें 306 मांग एवं 08 शिकायतें शामिल रहीं। इनमें से 266 आवेदनों (262 मांग एवं 04 शिकायत) का त्वरित निराकरण मौके पर ही किया गया, जबकि शेष आवेदनों को शीघ्र निराकरण हेतु संबंधित विभागों को प्रेषित किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष अरूण सार्वा, जनपद पंचायत नगरी के अध्यक्ष श्री महेश गोटा, उपाध्यक्ष श्री हृदय साहू, सभापति श्री शुभंम यदु, जनपद सदस्य श्रीमति चन्द्रकला साहू एवं श्रीमति ईश्वरी नेताम सहित जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। ग्राम पंचायत कुकरेल के सरपंच श्री ओंकार सिंह नेताम सहित अन्य ग्राम पंचायतों के सरपंच एवं पंचगण भी उपस्थित रहे।

कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री गजेन्द्र सिंह ठाकुर, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) नगरी श्रीमति प्रीति दुर्गम, नोडल अधिकारी श्री शिव कुमार चन्द्राकर, जल संसाधन विभाग, आदिवासी विकास विभाग, पंचायत एवं राजस्व विभाग सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने शिविर में लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण कर आमजनों से संवाद किया।शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा योजनाओं की जानकारी दी गई तथा पात्र हितग्राहियों को मौके पर ही लाभान्वित किया गया। विशेष रूप से राजस्व, पंचायत, कृषि, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, शिक्षा तथा सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से संबंधित सेवाएं उपलब्ध कराई गईं। ग्रामीणों को शासन की योजनाओं का लाभ सरल एवं पारदर्शी तरीके से दिलाने पर जोर दिया गया।प्रशासन द्वारा यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि प्रत्येक आवेदन का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निराकरण हो। शिविरों के माध्यम से ग्रामीणों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने तथा शासन-प्रशासन के प्रति विश्वास को और मजबूत करने का प्रयास किया जा रहा है। सुशासन तिहार के तहत जिले में आगे भी विभिन्न स्थानों पर इस प्रकार के शिविर आयोजित किए जाएंगे, जिससे आम नागरिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जा सके।

कुटीर उद्योगों की स्थापना एवं ऋण प्रकरण तैयार करने शिविर 8 मई को ठेनही में

धमतरी, 5 मई । खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड में संचालित योजनाओं के अंतर्गत कुटीर उद्योगों की स्थापना एवं ऋण प्रकरण तैयार करने के लिए नगरी विकासखण्ड के ग्राम पंचायत ठेनही में आगामी 8 मई को शिविर आयोजित किया जाएगा। प्रबंधक, ग्रामोद्योग, जिला पंचायत धमतरी ने बताया कि योजना के तहत विभिन्न व्यवसाय के लिए शिविर में ऋण लेने वाले इच्छुक 18 से 45 वर्ष तक की आयु के आवेदकों को आवेदन पत्र तैयार करने के लिए सक्षम अधिकारी द्वारा जारी स्थायी जाति प्रमाण पत्र, मूल निवास प्रमाण पत्र, ग्राम पंचायत का अनापत्ति प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, राशन कार्ड, शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र, प्रोजेक्ट रिपोर्ट, बैंक पासबुक की दो-दो फोटोकॉपी एवं 2 पासपोर्ट साईज फोटो साथ में लाना अनिवार्य है।बताया गया कि मुख्यमंत्री रोजगार सृजन एवं प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के तहत कुटीर उद्योग (दोना-पत्तल, घानी तेल उद्योग, फल और खाद्य प्रसंस्करण उद्योग) आदि उद्योगों के माध्यम से स्वरोजगार स्थापित करने सेवा क्षेत्र अंतर्गत न्यूनतम एक लाख रूपये से ऋण राशि 20 लाख रूपये अधिकतम तक लागत की परियोजनाएं बैंकों के माध्यम से स्वीकार होती हैं। ग्रामीण क्षेत्र के लिए स्वीकृत परियोजना लागत राशि का 35 प्रतिशत तथा शहरी क्षेत्र के लिए स्वीकृत परियोजना लागत राशि का 25 प्रतिशत का अनुदान के रूप में लाभ दिया जाता है।

सुशासन तिहार में मिला सुरक्षित आशियाने का उपहार

शासन पहुँचा घर के द्वार,सपने हुए साकार

मोहला, 5 मई । सुशासन तिहार 2026 के अंतर्गत ग्राम पंचायत विचारपुर में आयोजित जन-समस्या निवारण शिविर ने सुशासन की सार्थकता को जमीन पर उतारते हुए एक प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया। यह शिविर केवल एक आयोजन नहीं था, बल्कि ऐसा मंच बना, जहाँ शासन ने सीधे जनता से जुड़कर उनकी समस्याओं का समाधान किया और योजनाओं का त्वरित लाभ हितग्राहियों तक पहुँचाया।

शिविर के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत श्रीमती केजा बाई, श्रीमती शांति बाई और श्रीमती सुलोचना बाई को उनके पूर्ण हो चुके पक्के मकानों की चाबी सौंपी गई। वर्षों से कच्चे और असुरक्षित घरों में जीवन बिताने वाली इन महिलाओं के लिए यह पल बेहद भावुक और संतोष से भरा हुआ था। बरसात में टपकती छत, मौसम की मार और असुरक्षा के बीच बीता उनका संघर्षपूर्ण जीवन अब एक सुरक्षित और सम्मानजनक आशियाने में बदल चुका है। जब मंच से उन्हें उनके नए घर की चाबी प्रदान की गई, तो यह भावुक पल उनके सपनों के साकार होने का प्रतीक बन गया। उनके चेहरे की मुस्कान और आँखों की चमक इस बात की गवाही दे रही थी कि सुशासन तिहार जैसी पहल वास्तव में लोगों के जीवन में बदलाव ला रही हैं। सुशासन तिहार के माध्यम से शासन का मुख्य उद्देश्य योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाना और समस्याओं का त्वरित समाधान करना है। विचारपुर में आयोजित यह शिविर उसी उद्देश्य की सफल परिणति साबित हुआ। इस पहल ने यह स्पष्ट कर दिया कि जब प्रशासन संवेदनशीलता और प्रतिबद्धता के साथ कार्य करता है, तो योजनाएँ केवल कागजों में नहीं रहतीं, बल्कि लोगों के जीवन को संवारने का माध्यम बनती हैं। सुशासन तिहार केवल एक अभियान नहीं, बल्कि जनकल्याण का एक सशक्त माध्यम है, जो लोगों के जीवन में सुरक्षा, सम्मान और नई उम्मीद लेकर आ रहा है।

जन समस्या निवारण शिविर में हितग्राहियों की समस्याओं का किया गया समाधान

मोहला 5 मई । शासन द्वारा चलाए जा रहे सुशासन तिहार जनसामान्य के लिए खुशहाली की दस्तक लेकर आया है। जहां एक ही मंच पर हितग्राहियों की समस्याएं और मांगों का त्वरित समाधान किया जा रहा है।

जनसामान्य की समस्याओं का निदान होने से उनके चेहरे पर चमक साफ देखने को मिल रहा है। जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी के अंतर्गत आज अम्बागढ़ चौकी विकासखंड के ग्राम विचारपुर में सुशासन तिहार 2026 अंतर्गत जन समस्या निवारण शिविर में ग्रामीणों की समस्याओं के निराकरण के लिए प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए कुल 973 आवेदनों में से 16 प्रकरणों का मौके पर ही निराकरण किया। शेष आवेदनों के निराकरण के लिए संबंधित विभागों को प्रेषित कर समय-सीमा निराकरण करने के निर्देश दिए गए हैं।

शिविर का शुभारंभ जनपद अध्यक्ष अंबागढ़ चौकी श्री पुनऊ राम फुलकावरे ने छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा-अर्चना कर किया। कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति नें विभिन्न विभागों के स्टालों का निरीक्षण कर हितग्राहियों को शासन की योजनाओं से लाभान्वित करने के दिए निर्देश। शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारियों द्वारा आमजनों को शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी गई तथा पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ लेने प्रोत्साहित करने के साथ ही विभागीय योजनाओं के लाभ लेने आवश्यक प्रक्रिया से अवगत कराया। मौके पर विभिन्न योजनाओं के तहत हितग्राहियों को लाभान्वित करते हुए प्रधानमंत्री आवास योजन,आयुष्मान कार्ड, शौचालय निर्माण एवं तालाब निर्माण स्वीकृति आदेश एवं आवश्यक दस्तावेज वितरित किए गए।इस दौरान जनपद अध्यक्ष अंबागढ़ चौकी श्री पुनऊ राम फुलकावरे, जनपद उपाध्यक्ष श्री शंकर प्रसाद तिवारी, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती शांति त्रिपुरे, जनपद सदस्य श्रीमती सुशीला गावरे, जनपद सदस्य श्रीमती बिमला बाई, जनप्रतिनिधि श्री दिलीप वर्मा, स्थानीय सभी जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री यशपाल सिंह, जिला पंचायत सीईओ श्रीमती भारती चंद्राकर, अपर कलेक्टर श्री जीआर मरकाम, अपर कलेक्टर श्री मिथलेश डोंडे, एसडीएम मोहला श्री हेमेंद्र भुआर्य, जनपद पंचायत सीईओ श्रीमती प्रियंवदा रामटेके सहित विभागीय अधिकारी-कर्मचारी सहित बड़ी संख्या ग्रामवासी उपस्थित रहें।

विभागीय योजनाओं से लाभान्वित हुए पात्र हितग्राही

आयोजित शिविर में पंचायत विभाग द्वारा 3 हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत मकान पूर्ण होने पर आवास की चाबी प्रदाय किया गया। 3 हितग्राहियों को शौचालय निर्माण की स्वीकृति दी गई है। 4 हितग्राहियों को मनरेगा जॉब कार्ड, 1 जन्म प्रमाण पत्र, विवाह प्रमाण पत्र 02 वितरित किया गया। मछली पालन विभाग द्वारा 2 हितग्राही को मछली जल एवं आइस बॉक्स वितरित किया गया। राजस्व विभाग द्वारा 6 हितग्राहियों को डिजिटल किसान किताब कार्ड एवं 15 बी -1 प्रदान किया गया।

प्रत्येक जिले में एक ग्राम को हरी खाद के उपयोग के लिए मॉडल ग्राम बनाया जाए:शहला निगार

रायगढ़, 5 मई। आगामी खरीफ सीजन को अधिक उत्पादक, टिकाऊ और किसानों के लिए लाभकारी बनाने के उद्देश्य से जिला कलेक्ट्रेट परिसर स्थित सृजन सभाकक्ष में कृषि उत्पादन आयुक्त छत्तीसगढ़ शासन श्रीमती शहला निगार की अध्यक्षता में रबी वर्ष 2025-26 की समीक्षा एवं खरीफ 2026 की कार्ययोजना निर्धारण हेतु संभाग स्तरीय मैराथन बैठक आयोजित की गई। सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक चली इस मैराथन बैठक में कृषि क्षेत्र में नवाचार, संसाधनों के कुशल उपयोग तथा किसानों की आय वृद्धि के लिए व्यापक रणनीतियों पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही संभाग के 8 जिले क्रमशः बिलासपुर, रायगढ़, कोरबा, जांजगीर-चाम्पा, सक्ती, गौरेला पेण्ड्रा-मरवाही, मुंगेली और सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले में कृषि विभाग, उद्यानिकी, मार्कफेड विभागों के एक-एक योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति, उत्कृष्ट प्रदर्शन, कम परफार्मेन्स सहित आगामी खरीफ वर्ष में किसानों की समृद्धि एवं खुशहली के लिए उचित समय से पूर्व पर्याप्त खाद-बीज भण्डारण, परिवहन एवं वितरण, जैविक खेती एवं जैविक खाद को बढ़ावा देने, उद्यानिकी फसल, दलहन-तिलहन खेती-बाड़ी से किसानों को जोड़ने एवं प्रोत्साति करने जैसे विभिन्न बिन्दुओं पर गहन चर्चा एवं विचार-विमर्श किया गया।

कृषि उत्पादन आयुक्त ने निर्देशित किया कि प्रत्येक जिले में कम से कम एक ग्राम को हरी खाद के उपयोग के लिए मॉडल ग्राम के रूप में विकसित किया जाए, जिससे किसानों को प्राकृतिक एवं टिकाऊ खेती के लाभों का प्रत्यक्ष अनुभव मिल सके। उन्होंने फसल विविधीकरण, इंटरक्रॉपिंग एवं टिकाऊ कृषि पद्धतियों को प्राथमिकता देने, धान के स्थान पर दलहन, तिलहन, मक्का एवं मोटे अनाज जैसी फसलों के विस्तार हेतु विशेष प्रयास करने के निर्देश दिए। साथ ही प्रत्येक जिले में स्थानीय परिस्थितियों के अनुरूप एक प्रमुख फसल को विकसित कर उत्पादन एवं विपणन को सुदृढ़ बनाने की बात कही। कृषि उत्पादन आयुक्त ने रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता कम करने जैविक खाद, हरी खाद एवं नील-हरित काई जैसे प्राकृतिक विकल्पों को अपनाने के निर्देश दिए। उन्होंने नैनो यूरिया एवं नैनो डीएपी सहित वैकल्पिक उर्वरकों के संतुलित उपयोग के प्रति किसानों को जागरूक करने तथा मृदा स्वास्थ्य कार्ड के अनुसार उर्वरक उपयोग सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया। बैठक में किसानों को समय पर खाद एवं बीज की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा उर्वरक वितरण प्रणाली को पारदर्शी एवं सुव्यवस्थित बनाने के निर्देश दिए गए। इसके लिए ई-उर्वरक वितरण प्रणाली मॉड्यूल के प्रभावी क्रियान्वयन, पीओएस मशीन के माध्यम से वितरण एवं भंडारण व्यवस्था को सुदृढ़ करने पर बल दिया गया। इसके साथ ही उड़नदस्ता दल गठित कर उर्वरकों की कालाबाजारी, जमाखोरी पर कड़ी निगरानी रखने एवं उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 तथा आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के तहत कार्रवाई करने के निर्देश दिए। बैठक में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत लाभार्थियों की फार्मर आईडी निर्माण, पंजीयन एवं सत्यापन की प्रगति की समीक्षा करते हुए सभी पात्र किसानों को योजना से जोड़ने के निर्देश दिए गए। साथ ही उद्यानिकी फसलों, ऑयल पाम, नर्सरी उत्पादन तथा निर्यात योग्य, सुगंधित एवं फोर्टिफाइड धान के क्षेत्र विस्तार पर भी विशेष ध्यान देने की बात कही गई। राष्ट्रीय बागवानी मिशन, नेशनल मिशन ऑन एडीबल ऑयल, राष्ट्रीय कृषि विकास योजना, सबमिशन ऑन एग्रो फॉरेस्ट्री तथा प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के अंतर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षा करते हुए उनके प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर दिया गया। प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान (पीएम आशा) के तहत दलहन एवं तिलहन फसलों के उपार्जन को बढ़ावा देने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में बताया गया कि ÷विकसित कृषि संकल्प अभियान के अंतर्गत 5 मई से 20 मई 2026 तक प्रत्येक विकासखंड में टीम गठित कर गांव-गांव शिविर आयोजित किए जाएंगे। इस अभियान के माध्यम से किसानों को फसल विविधीकरण, इंटरक्रॉपिंग, उन्नत कृषि तकनीक, किसान क्रेडिट कार्ड, ड्रोन के माध्यम से तरल उर्वरक छिड़काव एवं विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्रदान की जाएगी। बैठक में सभी कलेक्टरों ने किसानों के लिए कृषि को लाभकारी बनाने के उद्देश्य से जिलों में किए जा रहे कार्यों, नवाचार, खाद-बीज भंडारण, वितरण, लक्ष्य एवं उपलब्धियों की जानकारी प्रस्तुत की तथा आगामी खरीफ सीजन के लिए विस्तृत कार्ययोजना साझा की। कृषि उत्पादन आयुक्त श्रीमती शहला निगार ने शासन की योजनाओं एवं कार्यक्रमों में उत्कृष्ट उपलब्धि हासिल करने वाले जिलों की सराहना की तथा अपेक्षाकृत कम प्रगति वाले जिलों को विशेष प्रयास कर प्रदर्शन सुधारने के निर्देश दिए।इस अवसर पर बिलासपुर संभाग के आयुक्त श्री सुनील कुमार जैन, प्रबंध संचालक मार्कफेड श्री जितेंद्र कुमार शुक्ला, उद्यानिकी एवं प्रक्षेत्र वानिकी संचालक श्री लोकेश कुमार चंद्राकर, छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम के प्रबंध संचालक श्री अजय कुमार अग्रवाल, कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी विभाग के उप सचिव श्री विकास मिश्रा, संचालक अनुसंधान सेवाएं इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय डॉ.विवेक कुमार त्रिपाठी, संचालक अनुसंधान सेवाएं महात्मा गांधी उद्यानिकी एवं वानिकी विश्व विद्यालय दुर्ग डॉ.जितेन्द्र सिंह एवं नाबार्ड के मुख्य महाप्रबंधक श्री डी.के. गवली, जांजगीर-चाम्पा कलेक्टर श्री जनमेजय महोबे, कलेक्टर बिलासपुर श्री संजय अग्रवाल, कलेक्टर मुंगेली श्री कुंदन कुमार, कलेक्टर सक्ती श्री अमृत विकास टोपनो, कलेक्टर गौरेला-पेंड्रा-मरवाही श्रीमती लीना कमलेश मंडावी, कलेक्टर सारंगढ़-बिलाईगढ़ श्री संजय कन्नौजे, कलेक्टर कोरबा श्री कुनाल दुदावत सहित सभी जिलों के जिला पंचायत सीईओ एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी द्वारा रायगढ़ जिले की विशिष्ट पहचान जवाफूल केलो चावल कृषि उत्पादन आयुक्त को भेंट किया गया।

विधायक सोनी ने 43 लाख से अधिक के विकास कार्य का भूमिपूजन किया

रायपुर,5 मई। आज रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत रायपुर दक्षिण विधायक श्री सुनील सोनी ने नगर पालिक निगम रायपुर की महापौर श्रीमती मीनल चौबे और सभापति श्री सूर्यकांत राठौड सहित रायपुर नगर निगम जोन 5 अंतर्गत डॉ. खूबचंद बघेल वार्ड कमांक 68 में लगभग 43 लाख के नये विविध विकास कार्यो को जनहित में जनसुविधा विस्तार हेतु शीघ्र करवाने पुराना चंगोराभाठा क्षेत्र पहुंचकर श्रीफल फेडकर एवं कुदाल चलाकर भूमिपूजन करते हुए नगरवासियों को एक और शानदार सौगात दी।

भूमिपूजन के अवसर पर रायपुर दक्षिण विधायक श्री सुनील सोनी, महपौर श्रीमती मीनल चौबे, सभापति श्री सूर्यकांत राठौड सहित जोन 5 जोन अध्यक्ष श्री अम्बर अग्रवाल, डॉ. खूबचंद बघेल वार्ड कमांक 68 की पार्षद श्रीमती दुर्गा यादराम साहू, पूर्व पार्षद श्री बसंत गिरपुंजे, जोन 5 जोन कमिश्नर श्री खीरसागर नायक कार्यपालन अभियंता श्री लाल महेन्द्र प्रताप सिंह, सहायक अभियंता श्री नागेश रामटेके, उपअभियंता सुश्री प्राची चौबे सहित बड़ी संख्या में पुराना चंगोराभाठा क्षेत्र के रहवासी गणमान्यजनों, महिताओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं, नवयुवकों, बच्चों की उपस्थिति में लगभग 43 लाख रूपये के नये विकास कार्यो का भूमिपूजन सहित कार्यारंभ किया गया।

रायपुर दक्षिण विधायक श्री सुनील सोनी ने कहा कि नगर निगम रायपुर द्वारा महापौर श्रीमती मीनल चौबे के सतत प्रयासों से चंगोराभाठा क्षेत्र की पेयजल समस्या का निदान करने चंगोराभाठा और रायपुर जलागार का कमांड एरिया पृथक - पृथक करने का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। जिससे समाधान पेयजल समस्या का हो जायेगा।

रायपुर दक्षिण विधायक श्री सुनील सोनी ने इस पर गहन अप्रसन्नता व्यक्त की कि संबंधित अधिकारियों ने समय पर पेयजल समस्या दूर करने वांछित जानकारी महापौर तक को उपलब्ध नहीं करवायी। अत्यधिक विलंब से जानकारी दिए जाने के कारण से इस वर्ष भी गर्मी में यहां के रहवासियों को गहन पेयजल संकट का सामना करना पड़ा ।

रायपुर दक्षिण विधायक श्री सुनील सोनी ने निर्देशित किया कि सभी नये विकास कार्यो को तय समय सीमा में सतत मॉनिटरिंग कर गुणवत्ता युक्त तरीके से संबंधित अधिकारीगण एवं सम्बंधित अनुबंधित ठेकेदार पूर्ण करवाना हर हाल में सुनिश्चित कर लेवें।

रायपुर दक्षिण विधायक श्री सुनील सोनी ने कहा कि चंगोराभाठा क्षेत्र में सड़क मार्ग पर बाजार विगत कई वर्षो से लगाया जा रहा है। इससे उत्पन्न सड़क यातायात की गहन समस्या को यहां रिक्त शासकीय भूमि की उपलब्धता होने पर मंडी बोर्ड से आवश्यक धनराशि स्वीकृत करवाकर दूर करेंगे एवं नए बाजार का निर्माण व विकास करवाकर वहां सम्मान सहित सब्जी फल व्यवसायियों को व्यवस्थापन दिलवायेंगे, ताकि अच्छा बाजार विकसित हो एवं इसके साथ ही चंगोराभाठा में सड़क पर यातायात की समस्या दूर हो सके।

एक नजर

चिचोला पुलिस चौकी ने अवैध शराब बिक्री करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की

राजनांदगांव 5 मई। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदया राजनांदगांव सुश्री अंकिता शर्मा , अति0 पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव श्री कीर्तन राठौर व पुलिस अनुविभागीय अधिकारी श्री केसरीनंदन नायक के दिशा-निर्देशन नशा उन्मुलन अभियान एवं अवैध रूप से शराब बिक्री रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत पुलिस चौकी चिचोला प्रभारी हमराह स्टाप के देहात पेट्रोलिंग जुर्म जरायम पतासाजी हेतु रवाना हुआ था। भ्रमण के दौरान मुखबीर से सूचना मिला कि एक व्यक्ति ग्राम रंगीटोला से ग्राम महारावजपुर गुरूदेव राईस मिल के ओर काला पल्सर से बैग में अवैध रूप से शराब बेचने के लिए ले जा रहा है। सूचना पर हमराह स्टाप के व गवाह के नाकाबंदी कर मौके पल्सर वाहन क्रमांक सीजी 08एएल 7318 रूकवाकर नाम पता पूछने पर अपना नाम हिमांशु सिन्हा पिता फगुलाल सिन्हा उम्र 22 वर्ष निवासी रंगीटोला पुलिस चौकी चिचोला का होना बताया तलाशी लेने पर एक सफेद मटमैला प्लास्टिक बोरी एवं बैग में शोले देशी प्लेन शराब 72 अध्धी प्रत्येक में 375- 375 एमएल भरा शराब शीलबंद कुल 2700 एम0एल0 जुमला 11,520 रू किमती एव एक पुरानी ईस्तमाली मोटर सायकल पल्सर क्रमांक सी.जी.08 ए.एल. 7318 किमती 50,000 रू जप्त किया एव आरोपी नाम हिमांशु सिन्हा पिता फगुलाल सिन्हा उम्र 22 वर्ष निवासी रंगीटोला पुलिस चौकी चिचोला को विधिवत् गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल दाखिल किया गया उक्त कार्यवाही में निरीक्षक योगेश पटेल , सउनि मो0 शरीफुद्दीन शेख , सउनि बिरेन्द्र नाविक , म0प्र0आर0 846 चंद्रकली कंवर , आरक्षक 171 गजेन्द्र भारद्वाज ,आरक्षक 1687 विष्णु राम साहू ,आरक्षक 1843 कमलेश बंजारे का कार्य सराहनीय रहा है।

अग्निवीर भर्ती लिखित परीक्षा के लिए निःशुल्क प्रशिक्षण 5 मई से

बलौदाबाजार, 5 मई। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। भारतीय अग्निवीर भर्ती में लिखित परीक्षा के लिए जिला रोजगार कार्यालय बलौदाबाजार द्वारा लिखित परीक्षा के लिए 5 मई से 5 जून 2026 तक पं. चक्रपाणी हायर सेकेण्डरी स्कूल बलौदाबाजार में निःशुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के वे अभ्यार्थियों जिन्होनें अग्निवीर थल सेना भर्ती में आवेदन किया है, वे इच्छुक अभ्यार्थी समय पर निर्धारित स्थल पर उपस्थित होकर निःशुल्क प्रशिक्षण में भाग ले सकते है। अधिक जानकारी के लिए रोजगार कार्यालय के दूरभाष नम्बर 07727-299443 पर सम्पर्क कर सकते है।

नरेन्द्र मोदी, अमित शाह, नितिन नवीन एवं विष्णुदेव साय को भाजपा की विजय पर बधाई

रायपुर 5 मई । नहरपारा विकास समिति के अध्यक्ष पूर्व पार्षद रमेश आहूजा. एवं महामंत्री किशोर आहूजा ने प्रधानमंत्री श्री मोदी जी को पत्र लिखकर भाजपा की प्रचंड विजय के लिए बधाई दी है। भाजपा की प्रचंड विजय का खाता सबसे पहले हरियाणा से खुला जहां भाजपा को तीसरी बार विधानसभा चुनाव में विजय मिली उसके बाद महाराष्ट्र में विजय मिली तत्पश्चात बिहार में मोदी जी व नितिश कुमार के नेतृत्व में भारी विजय मिली इसके बाद बंगाल में श्री नरेन्द्र मोदी व अमित शाह की जोड़ी ने ममता बेनर्जी का 15 साल पुराना किला ढ्ढा कर अब तक की सबसे बड़ी जीत हासिल की। 293 सीट में 206 जीतना भाजपा की बड़ी उपलब्धि है उसी प्रकार आसम में हेमन्त बिसवा मुख्यमंत्री के नेतृत्व में 120 में से 102 सीट जीतना भी बहुत बड़ी उपलब्धि है । श्री आहूजा ने कहा कि श्री नरेन्द्र मोदी व अमित शाह की जोड़ी को पूरे देश की जनता बहुत पसंद कर रही है इसीलिए जहां जहां चुनाव हो रहे है वहां भाजपा को ऐतहासिक सफलता मिल रही है। उसी प्रकार छ.ग. के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय भी बधाई के पात्र है जिन्होंने बंगाल की 56 विधानसभा चुनाव क्षेत्रों में छ.ग. के भाजपा नेताओं की टीम को प्रचार के लिए भेजा। संगठन मंत्री श्री पवन साय भी बधाई के पात्र है जिन्होंने बंगाल में चुनाव प्रचार का नेतृत्व किया ।

श्री आहूजा ने कहा कि मोदी जी ने 24 के चुनाव में 400 पार का नारा दिया था लेकिन उतनी सफलता नहीं मिली लेकिन अब मोदी जी की लोकप्रियता में बहुत बढ़ोतरी हुई है इसलिए हमारा दावा है कि 2029 के चुनाव में भाजपा 400 पार का आकड़ा प्राप्त करेगी ।

सपना देखना और उसे लक्ष्य में बदलकर निरंतर प्रयास करना ही सफलता की कुंजी:सीएम साय

रायपुर 5 मई। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने आज बलरामपुर-रामानुजगंज जिले के 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया। इस अवसर पर आयोजित सम्मान समारोह में मुख्यमंत्री श्री साय ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए हौसला बुलंद रखना सबसे आवश्यक है।

बलरामपुर स्थित सर्किट हाउस में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री साय ने विद्यार्थियों से आत्मीय संवाद किया और उनके भविष्य के लक्ष्यों के बारे में जानकारी ली। अधिकांश विद्यार्थियों ने डॉक्टर और इंजीनियर बनने की इच्छा व्यक्त की, वहीं कुछ ने भारतीय प्रशासनिक सेवा और न्यायिक सेवा में जाने का संकल्प व्यक्त किया।

मुख्यमंत्री श्री साय ने विद्यार्थियों के सपनों की सराहना करते हुए कहा कि सपना देखना और उसे लक्ष्य में बदलकर

निरंतर प्रयास करना ही सफलता की कुंजी है।

उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि यदि समर्पण, अनुशासन और आत्मविश्वास के साथ मेहनत की जाए, तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है। उन्होंने आश्वस्त किया कि राज्य सरकार विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण के लिए हर संभव सहयोग प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने इस उपलब्धि के लिए विद्यार्थियों के अभिभावकों एवं शिक्षकों को भी बधाई देते हुए कहा कि बच्चों की सफलता के पीछे उनके मार्गदर्शन, सहयोग और त्याग की महत्वपूर्ण भूमिका होती है।

इस अवसर पर जिले के कक्षा 12वीं के मेधावी विद्यार्थियों में वाड्रफनगर विकासखंड के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करमडीहा की कुमारी प्रतिभा गुप्ता, रामचंद्रपुर के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामवंतपुर की कुमारी स्नेहा कुशवाहा, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सनवाल के सोनू, वाड्रफनगर के श्री कृष्णा, आदर्श हायर सेकेंडरी विद्यालय बलंगी की कुमारी प्रिया लता कश्यप तथा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बर्तीकला के अजय गुप्ता, कक्षा 10वीं के मेधावी विद्यार्थियों में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामवंतपुर के आर्यन गुप्ता, नेशनल पब्लिक इंग्लिश मीडियम हायर सेकेंडरी स्कूल रजखेता की कुमारी आराधना पटेल, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रघुनाथनगर की कुमारी रोशनी कांशी, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय सेमरा कुसमी की आलिया परवीन तथा स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय रामानुजगंज की आरजू परवीन को मुख्यमंत्री से मिलने और मार्गदर्शन प्राप्त करने का अवसर मिला।

सुशासन तिहार प्रशासनिक सुधार की दिशा में एक मजबूत कदम: रमन डोंगरे

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

डोंगरगढ़ 5 मई। छत्तीसगढ़ में 1 मई से 10 जून 2026 तक 'सुशासन तिहार 2026' आयोजित किया जा रहा है, जो मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में एक राज्यव्यापी जन समस्या निवारण अभियान है। इस दौरान प्रदेश भर के गांवों और शहरों में शिविर लगाकर नामांतरण, आय-जाति प्रमाण पत्र, और पेंशन जैसी समस्याओं का त्वरित निराकरण व योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है, जिसके तहत आज कृषि उपज मंडी में नगर पालिका के द्वारा नगर के वार्डों के लिए यह शिविर का आयोजन किया गया, शिविर में विभिन्न विभाग के स्टाल लगाए गए थे , जिससे हितग्राहियों को उसका लाभ मिल सके ,जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे उपस्थित रहे, इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे ने कहा कि

सुशासन तिहार का उद्देश्य आम जनता की समस्याओं का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करना, शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन ध्यान केंद्रित लंबित राजस्व प्रकरण नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन , शिविरों में पात्र हितग्राहियों को मौके पर ही योजनाओं का लाभ दिया जा सके, अधिकारियों को नगरवासियों से संवेदनशीलता के साथ समस्याओं का समाधान करने के निर्देश दिए गए हैं। यह अभियान प्रशासनिक सुधार की दिशा में एक मजबूत कदम है, जो भविष्य में भी शासन प्रणाली को अधिक सुदृढ़ बनाएगा। उन्होंने नागरिकों के आवेदनों के त्वरित समाधान के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। इस अवसर पर पार्षद अमित जैन सुमित मिश्रा, डिकेंस राव मुख्य नगरपालिका अधिकारी राजेश कुमार तिवारी सहित विभिन्न विभाग के अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

निर्माण स्थल पर मुख्यमंत्री साय ने श्रमिक बहनों के साथ की ईंट जोड़ाई

सुशासन तिहार के तहत प्रदेशभर में चल रहे औचक निरीक्षण और जनसंवाद के क्रम में मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने कबीरधाम जिले के ग्राम लोखन में एक ऐसा अनुभव साझा किया, जिसने सुशासन के ध्येय को और अधिक जीवंत बना दिया।

निर्माणाधीन पंचायत भवन के निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने केवल औपचारिक समीक्षा तक खुद को सीमित नहीं रखा, बल्कि उन्होंने उस प्रक्रिया का हिस्सा बनना चुना, जो आमजन के जीवन को सीधे प्रभावित करती है। उनके इस व्यवहार ने यह स्पष्ट कर दिया कि सुशासन केवल नीति और कागज़ों तक सीमित नहीं, बल्कि जमीन पर उतरकर उसे महसूस करने और जीने की प्रक्रिया है। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री श्री साय ने 'रानी मिस्त्री' के रूप में कार्य कर रहीं श्रमिक बहनों के बीच जाकर कुछ समय उनके साथ ईंट जोड़ाई में हाथ बँटाया। इसी दौरान श्रमिक बहन संगीता ने पूरे आत्मीय अधिकार और सहजता के साथ मुस्कुराते हुए मुख्यमंत्री से कहा - "ईंट जोड़ाई अच्छे से करिए, मसाला बढ़िया से डालिए।" यह संवाद एक सामान्य वाक्य से कहीं अधिक था; इसमें वह विश्वास झलकता है, जो आज सरकार और जनता के बीच विकसित हो रहा है। यह वह स्थिति है, जहाँ आम नागरिक बिना झिझक अपनी बात रखता है और नेतृत्व उसे उसी सहजता से स्वीकार करता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सुशासन का वास्तविक अर्थ केवल योजनाएं बनाना नहीं, बल्कि उन्हें जनता के साथ मिलकर धरातल पर साकार करना है।

पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी में भाजपा की जीत पर विजय रैली

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

तिल्दा नेवरा 5 मई। बंगाल और असम में बीजेपी की शानदार जीत पर छत्तीसगढ़ भाजपा में हर्ष का माहौल है। तिल्दा नेवरा में विधायक एवं राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा की उपस्थिति में में कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को जीत की बधाई दी। मिठाई बांटकर एक दूसरे को गले लगकर बधाई और शुभकामनायें दी। इस दौरान में जमकर ढोल नगाड़े बजे और रैली निकला गया । राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा ने कहा की पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी में भाजपा की यह ऐतिहासिक जीत जनता के अटूट विश्वास और जनसेवा के प्रति प्रतिबद्धता का परिणाम है।

आज तिल्दा में इस ऐतिहासिक जीत के अवसर पर आयोजित विजय रैली में साथी कार्यकर्ताओं के साथ शामिल होकर इस विराट विजय का उत्सव मनाया।

चेकिंग अभियान चलाकर पुलिस ने 143 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बलौदाबाजार 5 मई। नव पदस्थ पुलिस अधीक्षक श्री ओम प्रकाश शर्मा द्वारा जिले के समस्त राजपत्रित पुलिस अधिकारियों, थाना एवं चौकी प्रभारियों की बैठक लेकर प्रत्येक थाना एवं चौकी प्रभारियों को प्रतिदिन अपने थाना/चौकी क्षेत्र अंतर्गत प्रमुख सड़क मार्ग, चौक चौराहों एवं महत्वपूर्ण स्थानों पर स्वयं उपस्थित रहकर चेकिंग अभियान चलाने हेतु निर्देशित किया गया था। उक्त निर्देशों के परिपालन में आज दिनांक 03.05.2026 को सायं 05.00 बजे से रात्रि 08:00 तक जिले के महत्वपूर्ण स्थानों में नाकाबंदी कर सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। नाकाबंदी के दौरान अवैध रूप से शराब एवं मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले लोगों एवं अवैध वस्तुओं की तस्करी करने वाले लोगों एवं संदिग्ध प्रवृत्ति के लोगों के साथ-साथ यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले की धरपकड़ हेतु चेकिंग की

गई। नाकाबंदी पॉइंट में संबंधित थाना/चौकी प्रभारियों की उपस्थिति में पर्याप्त संख्या में पुलिस बल द्वारा नाकाबंदी के दौरान आने जाने वाले समस्त वाहनों, लोगों की सघन चेकिंग की गई तथा उनसे रात्रि में बाहर निकलने कारण एवं यात्रा आदि करने के प्रयोजन के संबंध में जानकारी लिया गया। चेकिंग में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले कुल 143 व्यक्तियों के विरुद्ध मोटर व्हीकल की विभिन्न धाराओं के तहत कार्यवाही कर ?8900 समन शुल्क वसूल किया गया है। नाकाबंदी अभियान पश्चात पुलिस बल द्वारा विजिबल पुलिसिंग के तहत क्षेत्र अंतर्गत बाजार एरिया, महत्वपूर्ण चौंक आदि में पैदल पेट्रोलिंग किया गया। भाटापारा शहर में शहर एवं ग्रामीण थाना प्रभारियों की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा भाटापारा शहर में पैदल पेट्रोलिंग किया गया। इस दौरान क्षेत्र अंतर्गत होटल, ढाबा एवं रोड किनारे लगने वाले ठेला आदि की भी आकस्मिक चेकिंग की गई। इस दौरान पुलिस टीम द्वारा समस्त ढाबा एवं होटल संचालकों को स्पष्ट रूप से हिदायत दिया गया कि अपने प्रतिष्ठानों में किसी भी स्थिति में लोगों को शराब पीने ना दें, ऐसा करते पाए जाने पर शराब पीने वाले व्यक्ति के साथ-साथ ढाबा, होटल संचालक के विरुद्ध भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस आप सभी से अपील करती हैं कि किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि अथवा संदिग्ध व्यक्ति के बारे में जानकारी मिलने पर, तत्काल पुलिस को सूचित करें अथवा समाधान हेल्प हेल्पलाइन नंबर 94792 20392 पर इसकी जानकारी प्रदान करें।

हत्या के मामले में थाना लालबाग पुलिस ने की त्वरित कार्रवाई

राजनांदगांव 5 मई। जिला पुलिस कंट्रोल रूम से दिनांक 04.05.2026 को प्रातः 06:40 बजे थाना लालबाग को सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम कविराज टोलागांव में एक व्यक्ति द्वारा अपनी पत्नी की टंगिया से हत्या कर दी गई है। उक्त सूचना पर थाना लालबाग पुलिस द्वारा तत्काल थाना प्रभारी निरीक्षक रमेश पटेल के नेतृत्व में उप निरीक्षक प्रमोद श्रीवास्तव, सउनि ए.पी. शीला सहित पुलिस स्टाफ के साथ मौके पर रवाना होकर सूचना की तस्दीक की गई।

मौके पर सूचनाकर्ता राहुल पारधी की रिपोर्ट पर बिना नंबरी मर्ग क्रमांक 00/2026 धारा 194 BNSS पंजीबद्ध किया गया। जांच के दौरान प्रथम दृष्ट्या आरोपी रंजीत पारधी पिता परस पारधी, उम्र 38 वर्ष, निवासी ग्राम कविराज टोलागांव, थाना लालबाग, जिला राजनांदगांव का कृत्य धारा 103(1) BNS के अंतर्गत अपराध पाए जाने पर देहाती प्रथम सूचना पत्र बिना नंबरी 00/2026 पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक महोदया सुश्री अंकिता शर्मा के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री कीर्तन राठौर तथा नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वैशाली जैन के मार्गदर्शन में थाना लालबाग पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही की गई। विवेचना के दौरान आरोपी रंजीत पारधी को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की गई, जिसमें आरोपी द्वारा बताया गया कि उसका विवाह लगभग 12-13 वर्ष पूर्व पूर्णिमा पारधी से हुआ था एवं उसके तीन बच्चे हैं।

आबकारी उपनिरीक्षक ने पान ठेले से बियर व शराब जब्त की

तिल्दा नेवरा 5 मई। ग्राम बेमता थाना तिल्दा नेवरा के एक पान ठेले से आरोपी सुनील कुमार देवांगन पिता रोशन लाल देवांगन निवासी सिमगा जिला बलौदा बाज़ार से 5 नग बोतल बुडवाइज़र मैग्नम बियर, 2 नग बोतल आल सीजन, 2 नग बोतल RS , 3 नग पाव गोल्डन टच,2 नग पाव RC, 2 नग पाव 20-20 व्हिस्की, 2 नग पाव जिप्सी, 2 नग पाव फ्रंटलाइन ब्लू, 3 नग पाव 7PM व्हिस्की विदेशी मदिरा व्हिस्की 5.52 बल्क लीटर तथा विदेशी बीयर माल्ट -3.25 बल्क लीटर जब्त किया गया ।आरोपी के विरुद्ध छ.ग.आब.अधिनियम की धारा 34(1)(क), 34(2) , 59(क)के तहत प्रकरण कायम कर गिरफ्तार किया गया उक्त प्रकरण आबकारी उपनिरीक्षक वृत्त तिल्दा मेघा मिश्रा द्वारा पंजीबद्ध किया गया । उक्त कार्यवाही में आबकारी मुख्य आरक्षक दिगंबर भूरा और वाहन चालक रेवाराम का विशेष योगदान रहा।

बस्तर अब शांति और विश्वास का गढ़:राज्यपाल रमेन डेका

रायपुर, 5 मई। राज्यपाल श्री रमेन डेका ने कहा है कि बस्तर अब शांति और विश्वास के नए युग में प्रवेश कर चुका है। उन्होंने जोर दिया कि इस सकारात्मक बदलाव को स्थायी बनाने के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य, जल व पर्यावरण संरक्षण और आजीविका संवर्धन के क्षेत्रों में नवाचार आधारित कार्यों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। राज्यपाल आज जगदलपुर कलेक्टोरेट के 'प्रेरणा' सभाकक्ष में जिला एवं विकासखंड स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे।

राज्यपाल श्री डेका ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि बस्तर की समृद्ध प्राकृतिक संपदा का समुचित उपयोग करते हुए

स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप विकास मॉडल तैयार करें। उन्होंने विशेष रूप से शिक्षा एवं स्वास्थ्य, ड्रॉप-आउट बच्चों को पुनः स्कूलों से जोड़ने के लिए सामुदायिक प्रयास किए जाएं। साथ ही स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ कर समाज के अंतिम व्यक्ति तक गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधा पहुँचाना सुनिश्चित करें।

पारंपरिक कौशल और वनोपज को आधुनिक बाजार से जोड़ने के लिए नए प्रयोग किए जाएं। जैविक खेती, बकरीपालन, कुक्कुटपालन और मत्स्य पालन जैसी सहायक कृषि गतिविधियों को बढ़ावा दिया जाए। स्थानीय कोसा वस्त्रों के मूल्य संवर्धन के लिए उनके डिजाइन में समसामयिक बदलाव करें, ताकि वे वैश्विक बाजार में अधिक आकर्षक और प्रतिस्पर्धी बन सकें।

महिला स्व-सहायता समूहों को मशरूम, अदरक और हल्दी की खेती के लिए प्रेरित करें। उन्हें अलग-अलग मौसम के अनुरूप विविध उत्पाद तैयार करने और सीधे बाजार से जोड़ने में सहायता प्रदान करें। राज्यपाल ने एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत कलेक्टोरेट परिसर में आम का पौधरोपण किया और जनसहभागिता से पौधों की देखभाल करने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने मानवीय संवेदनाओं का परिचय देते हुए टीबी उन्मूलन हेतु निक्षय मित्रों को सहायता राशि और प्रमाण पत्र वितरित किए। निक्षय मित्र निधि से मरीजों को पूष्ट बास्केट प्रदान किए। मोतियाबिंद ऑपरेशन के पश्चात हितग्राहियों को चश्मों का वितरण किया। बैठक के दौरान कलेक्टर श्री आकाश छिकारा ने पावरपॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से जिले में संचालित विकास योजनाओं और नवाचारों की प्रगति की विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक श्री शलभ सिन्हा, जिला पंचायत सीईओ श्री प्रतीक जैन सहित सभी विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

रायपुर। पूर्व पार्षद रमेश आहूजा ने भारतीय जनता पार्टी व्यापार प्रकोष्ट छत्तीसगढ़ प्रदेश के संयोजक श्री सुभाष अग्रवाल जी के वैवाहिक वर्षगांठ पर स्मृति चिह्न भेट दे कर सम्मानित किया एवं आशीर्वाद एवं शुभकामनाएं दी।

एक नजर

डॉक्टर की फर्जी आईडी बनाकर ठगी का प्रयास

रायपुर 5 मई । ठगों ने रामकृष्ण अस्पताल के एमडी डॉ. संदीप दवे की फेसबुक में फर्जी आईडी बनाकर ठगने का प्रयास किया. रिश्तेदारों के पैसे माँगे जाने की जानकारी दिए जाने पर डॉ. दवे ने अज्ञात ठगों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई, जिस पर टिकरापारा थाना में विरुद्ध क्नहस की धारा 318(4), 319(2) और 62 के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. डॉ. दवे के मुताबिक, आरोपी लोगों को मैसेज भेजकर खुद को डॉक्टर बताते हुए किसी आपात स्थिति या जरूरत का हवाला देकर आर्थिक मदद मांग रहा है। इससे न केवल लोगों के ठगी का शिकार होने का खतरा है, बल्कि उनकी व्यक्तिगत और संस्थागत साख पर भी असर पड़ रहा है. जानकारी के अनुसार, इसके पहले भी डॉ. दवे के नाम का इस्तेमाल कर ठगने का प्रयास किया गया था. इस संबंध में उन्होंने राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई थी. उस शिकायत का एक्नॉलेजमेंट नंबर भी पुलिस को सौंपा गया है, इस बीच फिर से ठग सक्रिय हो गए. ताजा घटना को देखते हुए डॉ. दवे ने पुलिस से मांग की है कि संबंधित मोबाइल नंबर की तत्काल जांच कर आरोपी के खिलाफ सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं पर रोक लगाई जा सके।

8 मई से अमेजन ग्रेट समर सेल

रायपुर 5 मई । अमेज़ॉन इंडिया ने आज घोषणा की कि ग्रेट समर सेल 2026 8 मई को रात 12 बजे से शुरू होगी। इस सेल में स्मार्टफोन, फैशन, ब्यूटी, घर, किचन, बड़े अप्लायंस, किराना और रोज़मर्रा की ज़रूरी चीज़ों सहित AI से चुने गए कई प्रोडक्ट्स मिलेंगे। ग्राहकों को सैमसंग, ऐप्पल, वनप्लस, डेल, हायर, नाइके, मोकोबारा, टोक्यो टॉकीज़, सीओएसआरएक्स, लेगो, स्लीपवेल और पैंपर्स जैसे बड़े ब्रांड्स के नए प्रोडक्ट्स और शानदार डील्स देखने को मिलेंगी। प्राइम मेंबर्स के लिए खास ऑफर के साथ ज्यादा बचत । 2,500 की खरीदारी पर 250 का कैशबैक और 2 लाख से ज्यादा के प्रोडक्ट्स पर 3त्न एक्स्ट्रा छूट पाएं। हर खरीदारी पर ज्यादा बचत के लिए अभी प्राइम जॉइन करें। ग्रेट समर सेल 2026 में सभी कैटेगरी में जबरदस्त डील्स के साथ कई किफायती विकल्प भी मिलेंगे। चुनिंदा क्रेडिट और डेबिट कार्ड पर नो-कॉस्ट ईएमआई, इंस्टेंट बैंक डिस्काउंट, एक्सचेंज ऑफर और अमेजन पे के फायदे उपलब्ध होंगे। इससे समर की ज़रूरी चीज़ें और प्रीमियम प्रोडक्ट्स दोनों ही आसानी से खरीदे जा सकेंगे। 100% पिनकोड पर तेज़ और सुविधाजनक डिलीवरी के साथ पूरे देश के ग्राहक बिना किसी परेशानी के शॉपिंग का आनंद ले सकते हैं। सैमसंग, ऐप्पल, वनप्लस, रेडमी, आईक्यूओओ, एलजी, गोदरेज, नाइकी, मोकोबारा, लेवीज़, सीओएसआरएक्स, फार्मली, मैटल जैसे टॉप ब्रांड्स पर सीजन की ज़बरदस्त डील्स और अनलिमिटेड बचत। AI-पावर्ड डिवाइस पर 70% तक की बचत, मोबाइल और एक्सेसरीज़ पर 40त्न तक की छूट के साथ ?66,000 तक का एक्सचेंज बेनिफिट।

निधन

अश्वनी मिश्रा

रायपुर। अमलेश्वर निवासी अश्वनी मिश्रा सुपुत्र स्व. राम जी लाल मिश्रा का देहांत हो गया है । वे नवभारत से सेवानिवृत्त हुए थे। दिवंगत मिश्रा आदर्श शर्मा एवं आशीष शर्मा के पिता थे। उनका अंतिम संस्कार आज 05 मई को सुबह 10 बजे महादेव घाट स्थित मुक्तिधाम में किया गया।

उर्मिला देवी तिवारी

रायपुर। उर्मिला देवी तिवारी पति स्व. मोहन लाल तिवारी (जंवाई बांधा) निवासी प्रोफ़ेसर कॉलोनी का निधन आज हो गया है। वे बृजभूषण लाल तिवारी,प्रदीप तिवारी, प्रसन्न तिवारी, आनंद तिवारी, प्रभा शर्मा, भारती शर्मा, अनुराधा तिवारी की माता थी।

प्रदेशभर के कलेक्टर्स को निदेशालय ने लिखी चिट्ठी

कर्मचारियों से बदसलूकी की तो सीधे एफआईआर

रायपुर 5 मई । कर्मचारियों के साथ मारपीट व बदसुलूकी करना अब लोगों को भारी पड़ेगा। सीधे एफ आईआर होगी। निदेशालय ने प्रदेशभर के कलेक्टर्स को पत्र लिखकर जरुरी दिशा निर्देश जारी किया है। यही नहीं, संबंधित के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के बाद कॉपी भी भेजनी होगी।

छत्तीसगढ़ बिलासपुर जिले के तहसील-बिल्हा, ग्राम घोघरा में जनगणना 2027 के कार्य में लगे शिक्षक से ग्राम के कथित व्यक्ति द्वारा मारपीट एवं दुर्व्यवहार किया गया और जनगणना कार्य बाधित करते हुए उन्हें कार्य करने से मना किया गया है। जनगणना कार्य निदेशालय ने प्रदेशभर के कलेक्टर्स को चिट्ठी में लिखा है, जनगणना अधिनियम, 1948 के धारा 5 के अनुसार जो भी अधिकारी एवं कार्मिक जनगणना कार्य में संलग्न है, वे सभी भारतीय दण्ड संहिता (1860 का 45) के अर्थ में लोक सेवक समझे जाएंगे। आगे यह उल्लेख करना आवश्यक है, कथित व्यक्ति द्वारा द्वारा जनगणना कार्य में संलग्न कार्मिक के साथ मारपीट एवं दुर्व्यवहार जैसे अपनाए गए इस प्रकार का आचरण निंदनीय है, जिससे देश, राज्य में जनगणना के राष्ट्रीय महत्वपूर्ण कार्य में व्यापक रूप से नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा, फलस्वरूप जनगणना का कार्य प्रभावित होगा।

जनगणना अधिनियम, 1948 के धारा 11 के अनुसार, जो भी ऐसे कर्तव्य का पालन करने में प्रतिबंधित या बाधित करेगा, वह कानूनी प्रावधानों के अनुसार दंडनीय होगा। निःसन्देह कथित व्यक्ति द्वारा अपनाया गया इस प्रकार का आचरण दंडनीय है।

अतः, उस कथित व्यक्ति के विरुद्ध शासकीय कार्य में बाधा डालने एवं जनगणना अधिनियम, 1948 के धारा 11 के तहत एफ आईआर दर्ज करवाने का कष्ट करें, ताकि जनगणना कार्य में संलग्न कार्मिक सहित जनमानस में सकारात्मक प्रभाव पड़े और वे जनगणना कार्य को निर्बाध रूप से पूर्ण करने में अपनी सहभागिता प्रदान कर सके। एफआईआर करवाने के पश्चात उसकी एक प्रति इस निदेशालय को भी प्रेषित करने का कष्ट करें। निदेशालय ने प्रदेशभर के कलेक्टर से कहा है, यदि जिले में इस तरह के कोई प्रकरण होते है तो तत्काल कार्यवाही करें, ताकि जनगणना कार्य में संलग्न पर्यवेक्षक एवं प्रगणकों को कार्य करने में उनको मनोबल बना रहे एवं उनके कार्य में किसी प्रकार बाधा उत्पन्न न हो ।

रेणु पिल्ले बनीं कर्मचारी चयन मंडल की पहली अध्यक्ष

रायपुर 5 मई । छत्तीसगढ़ में सरकारी भर्तियों की प्रक्रिया को नए ढांचे में लाने की दिशा में बड़ा प्रशासनिक फैसला लिया गया है। सामान्य प्रशासन विभाग ने आदेश जारी कर छत्तीसगढ़ कर्मचारी चयन मंडल के गठन की औपचारिक घोषणा कर दी है। इसके साथ ही 1991 बैच की वरिष्ठ आईएएस अधिकारी रेणु पिल्ले को इस नए मंडल की जिम्मेदारी सौंप दी गई है। यह फैसला राज्य में भर्ती प्रक्रियाओं को अधिक व्यवस्थित और केंद्रीकृत करने की मंशा के तौर पर देखा जा रहा है।

जारी आदेश के मुताबिक, राज्य शासन ने 30 अप्रैल 2026 को अधिसूचना के माध्यम से इस नए चयन मंडल की स्थापना की थी। उसी के तहत अब छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल की जगह छत्तीसगढ़ कर्मचारी चयन मंडल कार्य करेगा। यानी अब तक जो जिम्मेदारियां व्यापम निभा रहा था, उन्हें नए नाम और ढांचे के साथ आगे बढ़ाया जाएगा।सरकार ने आईएएस रेणु पिल्ले को इस मंडल का अध्यक्ष नियुक्त किया है। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि वे आगामी आदेश तक इस पद पर कार्य करेंगी। खास बात यह है कि उन्हें अतिरिक्त प्रभार के रूप में यह जिम्मेदारी दी गई है। यानी वे अपने वर्तमान पद के साथ-साथ इस नए चयन मंडल की कमान भी संभालेंगी। आदेश में यह भी उल्लेख किया गया है कि रेणु जी पिल्ले छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल के अतिरिक्त प्रभार में भी बनी रहेंगी। इससे साफहै कि सरकार ने एक ही अधिकारी को कई महत्वपूर्ण संस्थाओं की जिम्मेदारी सौंपकर प्रशासनिक संतुलन साधने की कोशिश कर रही है।

भर्ती प्रक्रिया को लेकर लंबे समय से पारदर्शिता और दक्षता को लेकर सवाल उठते रहे हैं। ऐसे में नए चयन मंडल का गठन एक बड़े सुधार के रूप में देखा जा रहा है। माना जा रहा है कि इससे भर्ती प्रक्रियाओं में तेजी आएगी और विवादों की स्थिति भी कम होगी।

राज्य मंत्रिमंडल की स्वीकृति के बाद, छत्तीसगढ़ कर्मचारी चयन मंडल विधेयक-2026 के माध्यम से इसकी स्थापना की गई है। जिसका उद्देश्य सरकारी नौकरियों की भर्ती प्रक्रिया को सरल, समयबद्ध और पारदर्शी बनाना।

कार्यक्षेत्रः तृतीय और चतुर्थ वर्ग के समान प्रकृति वाले पदों के लिए संयुक्त भर्ती परीक्षा आयोजित करना। संरचनाः इस मंडल में एक अध्यक्ष (प्रधान सचिव स्तर से नीचे नहीं) और अधिकतम तीन सदस्य होंगे।व्यापम का विलयः पूर्ववर्ती छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल (व्यापम) के अधिकारी और कर्मचारी इस नए मंडल में विलय कर दिए गए हैं। इस पूरे घटनाक्रम को राज्य में प्रशासनिक पुनर्गठन के तौर पर देखा जा रहा है। खासकर युवाओं के लिए यह खबर अहम है, क्योंकि सरकारी नौकरियों की प्रक्रिया अब नए सिस्टम के तहत संचालित होगी। सरकार की कोशिश है कि भर्ती तंत्र को अधिक पारदर्शी, जवाबदेह और तेज बनाया जाए।

पश्चिम बंगाल में लोकतंत्र की जीत, तानाशाही की पराजय: सच्चिदानंद उपासने

रायपुर 5 मई । भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य एवं लोकतंत्र सेनानी संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सच्चिदानंद उपासने ने पश्चिम बंगाल के चुनावी परिणामों पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने इसे लोकतंत्र की बड़ी जीत बताते हुए कहा कि बंगाल की जनता ने तानाशाही को पूरी तरह नकार दिया है। श्री उपासने ने तीखा प्रहार करते हुए कहा किः पश्चिम बंगाल की जनता ने लंबे समय तक कम्युनिस्टों के दमनकारी शासन को सहा। उसके पश्चात ममता बनर्जी ने सत्ता संभाली, लेकिन पिछले 15 वर्षों में उनका शासन 'कालनेमी' की भांति छल और आतंक का पर्याय बन गया। सत्ता की भूख में उन्होंने लोकतंत्र के चारों स्तंभों को बलपूर्वक नियंत्रित करने की कोशिश की। उपासने ने बंगाल के मतदाताओं की तुलना आपातकाल के बाद के सजग मतदाताओं से करते हुए कहा कि जनता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह के विकासवाद पर भरोसा जताया है। तमाम प्रलोभनों, दुष्प्रचार और भय के वातावरण के बीच मतदाताओं ने निर्भीकता से मतदान कर तानाशाही को जड़ से उखाड़ फेंका और भाजपा की सरकार बनाई।

देश का बंटवारा करने वाली कांग्रेस से मुक्त हो जाए भारत

■ भाजपा विधायक पुरंदर मिश्रा ने दिया श्राप

रायपुर 5 मई । पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव में भाजपा के प्रदर्शन से एक तरफभाजपा नेता जहां गदगद हैं, तो दूसरी ओर कांग्रेस के प्रति गुस्सा भी फूट रहा है. यह भाजपा विधायक पुरंदर मिश्रा के बयानों में साफनजर आती है, जिसमें वे कांग्रेस को श्राप देते हुए कहा कि कांग्रेस ने 14 अगस्त की रात को भारत का बंटवारा किया. मैं श्राप देता हूं कि भारत कांग्रेस मुक्त हो जाए.

भाजपा विधायक पुरंदर मिश्रा ने लल्लूराम डॉट कॉम से चर्चा में पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव में भाजपा के शानदार प्रदर्शन पर कहा कि बीजेपी कार्यकर्ता जहां भी जाते हैं, सरकार बनाकर आते हैं. दीदी से परेशान होकर जनता ने उनको निपटा दिया. 4 मई को ममता गई. जनता ने भारत और सनातन को बचाने का काम किया गया है. अब सबके साथ मिलकर 2047 तक विकसित भारत बनाएंगे. अखंड भारत का सपना पूरा होगा.

वहीं विधायक संगीता सिन्हा को छत्तीसगढ़ कांग्रेस का कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर पुरंदर मिश्रा ने कहा कि कांग्रेस में जो ज्यादा बड़ा थैला देता है, उसे काम मिलता है. मगर विधायक संगीता सिन्हा विधानसभा में अच्छे मुद्दे उठाती हैं, इसलिए मैं उन्हें बधाई देता हूं.

इसके साथ प्रधानमंत्री मोदी ने कांग्रेस को अर्बन नक्सली बताए जाने का समर्थन करते हुए पुरंदर मिश्रा ने कहा कि नक्सल को जीवित रखने में कांग्रेस का हाथ है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हठधर्मिता और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की नीतियों ने नक्सलवाद का सफाया किया. नक्सलमुक्त होने से बस्तर में टूरिज्म बढ़ेगा, सरकार की आय बढ़ेगी.

विदेशी फंडिंग में छग में 12 से ज्यादा हलह के जांच दायरे में आने पर पुरंदर मिश्रा ने कहा कि जो फंडिंग विदेश से आ रहा है, उसमें कुछ लोग स्पेसिफाई हुए हैं. विष्णु देव साय की सरकार में सब पर कार्रवाई होगी.

राहुल गांधी के वायरल वीडियो पर बीजेपी विधायक ने तंज कसते हुए कहा कि राहुल गांधी हमारे बीजेपी के स्टार प्रचारक है. इसलिए भगवान उन्हें खुश रखे, स्वस्थ रखें. हमारे यहां के कांग्रेस के नेता शराब घोटाले से उभर नहीं पाए हैं, इसलिए नशे में कुछ भी बयान देते रहते हैं.

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने एनडीए की ऐतिहासिक जीत पर दी बधाई

रायपुर 5 मई । उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी विधानसभा चुनाव में भाजपा-एनडीए की ऐतिहासिक जीत पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा कि यह जनादेश प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व पर भरोसा और समर्पित कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम का परिणाम है।

वहीं लखीमपुर लोकसभा प्रभार के सभी भाजपा प्रत्याशियों की जीत हुई है। उप मुख्यमंत्री श्री साव ने कहा कि, पश्चिम बंगाल की जनता ने अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और परंपराओं को सम्मान देते हुए भाजपा पर भरोसा जताया है। उन्होंने कहा कि, स्वामी विवेकानंद, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, रविन्द्रनाथ टैगोर और नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की पावन धरती के गौरव को पुनर्स्थापित करने और 'सोनार बांग्ला' के संकल्प को साकार करने के लिए भाजपा पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करेगी। श्री साव ने कहा कि यह विजय पार्टी के समर्पित कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम, त्याग और संघर्ष से मिली है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं और उनके परिवारों के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए इस जीत को राष्ट्रहित की जीत बताया।

आर्सेलर मित्तल समेत 6 उद्योगपति लगाएंगे बस्तर में प्लांट, अडानी ने मांगी सरगुजा में जमीन

रायपुर 5 मई । छत्तीसगढ़ एक ऐसा राज्य जो कहलाता तो छोटा और पिछड़ा राज्य है लेकिन यहां खनिज का भंडार भरा पड़ा है। छत्तीसगढ़ उद्योगपतियों की पहली पसंद बन गया है। यहां पर पॉवर है, कोयला है और लोहा समेत कई खनिज संपदा है। बड़े उद्योगपतियों के यहां पर कई प्लांट हैं लेकिन फिर भी उनमें नए उद्योग खोलने की होड़ मची हुई है। आदिवासियों के विरोध के बाद भी उद्योगपति छत्तीसगढ़ खोदने पर आमादा हैं।

सरकारी रिकॉर्ड के अनुसार 100 से ज्यादा उद्योगपति छत्तीसगढ़ में अपना उद्योग डालना चाहते हैं। इसके लिए सरकार ने उनको न्यौता दिया है। सरकार और उद्योगपतियों के बीच एमओयू या इन्विटेशन टू इन्वेस्ट भी साइन हो चुका है। आर्सेलर मित्तल समेत 6 उद्योगपति बस्तर में प्लांट लगाने जा रहे हैं। अडानी अपनी कैमिकल फैक्टरी के लिए सरगुजा में जमीन मांगी है। वहीं जिंदल को रायगढ़ में जगह चाहिए। जो उद्योग लगने वाले हैं उनमें सबसे ज्यादा उर्जा और स्टील इंडस्ट्री शामिल हैं।

छत्तीसगढ़ में एक बार फिर बड़े उद्योगों की आवक की आहट तेज हो गई है। खनिज संपदा से भरपूर इस राज्य पर उद्योगपतियों की नजर है। 100 से अधिक उद्योगपति प्रदेश में निवेश की इच्छा जता चुके हैं। सरकार की ओर से भी इन्हें आमंत्रित किया गया है और कई कंपनियों के साथ एमओयू या इन्विटेशन टू इन्वेस्ट साइन किए जा चुके हैं।

सबसे बड़ी बात यह है कि आर्सेलर मित्तल समेत छह बड़े उद्योग समूह बस्तर क्षेत्र में प्लांट स्थापित करने की तैयारी में हैं। बस्तर जो लंबे समय से आदिवासी बाहुल्य और संवेदनशील क्षेत्र माना जाता रहा है। अब औद्योगिक निवेश में आगे आ गया है। यहां प्रस्तावित परियोजनाएं मुख्य रूप से स्टील और ऊर्जा क्षेत्र की हैं। यह सभी बड़े उद्योग हैं। अडानी समूह ने सरगुजा क्षेत्र में केमिकल फैक्ट्री या दूसरे उद्योग स्थापित करने के लिए जमीन की मांग की है।

PICTURE-स्टोरी

रायपुर 5 मई । भाजपा की ऐतिहासिक जीत पर वित्तमंत्री ओपी चौधरी के शासकीय निवास, एकात्म परिसर और जय स्तंभ चौक पर व्यापार प्रकोष्ठ और भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ खुशी मनाते हुए झारमुड़ी का वितरण किया गया।

कार्रवाई | **आरोपी शिक्षक और क्लर्क गिरफ्तार**

सरकारी नौकरी लगाने के नाम पर 34 लोगों से डेढ़ करोड़ की ठगी

रायपुर,5 मई। सरकारी नौकरी लगाने के नाम पर 34 लोगों को फर्जी नियुक्ति पत्र थमाकर लगभग 1.5 करोड़ रुपए की ठगी करने वाले आरोपियों को रायपुर ग्रामीण पुलिस ने गिरफ्तार किया है. आरोपी राजेश शर्मा सरकारी शिक्षक हैं, वहीं दूसरा आरोपी मनोज कुमार श्रीवास्तव प्रायवेट स्कूल में क्लर्क है. जानकारी के अनुसार, प्रार्थी राजपाल बघेल ने 24 अप्रैल को राखी थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि सामान्य प्रशासन विभाग, छत्तीसगढ़ शासन के नाम से 5 मार्च का एक फर्जी आदेश निकाला गया, जिसमें परिवहन, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन, वन एवं जलवायु परिवर्तन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा स्कूल शिक्षा विभाग में अभ्यर्थियों की नियुक्ति संबंधी अनुशंसा दर्शायी गई थी. इसे सोशल मीडिया (व्हाट्सएप) के माध्यम से प्रसारित किया जा रहा है. आदेश में सचिव एवं उप सचिव के डिजिटल हस्ताक्षर का दुरुपयोग किया गया था. साथ ही उक्त फर्जी आदेश के माध्यम से अज्ञात व्यक्ति द्वारा लोगों को नौकरी दिलाने का झांसा देकर उनसे अनाधिकृत रूप से धन की मांग एवं वसूली की जा रही है. प्रार्थी की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध थाना राखी में अपराध क्रमांक 76/2026 धारा 318(4) भारतीय न्याय संहिता का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक रायपुर ग्रामीण के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण तथा नगर पुलिस अधीक्षक नवा रायपुर के मार्गदर्शन में एक विशेष टीम गठित की गई। टीम द्वारा तकनीकी साक्ष्यों का संकलन करते हुए तथा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म (व्हाट्सएप) के माध्यम से प्रसारित फर्जी आदेश के स्रोत का पता लगाते हुए अज्ञात आरोपी की पहचान राजेश शर्मा उर्फ राजू के रूप में की गई, वहीं उसकी उपस्थिति डोंगरगढ़ में पाई गई. टीम ने डोंगरगढ़ पहुंचकर आरोपी राजेश शर्मा को पकड़कर पूछताछ की. आरोपी ने बताया कि कर्ज चुकाने के लिए पैसा हासिल करने लोगों को सरकारी नौकरी दिलाने का झांसा देकर ठगी करने की योजना बनाई.

इस योजना में उसने अपने साथी मनोज कुमार श्रीवास्तव को भी शामिल किया. योजना के तहत दोनों आरोपियों ने सामान्य प्रशासन विभाग के नाम से कंप्यूटर में फर्जी नियुक्ति आदेश तैयार किया, जिसे राजेश शर्मा ने अपने मोबाइल के जरिए व्हाट्सएप पर प्रसारित कर कई लोगों को ठगी का शिकार बनाया।

जांच में यह भी सामने आया कि आरोपियों ने भिलाई निवासी एक महिला से नौकरी लगाने के नाम पर 1,90,000 रुपए की राशि ली थी, जिसे बाद में वापस कर दिया गया. शिकायत सामने आने के बाद आरोपी ने फर्जी आदेश को आगे प्रसारित करना बंद कर दिया. दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से कंप्यूटर एवं प्रिंटर जब्त कर उनके विरूद्ध प्रकरण में धारा 319(2), 336(3), 3(5) भारतीय न्याय संहिता एवं 66(डी) आईटी एक्ट की धाराएं जोड़कर कार्रवाई की गई।

ऑपरेशन तलाश के तहत मिले 4056 गुमशुदा व्यक्ति

रायपुर 5 मई । पुलिस महानिदेशक श्री अरुण देव गौतम के निर्देशन में छत्तीसगढ़ पुलिस द्वारा गुमइंसानों की पतासाजी हेतु ÷ऑपरेशन तलाश÷ अभियान दिनांक 01 अप्रैल से 30 अप्रैल, 2026 तक चलाया गया। इस अभियान के माध्यम से उल्लेखनीय सफलता हासिल करते हुए छत्तीसगढ़ पुलिस द्वारा कुल 4056 गुमशुदा लोगों को खोज निकाला गया है, जिसमें 545 गुमशुदा बच्चे और 3511 महिला एवं पुरुष शामिल हैं। राज्य पुलिस द्वारा समय-समय पर गुमइंसानों की पतासाजी हेतु विशेष अभियान चलाये जाते हैं, इसी अनुक्रम में ÷ऑपरेशन तलाश÷ का संचालन किया गया। इस संबंध में पुलिस मुख्यालय द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुरूप सभी जिलों में पुलिस अधीक्षकों और नामांकित नोडल अधिकारियों ने अभियान को गंभीरता से लेते हुए इसे प्रभावी ढंग से क्रियान्वित किया। अभियान के दौरान विशेष गठित पुलिस टीमों द्वारा हर संभावित स्थानों पर सघन तलाशी अभियान चलाया गया, जिसके परिणामस्वरूप एक माह के भीतर ही 75 बालक, 470 बालिका, 972 पुरुष एवं 2539 महिलाओं सहित 4056 गुमशुदा व्यक्तियों का पता लगाया गया।

इस अभियान की एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि यह रही कि 182 गुमशुदा व्यक्तियों जिसमें 03 बालक, 63 बालिका, 13 पुरुष एवं 103 महिला को अन्य राज्यों जैसे महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, तेलंगाना, बिहार, मध्यप्रदेश, गुजरात, राजस्थान, झारखंड, तमिलनाडु और हिमाचल प्रदेश से खोजकर वापस लाया गया। अभियान के दौरान दुर्ग से 683, बिलासपुर से 648 एवं रायपुर से 426 सर्वाधिक गुम इंसानों की पतासाजी कर इस अभियान की सफलता में उल्लेखनीय योगदान दिया है।

पुलिस द्वारा सभी बरामद बच्चों, महिलाओं एवं पुरुषों को विधिवत उनके परिजनों से मिलाया गया, जिससे लोगों में पुलिस के प्रति विश्वास बढ़ा है। यह सफलता छत्तीसगढ़ पुलिस की संवेदनशीलता, प्रतिबद्धता और जवाबदेही का सशक्त उदाहरण है।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26